www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 28 अप्रैल , 2024

वर्ष – 17 | अंक –22 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस के ... पृष्ठ 02

■ अरविंद केजरीवाल को बहुत प्यार करती है दिल्ली...
■ 'आप' का केंद्रीय वॉर रूम तैयार, चुनाव प्रचार को... 03

■ 'राफा पर हमले से पहले इजराइल ने बंधक समझौते को...
■ चीन और अमेरिका में पांच मुद्दों पर बनी सहमति 07

साहित्य
जोया देसाई कॉटेज पृष्ठ 06

इंडिया गठबंधन के नवोदित प्रत्याशी राजग के सांसदों को देंगे चुनौती पृष्ठ 10

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति एक मई को करेंगीं रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** एक मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या दौरे पर रहने वाली है। बता दें कि एक मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शाम 4 बजे महर्षि वाल्मिकी एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति शाम को सरयू आरती में शामिल होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रामलला का दर्शन भी करेंगी, जिसके बाद राष्ट्रपति शाम 7 बजे लखनऊ के लिए रवाना होंगी।

### हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत



**रांची।** झारखंड में जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से अपने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रियाकर्म में शामिल होने के लिए दाखिल अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने सोरेन को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी।

### श्रीनगर नाव हादसे में मृतकों की संख्या आठ हुई



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में झेलम नदी में नाव पलटने की घटना के 12 दिन बाद एक बालक का शव बरामद किया गया, जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या आठ हो गई। लापता बालक का शव नूरबाग श्रीनगर के पास बरामद किया गया। मृतक हाजिक के पिता शौकत अहमद शेख अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है।

### हेलीकॉप्टर में फिसलने से ममता घायल

**दुर्गापुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान लड़खड़ाकर गिर गईं। यह हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गईं थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलिकॉप्टर में चढ़ रही थीं।

असम के बारपेटा में चुनावी रैली में बोले खड़गे

# मोदी की झूठ की फैक्ट्री नहीं चलेगी

**बारपेटा, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनकी पार्टी के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी भारतीय जनता पार्टी के दावे को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि मोदी की झूठ की फैक्टरी हमेशा नहीं चलेगी। असम में बारपेटा जिले के कयाकूचि में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और 65 प्रतिशत शिक्षित युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन निश्चित रूप से सत्ता में आएगा और भाजपा को रोकेगा। हमारी सरकार बनने पर, हम महंगाई को काबू करेंगे और हमारा ध्यान गरीब लोगों पर होगा। हम सरकारी विभागों में 30 लाख रिक्तियां भरेंगे। खड़गे ने मोदी पर सालाना दो करोड़ नौकरियां देने, कालाधन वापस देश में लाने और हर व्यक्ति को 15 लाख रुपए देने तथा किसानों की आय दोगुनी करने के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने यहां तक कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताया और इस बारे में झूठ बोला। मोदी ने उत्तर प्रदेश के आगरा में एक चुनावी रैली में कहा था कि इस चुनाव में कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उस पर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग की छाप है।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी घोषणापत्र को लेकर भाजपा के दावों को किया खारिज**



**देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और 65 प्रतिशत शिक्षित युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं : मल्लिकार्जुन खड़गे**

## एक अंकल जी दरबार लगाकर दे रहे ज्ञान : प्रियंका गांधी



*__वलसाड।__ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने गप्पबाज अंकल की कहानी सुनाकर प्रधानमंत्री की बयानबाजी पर चुटकी ली। प्रियंका गांधी ने कहा कि हर परिवार में शादी के समय एक अंकल जी होते हैं जो बैठकर सबको ज्ञान देते रहते हैं। एक दिन अंकल जी कहने लगें कि कोई सरकार आएगी और एक्सरे मशीन से ढूंढकर आपके गहने चुरा ले जाएगी। तो आप क्या करते हंसते न। आज देश के प्रधानमंत्री अपने पद की गंभीरता को आधार बनाकर ऐसी बकवास बातें आपसे कर रहे हैं। क्या ये सच हो सकता है। उन्होंने कहा कि इनका सीना 56 इंच का नहीं है, हमारे सीने लोहे के हैं। प्रियंका ने मोदी के मंगलसूत्र वाले बयान पर भी जवाब दिया और कहा कि वह अब लोगों को चेतावनी दे रहे हैं कि कांग्रेस एक्स-रे मशीन के साथ उनके घरों में घुसकर तलाशी लेगी, फिर आपके गहने और साथ ही तिजोरियों में रखे मंगलसूत्र भी छीन लेगी और दूसरों को दे देगी। क्या यह भी संभव है क्या वह घबराहट के कारण ऐसा कर रहे हैं।*

## भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उज्ज्वल निकम को उतारा



**पूनम महाजन का टिकट कटा**

**मुंबई।** भाजपा ने मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उम्मीदवार बनाया है। निकम 26/11 मुंबई हमले के पाकिस्तान के आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिला चुके हैं। निकम 1992 के मुंबई ब्लास्ट मामले में भी सरकारी वकील थे। भाजपा ने 2019 में मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से भाजपा नेता दिवंगत प्रमोद महाजन की बेटी पूनम को टिकट दिया था। पूनम अभी सांसद हैं। मौजूदा सांसद पूनम महाजन का टिकट कटा गया है। पूनम महाजन ने कांग्रेस की प्रिया दत्त को हराया था। पूनम महाजन 2006 में पिता प्रमोद महाजन की हत्या के बाद भाजपा में शामिल हुई थीं। 2009 में पहली बार घाटकोपर वेस्ट से सांसद चुनाव लड़ीं, लेकिन हार गईं। 2014 में मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से उन्होंने कांग्रेस की प्रिया दत्त को हराया।

## तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा विपक्ष : मोदी



**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे विकास के ट्रैक रिकॉर्ड वाले एनडीए का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी, और इसलिए वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बाल ठाकरे को याद कर उद्धव ठाकरे पर भी हमला बोला। विपक्ष पर बरसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि याकूब मेमन की कब्र को संवारने वाले लोग से आप कोल्हापुर, महाराष्ट्र का भाग्य बदलने की उम्मीद नहीं कर सकते।

## उत्तराखंड में आग से लाखों की वन संपदा खाक



■ वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने बुझाई आग
■ मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने अधिकारियों संग की बैठक

**हल्द्वानी, 27 अप्रैल (देशबन्धु)।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग विकराल रूप लेती जा रही है। जंगल की आग पर काबू पाने में वन विभाग के पसीने छूटे। इस साल वनाग्नि में अभी तक लाखों रुपए की वन संपदा जलकर खाक हो चुकी है। वहीं वन्य जीवों की जान को भी खतरा बना हुआ है। यही कारण है कि अब जंगलों की आग पर काबू पाने के लिए सेना की मदद ली जा रही है। एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर से जंगलों में पानी बरसाया जा रहा है, ताकि जंगलों की आग पर काबू पाया जा सके। शनिवार सुबह वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी भरा और नैनीताल जिले के पाइंस क्षेत्र में आग बुझाई।

दरअसल, नैनीताल शहर से लगे पाइंस, भूमियाधार, ज्योलिकोट, नारायणनगर, भवाली, रामगढ़ और मुक्तेश्वर आदि के जंगल बीते कई दिनों धधक रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद भी वन विभाग, फायर ब्रिगेड और प्रशासन वनाग्नि पर काबू नहीं पा रहे हैं। वहीं जंगलों की आग अब धीरे-धीरे रिहायशी इलाकों की तरफ बढ़ रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन के आलाधिकारियों के साथ बैठक की और वायु सेना से मदद लेने का निर्णय लिया। उत्तराखंड सरकार के निवेदन पर शुक्रवार शाम को वायुसेना का एमआई-17 हेलीकॉप्टर नैनीताल पहुंचा। शनिवार को हवा और पानी की व्यवस्था देखने के बाद लगभग सुबह सात बजे वायुसेना ने अपना मिशन शुरू किया।

### आग से कुमाऊं मंडल खासा प्रभावित

आग से कुमाऊं मंडल खासा प्रभावित है। गढ़वाल मंडल में शुक्रवार शाम तक 211 जबकि कुमाऊं मंडल में 313 घटनाएं दर्ज की गई हैं। कुमाऊं मंडल में 395.92 हेक्टेअर क्षेत्रफल वनाग्नि के चलते प्रभावित हुआ है। वन महकमे की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कुमाऊं मंडल में 8.30 लाख का नुकसान हुआ है। प्रदेश में 24 घंटे में आग की अकेले 31 घटनाएं सामने आईं। इस दौरान कुमाऊं मंडल में 24 घटनाएं दर्ज की गईं।

ईडी के हलफनामे पर सुप्रीम कोर्ट में बोले केजरीवाल

# मनमानी कर रही जांच एजेंसी

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (देशबन्धु)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय के हलफनामे का जवाब दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले उन्हें जिस तरीके से गिरफ्तार किया गया, वह तरीका ईडी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ बताता है। शीर्ष अदालत में जवाब देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का कोई सबूत मौजूद नहीं है कि आम आदमी पार्टी ने दक्षिण के किसी समूह से फंड या रिश्वत ली हो। उन्होंने आगे कहा कि गोवा के चुनाव अभियान में इस धन का उपयोग करना दूर की बात है।



**रिश्वत के कोई सबूत नहीं, लगाए गए आरोप आधारहीन : अरविंद केजरीवाल**

### ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को किया था गिरफ्तार

प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें एक अप्रैल से न्यायिक हिरासत में लिया गया। बीते दिनों कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी थी। केजरीवाल की ही पार्टी के मनीष सिसोदिया भी दिल्ली शराब घोटाला केस में करीब डेढ़ साल से तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## मणिपुर में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

**इम्फाल, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** मणिपुर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के ठीक छह घंटे बाद शुक्रवार-रविवार रात विष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए। घटना में दो जवान घायल भी हुए हैं। इनका इलाज इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में चल रहा है। मणिपुर पुलिस के मुताबिक, कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने देर रात 12:30 बजे से लेकर 2:15 बजे के दौरान मैतेई बहुल गांव नारानसैना की ओर फायरिंग की और 4 बम भी फेंके। यहां सीआरपीएफ की चौकी के अंदर दो धमाके हुए।



**कुकी उग्रवादियों ने केंद्रीय बल की चौकी पर बम फेंका**

## यूपी-बिहार में पांच दिन तक लू का अलर्ट

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)।** देश में तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने बिहार, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए शनिवार से अगले पांच दिनों तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के कुछ जिलों में तापमान 42 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया।

सख्ती | जाति आधारित सम्मेलन पर चुनाव आयोग की नजर

# जाति शब्द के इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में लोकसभा का चुनाव चल रहा है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो चुनावों में जातिगत समीकरणों का अपना खास योगदान होता है। किसी भी चुनाव को हराने या जिताने में उत्तर प्रदेश में जातियां विशेष महत्व रखती हैं। इसी कारण अलग-अलग राजनीतिक दल और अलग-अलग प्रत्याशी जाति आधारित सम्मेलनों को करते हैं और उनसे संपर्क भी करते हैं जो कि मूलत: आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है।**

इसी कारण चुनाव आयोग की इस पर पैनी नजर रहती है। यूपी चुनाव आयोग ने जाति आधारित सम्मेलन न हो या किसी आयोजन में जाति शब्द का इस्तेमाल न हो इसके कारण हर सभा, सम्मेलन और पंचायत की वीडियोग्राफी का आदेश दिया है। साथ ही किसी भी जगह सभा में जाति संबंधित बातें की जाती है तो उन सभी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के लिए कर्मचारियों और जिले के पुलिस कप्तानों को इस बाबत आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने इस बाबत एक पत्र भी जारी किया है। जिसमें चुनाव की घोषणा के बाद किसी भी जाति, धर्म या भाषा पर आधारित सम्मेलनों पर आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई करने को कहा है। बता दें कि हाईकोर्ट ने 2013 में जाति आधारित रैलियों पर अंतरिम रोक लगा दी थी। चुनाव आयोग ने जाति आधारित सम्मेलनों एवं पंचायतों पर पैनी नजर रखने के साथ ही उनके वीडियोग्राफी कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।




■ जाति आधारित सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराने के दिए आदेश



उल्टा पुल्टा

मरीज : डॉक्टर साहब मैं घर जाने के लिए सीढ़ियां चढ़ता हूं, तो रोजाना मेरी सांस फूलने लगता है।
डॉक्टर : मैं कुछ दवाई दे रहा हूं, उन्हें समय पर खाना और रोजाना व्यायाम करना।
मरीज : डॉक्टर साहब मैं रोज फुटबाल और क्रिकेट खेलता हूं।
डॉक्टर : कब और कितनी देर खेलते हो।

# अरविंद केजरीवाल को बहुत प्यार करती है दिल्ली की जनता : सुनीता केजरीवाल

■ सीएम केजरीवाल को जेल भेजने का जवाब वोट से देने की अपील के साथ सुनीता केजरीवाल का पहला रोड शो

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने का जवाब वोट से देने की अपील के साथ शनिवार को सुनीता केजरीवाल का दिल्ली में पहला रोड शो हुआ। सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुलदीप कुमार के समर्थन में कल्याणपुरी में विशाल रोड शो किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं-समर्थकों में जबरदस्त जोश और जूनून देखने को मिला। उनके हाथों में पार्टी का झंडा, सीएम केजरीवाल का कटआउट और 'जेल का जवाब वोट से' लिखी तख्तियां थी।

रोड शो के दौरान पांच प्वाइंट संविधान बचाओ, महिलाओं के लिए पिंक टिकट, तीर्थयात्रा, शिक्षा क्रांति और अनाधिकृत कॉलोनी बनाए गए थे, जहां मौजूद लोगों ने न सिर्फ सुनीता केजरीवाल का स्वागत किया। बल्कि उनका धन्यवाद भी किया कि केजरीवाल सरकार की वजह से उन्हें यह सारी सुविधाएं मिल पाईं। इस दौरान सुनीता केजीवाल ने दिल्लीवालों से कहा कि इन लोगों ने बिना आरोप साबित हुए जबरदस्ती अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल रखा है। आज भारत मां की यह बेटी आपसे विनती करती है। आप अपने वोट की ताकत से इस देश से तानाशाही को हटा दो और लोकतंत्र को बचा लो। कल्याणपुरी में विशाल रोड शो के दौरान सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इन लोगों ने महीने भर से जबरदस्ती जेल में डाल रखा है। अभी तक किसी कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को दोषी नहीं माना है। ये लोग कह रहे हैं कि जांच चल रही है। क्या यह जांच 10 साल चलेगी तो ये लोग अरविंद केजरीवाल को 10 साल जेल में रखेंगे। इससे पहले कोई तब जेल जाता था, जब अदालत उसे दोषी ठहरा देती थी। अभी इन्होंने एक नया सिस्टम निकाला है। ये कहते हैं कि जब तक जांच चलेगी, तब तक जेल में रहना पड़ेगा। यह तो इनकी सरासर गुंडगर्दी, तानाशाही है। अरविंद केजरीवाल को पिछले 22 साल से शुगर है और 12 साल से 50 यूनिट रोजाना इंसुलिन ले रहे हैं। जेल में इन्होंने अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन बंद कर दी। उनका शुगर लेवल 300 के उपर पहुंच गया। ऐसे तो अरविंद केजरीवाल की किडनी और लीवर खराब हो जाएगा। क्या ये लोग उनको जान से मारना चाहते हैं।



अरविंद केजरीवाल को महीने भर से जबरदस्ती जेल में डाल रखा है। अभी तक किसी कोर्ट ने दोषी नहीं माना है : सुनीता केजरीवाल

## इंडी गठबंधन की एकता के ढोल की पोल खुल गई : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की इंडी गठबंधन दलों के लोकसभा चुनाव के प्रचार के पहले बड़े कार्यक्रम में इंडी गठबंधन की एकता के ढोल की पोल खुल गई।

आज इंडी गठबंधन के प्रमुख दल आम आदमी पार्टी ने पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में सुनिता केजरीवाल के रोड़ शो का आयोजन किया पर उसमे गठबंधन सहयोगी कांग्रेस का एक भी नेता नही पहुंचा। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद्र सिंह लवली, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित एवं दिल्ली कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल चौधरी पूर्वी दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं पर उन्होने आज सुनीता केजरीवाल से दूरी बना के रखी। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की इंडी गठबंधन केवल सीट बटवारे तक ही सीमित है। क्योंकि लोकसभा चुनाव के मात्र 7 माह बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव है और ऐसे में कोई भी आम आदमी पार्टी विधायक नही चाहता की उनके क्षेत्र का कोई कांग्रेस नेता फिर से सक्रिय हो या जमीन पर लोगों से जुड़े। इसी तरह जो दो चार कांग्रेस नेता जमीन पर सक्रिय हैं वह अपने समर्थकों को आम आदमी पार्टी विधायकों एवं सांसद प्रत्याशी के सम्पर्क में नही आने देना चाहते। कपूर ने कहा है यह इंडी गठबंधन जिस तरह अलग अलग दिशा में चल रहा है बहुत मुमकिन है 25 मई से पहले दम तोड़ देगा।

■ आप के रोड शो में कांग्रेस के शामिल नहीं होने पर भाजपा ने साधा निशाना



## 'आप' का केंद्रीय वॉर रूम तैयार, चुनाव प्रचार को मिलेगी धार

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान को मजबूत धार देने के लिए आम आदमी पार्टी का केंद्रीय वॉर रूम तैयार है।

पार्टी मुख्यालय में स्थापित वॉर रूम का उद्घाटन दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने फीता काट कर दी। इंडिया गठबंधन के बैनर तले 'आप' दिल्ली की चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने इन चारों लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी कैंपेन को कोऑर्डिनेट करने के लिए एक-एक प्रभारी बनाया है। वॉर रूम में सोशल, डिजीटल, मीडिया, मैनेजमेंट, डाटा मैनेजमेंट, रिसर्च, लॉजिस्टिक और लीगल टीम समेत 12 सेक्शन बनाए गए हैं। गोपाल राय का कहना है कि शनिवार से पार्टी के चुनावी अभियान के तीसरे चरण की शुरूआत हो रही है। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से सुनीता केजरीवाल रोड शो कर इसकी शुरूआत करेंगी। इस बार आम आदमी पार्टी नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता चुनाव लड़ रही है। दिल्लीवाले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देने के लिए तैयार हैं। वॉर का उद्घाटन करने के पश्चात आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि आज से वॉर रूम लॉन्च किया गया है। इस वॉर रूम से लोकसभा चुनाव के कैंपेन को और व्यवस्थित तरीके से तेज गति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। दिल्ली में पहले चरण में चार सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी लड़ रहे हैं। ये सीटें पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली लोकसभा की हैं। इन चारों लोकसभा सीटों पर हमने पहले चरण में डोर टू डोर कैंपेन शुरु किया था।




चुनावी गतिविधियों को व्यवस्थित तरीके से देखरेख करने के लिए इस वॉर रूम का उद्घाटन किया गया है : गोपाल राय

## सार संक्षेप

### किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के शोरूम का शुभारम्भ

नई दिल्ली। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने कबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली में अपने विशेष शोरूम के उद्घाटन के साथ अपना रणनीतिक विस्तार जारी रखा है। यह किसना का दिल्ली में 5वां और पूरे भारत में 28वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। कबीर नगर, शाहदरा में फ्रेंचाइजी शोरूम का शुभारंभ किसना द्वारा अपने मार्केट का विस्तार और ग्राहकों पर केंद्रित विकास रणनीतियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हरी कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और एम.डी. घनश्याम ढोलकिया ने अपने इस एक्सक्लूसिव ब्रांड शोरूम की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली में हमारे विशेष शोरूम के उद्घाटन के साथ, हम नए अवसरों को भुनाने के लिए तैयार हैं, जिससे हमारी उपस्थिति और मजबूत होगी। हर घर किसना के विजन के साथ, हमारा लक्ष्य भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला डायमंड ज्वेलरी ब्रांड बनना तथा हर महिला के हीरे के आभूषण खरीदने के सपने को पूरा करना है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के डायरेक्टर पराग शाह ने कहा कि कबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली में हमारे फ्रेंचाइजी शोरूम का लॉन्च किसना के सफर में एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह शोरूम स्थानीय लोगों की अलग-अलग पसंद और खरीददारी के तरीकों को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार किया गया है। मार्केट रिसर्च और कस्टमर ट्रेंड की अच्छी समझ के जरिए, किसना का लक्ष्य शाहदरा के ग्राहकों को पहली नजर में पसंद आने वाले प्रोडक्ट्स की पेशकश करना और व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करना है।



### शोभा डे ने वाईएफएलओ की अनलीशिंग माइंड-बॉडी-सोल श्रृंखला का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** लेखिका शोभा डे और सोशल मीडिया हस्ती मासूम मीनावाला ने हाल ही में यंग फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन वाईएफएलओ के दिल्ली चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य मंच संभाला, जिससे महिला सशक्तिकरण और आकांक्षा पर चर्चा की। शोभा डे ने आगामी कार्यों के साथ नए साहित्यिक क्षेत्रों में कदम रखने की अपनी प्रत्याशा साझा की। पत्रकारिता से लेकर बेस्टसेलिंग उपन्यासों तक, डे की यात्रा ने दर्शकों को प्रभावित किया। क्योंकि उन्होंने सामाजिक गतिशीलता और व्यक्तिगत आख्यानों में गहराई से प्रवेश किया है। उनकी नवीनतम रचना, 'इनसैटिएबलः माई हंगर फॉर लाइफ', बचपन की यादों को अनुभवों के महत्व के साथ जोड़ती है, जो जीवन के स्वादों पर एक मार्मिक प्रतिबिंब प्रस्तुत करती है। अपनी डिजिटल उपस्थिति और महिला सशक्तिकरण की वकालत के लिए मशहूर मासूम मीनावाला ने अपनी नवीनतम पुस्तक शी विल नेवर मेक इट का अनावरण किया। महिलाओं को सामाजिक मानदंडों को तोड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, मीनावाला ने उनसे अपने सपनों की ओर अपना रास्ता बनाने का आग्रह किया।

## डेढ़ हजार सिख हुए भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली और पंजाब में अगले महीने छठे चरण में मतदान होगा। इससे पहले भाजपा को आज बडी कामयाबी मिली है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में शनिवार को तकरीबन डेढ हजार सिख एक साथ भाजपा में शामिल हो गए। इनमें दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के भी कई सिख नेता शामिल रहे। इसे पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के लिए बडा झटका माना जा रहा है। जो कि राष्ट्रीय राजधानी में अपना कैडर बनाने की कोशिश कर रहा हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस मौके पर कहा कि लोगों ने सिखों के साथ सिर्फ राजनीति की है। वास्तविकता यह है कि सिखों के लिए किसी ने काम किया है तो वह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। प्रधानमंत्री ने पंजाब में प्रभारी के रूप में भाजपा के लिए काम किया हैं। इसलिए उन्हें सिखों से लगाव है। उन्होंने भाजपा द्वारा सिख समुदाय के लिए किए गए कामों की भी चर्चा की। वहीं पार्टी के सचिव मनजिंदर सिरसा ने 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहाकि 1947 से लगातार सिखों पर अत्याचार हुए निर्दोष सिखों की हत्या की गई।




■ भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ अन्य नेताओं को पार्टी में शामिल कर तस्वीर साझा करते हुए।
फोटो इम्तियाज खान

## इमारत में लगी आग, फायर विभाग ने पाया काबू

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में मंडोली गांव के अंदर एक इमारत की पहले मंजिल पर भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग पटाखे या ज्वलनशील पदार्थ के चलते लगी। इस मामले की जांच पुलिस कर रही है।

■ पटाखे व ज्वलनशील पदार्थ के चलते लगी आग

मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब ग्यारह बजे फायर विभाग को सूचना मिली कि दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में बड़ी मस्जिद के पास मंडोली गांव में एक इमारत में आग लग गई है। सूचना पर फायर विभाग के कर्मचारी दो फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम किया गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि इमारत की पहली मंजिल पर आग लगी थी। यह इमारत अजीजुल्ला की है, जिनका इलाज अभी सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है।

## जश्न-ए-मतदान मनाकर किया गया मतदाताओं को जागरूक

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिणी दिल्ली स्थित कुतुब मीनार परिसर में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए जश्न-ए-मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दक्षिणी दिल्ली जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मतदाता शिक्षा और भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में दक्षिणी दिल्ली के जिला निर्वाचन अधिकारी मेकला चैतन्य प्रसाद और डीसीपी अंकित चौहान के अलावा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। इस अवसर पर दिल्ली के सीईओ पी कृष्णमूर्ति ने सभी मतदाताओं को चुनाव में भाग लेने और वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दिल्ली में कम मतदान प्रतिशत का एक कारण शहरी उदासीनता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से मतदान के माध्यम से राष्ट्र के लिए योगदान देने और 25 मई को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। जश्न-ए-मतदान कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भरा हुआ था, जिसमें मतदाता साक्षरता पर केंद्रित एक नाटक भी शामिल था, जिसने हर एक वोट के महत्व पर शक्तिशाली संदेश दिए। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों ने मैं भारत हूं, की प्रेरक धुन पर एक जीवंत सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन का आनंद लिया।

■ कुतुब मीनार परिसर में कार्यक्रम आयोजित

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर जागरूकता के लिए सेमिनार आयोजित

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सूर्या फ़ाउण्डेशन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर जागरूकता लाने के लिए 27.04.2024 को एक सेमिनार आयोजित किया।

एनसीईआरटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं अनेक पुस्तकों के सुप्रसिद्ध लेखक डॉ. एच.एल. शर्मा ने सेमिनार में आए हुए अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल छोटे बच्चों के बस्ते का बोझ और उनके माथे पर चिंता की रेखाओं को बार-बार देखकर द्रवित हो जाते थे। इसके समाधान के लिए उन्होंने शिक्षाविदों की एक बैठक में बच्चों के बस्ते का बोझ एवं मानसिक तनाव कम करने के लिए एक कक्षा-एक किताब परियोजना के तहत कक्षा-एक से पांच तक पुस्तकों की रचना करने का प्रस्ताव रखा। सभी शिक्षाविदों एवं विषय विशेषज्ञों प्रो. चन्द्रभूषण, श्री गंगादत्त शर्मा प्रभाकर द्विवेदी, शांतिस्वरूप रस्तोगी, टी. आर. गुप्ता, डॉ. गुज्जरमल्ल वर्मा, प्रो. डी. पी. नैयर आदि ने प्रो. एच. एल. शर्मा के संयोजन में सूर्य भारती पुस्तकों की रचना की। इन पुस्तकों को अब एनईपी- 2020 के अनुरूप संशोधित किया जा चुका है। इन पुस्तकों का उपयोग करने के पश्चात् विद्या भारती, सनातन धर्म शिक्षा समिति आदि शिक्षा संस्थानों ने मुक्त कंठ से इनकी प्रशंसा करते हुए अपना फ़ीडबैक दिया है। सेमिनार की मुख्य वक्त्री प्रो. शरद सिन्हा ने बताया कि टेक्नालॉजी का सही उपयोग लाभदायक है किन्तु आजकल बच्चे इन्डिस्क्रिमिनेट्ली मोबाइल, टेब्लेटेट आदि का उपयोग करते हैं जिससे उनमें एकाग्रता की समयावधि अटेंशन स्पैन में कमी आती है।



## किसी को वोट देने के लिए उसका वोट मांगना जरूरी : अशोक लवासा

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने बिना मतदान किसी को निर्विरोध निर्वाचित किए जाने की मौजूदा व्यवस्था पर सवाल खडा किया हैं। सूरत लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने पर उन्होंने कहाकि जनप्रतिनिधित्व की ऐसी प्रणाली जिसमें किसी को मतदाताओ के बिना निर्वाचित घोषित किया जाता है, पर पुनर्विचार की जरूरत है।

एक अंग्रेजी हिंदी दैनिक में प्रकाशित अपने लेख में लवासा ने सूरत की लोकसभा सीट का उल्लेख किया,जहां हाल ही में बिना मतदान कराए ही भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। उन्होंने लिखा कि अब एक व्यक्ति जिसके पास एक भी वोट नहीं है,वह पूरे निर्वाचन क्षेत्र की ओर से कानून बनाने के लिए संसद में बैठेगा। उन्होंने लिखा कि वॉकओवर की प्रणाली आदर्श नहीं होनी चाहिए और इस पर व्यापक बहस की जरूरत है। मालूम हो कि यह वही लवासा है, जो कि 2019 के चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पीएम मोदी और अमित शाह को दिए गए क्लीन चिट से सहमत नहीं थे।

## यूपीएससी में 15वीं रैंक प्राप्त करने वाले कुणाल रस्तोगी को किया सम्मानित



■ कुणाल ने की अपने माता-पिता व शिक्षकों की सराहना

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए भारत के प्रमुख संस्थान राऊज़ आई.ए.एस. स्टडी सर्कल ने यूपीएससी 2023 परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 15 प्राप्त करने वाले कुणाल रस्तोगी को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान समारोह की मेजबानी की। राऊज़ आईएएस स्टडी सर्कल परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में बी.एल. वोहरा, सेवानिवृत्त आई.पी.एस. अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होने कुणाल के पिता पुनीत रस्तोगी को सम्मानित किया।

शाखा प्रमुख डी. पी. सिंह. ने कुणाल रस्तोगी को सम्मानित किया। पुनीत रस्तोगी, जो स्वयं एक प्रतिष्ठित आई.पी.एस. अधिकारी और वोहरा के पूर्व सहयोगी रहे हैं, अपने बेटे को मिले इस सम्मान से बेहद अभिभूत थे। कुणाल ने इस सम्मान समारोह के दौरान संबोधन में अपनी उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता एवं शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने इस बारे में अपने विचार साझा किए कि कैसे एक नए अभ्यर्थी को जल्दी शुरुआत करनी चाहिए और अच्छी तरह से एक संरचित अध्ययन योजना बनानी चाहिए। उन्होंने राऊज़ आई.ए.एस. के 'डेली न्यूज़ सिम्प्लिफाइड' वीडियो और 'कम्पास' पत्रिकाओं का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि समसामयिक घटनाक्रम करंट अफेयर्स जैसे बड़े तथा महत्वपूर्ण विषयों को कवर करने में इन्होनें एक अहम भूमिका निभाई। राऊज़ आई.ए.एस. स्टडी सर्कल के सी.ई.ओ. अभिषेक गुप्ता ने कुणाल रस्तोगी और उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, यू.पी.एस.सी. सिविल सेवा परीक्षा 2023 में अखिल भारतीय रैंक15 प्राप्त करने में कुणाल की उल्लेखनीय उपलब्धि उनके परिश्रम, समर्पण एवं असाधारण बुद्धि का प्रमाण है।

## पूर्वाग्रह निष्पक्ष व न्यायसंगत फैसलों के विरोधी : अदालत

**नई दिल्ली**, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में दिल्ली न्यायिक अकादमी के पाठ्यक्रम में लैंगिक समानता और सांस्कृतिक विविधता को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। फैसले मे कहा गया है, अक्सर किसी के दिमाग में छुपे पूर्वाग्रह निष्पक्ष, लिंग-संतुलित और न्यायसंगत निर्णय के दुश्मन होते हैं।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने इन पूर्वाग्रहों को खत्म करने महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा ये निष्पक्ष और न्यायसंगत फैसलों के विरोधी हैं। अदालत ने न्यायिक शिक्षा को कानूनी सिद्धांतों से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और विविध पृष्ठभूमियों और वास्तविकताओं की गहरी समझ का आग्रह किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि न्यायाधीशों पर यह सुनिश्चित करने की अत्यधिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति, लिंग की परवाह किए बिना, कानून के तहत उचित व्यवहार का हकदार है। न्यायाधीशों के लिए यह नहीं भूलना चाहिए कि निर्णय लिखते समय लिंग तटस्थ होने का विचार न केवल यह है कि निर्णय में प्रयुक्त शब्दावली और शब्द लिंग तटस्थ होने चाहिए, बल्कि इसका अर्थ यह भी है कि न्यायाधीश के दिमाग को लिंग तटस्थ होना चाहिए। लिंग या पेशे के आधार पर पूर्वकल्पित धारणाओं या पूर्वाग्रहों से मुक्त रहें।

न्यायाधीश ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 498ए और 34 के तहत एक पति और उसके परिवार के सदस्यों को अपराध से मुक्त करने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलट दिया। न्यायाधीश ने तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट का फैसला एक पुलिस अधिकारी के रूप में शिकायतकर्ता के पेशे के बारे में रूढ़िवादिता से अनुचित रूप से प्रभावित था। न्यायमूर्ति शर्मा ने अपने फैसले में कहा कि यह धारणा रखना, विशेष रूप से एक न्यायाधीश के लिए कि एक महिला पुलिस अधिकारी अपने पेशे के कारण व्यक्तिगत या वैवाहिक जीवन में पीड़ित नहीं हो सकती, अन्याय का एक रूप है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि न्यायिक प्रशिक्षण का उद्देश्य विभिन्न दृष्टिकोणों और अनुभवों की व्यापक समझ को बढ़ावा देना होना चाहिए। अदालत ने कहा कि इस तरह की पहल न्यायाधीशों को अधिक जानकारीपूर्ण और न्यायसंगत निर्णय देने में सक्षम बनाएगी, इससे कानूनी प्रणाली में जनता का विश्वास और भरोसा बढ़ेगा। फैसले में दिल्ली न्यायिक अकादमी के निदेशक (शिक्षाविद) से इन निर्देशों को लागू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।



पूर्वाग्रह अक्सर निष्पक्ष, लिंग-संतुलित व न्यायसंगत फैसले के दुश्मन होते हैं : दिल्ली हाईकोर्ट

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

सेक्टर-62 के ए-37 में भवन मास्टर्स इंफ्रा का प्रोजेक्ट का है। ये प्रोजेक्ट अंडर कंस्ट्रक्शन है। इसके 20वें फ्लोर पर काम चल रहा था। यहां बेलडिंग के दौरान शॉट सर्किट हुआ और आग लग गई। वहां चार मजदूर मौजूद थे। उन्होंने ही आग की सूचना फोन से दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गई। इसके बाद आग बुझाने का काम किया गया।

**प्रदीप चौबे, सीएफओ**

# एलिवेटेड के तीसरे चरण का काम शुरू

## करीब एक सप्ताह तक नहीं चल सकेंगे वाहन, इन रास्तों का करें प्रयोग





**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में एलिवेटेड रोड की मरम्मत के तीसरे चरण का काम शनिवार से शुरू हो गया। ऐसे में शनिवार से सेक्टर-61 से 31-25 तक के हिस्से में एलिवेटेड रोड पर करीब एक सप्ताह तक वाहन नहीं चल सकेंगे। वाहन एलिवेटेड रोड के नीचे से होकर सेक्टर-18 की ओर जा सकेंगे। सेक्टर-31-25 लूप से चढ़कर एलिवेटेड रोड के जरिये सेक्टर-18 की तरफ जा पाएंगे। सेक्टर-18 से 61 की तरफ आते समय एलिवेटेड रोड का रास्ता करीब 10 दिन पहले से ही बंद है। बता दें कि, मरम्मत कार्य 7 अप्रैल को शुरू हुआ था। पहले चरण में सेक्टर-18 से 24 एनटीपीसी तक, दूसरे चरण में सेक्टर-24 एनटीपीसी से सेक्टर-61 तक मरम्मत का कार्य किया गया। इस हिस्से में बिटुमिन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। मैस्टिक का बचा कार्य रात में किया जाएगा। इसे देखते हुए सेक्टर-18 से 61 की तरफ का हिस्सा रविवार या सोमवार को ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा।

### वाहन इन रास्तों से होकर जा सकेंगे

सेक्टर-67, फेज तीन की ओर से एलिवेटेड रोड का प्रयोग कर सेक्टर-18 की तरफ जाने वाले वाहन चालक सेक्टर-60 अंडरपास के पास से लेफ्ट टर्न लेकर सेक्टर-71-52 होते हुए सिटी सेंटर, सेक्टर-37 होते हुए जा सकेंगे।

सेक्टर-62 मॉडल टाउन से आकर एलिवेटेड रोड होकर सेक्टर-18 की तरफ जाने वाले लोग सेक्टर-71-52 होते हुए एमपी तीन मार्ग के होशियारपुर, सिटी सेंटर, सेक्टर-37 होकर जाएं। सेक्टर-71 की ओर से एलिवेटेड रोड होकर 18 की तरफ जाने वाले सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के सामने से सीधे सेक्टर-32 सिटी सेंटर, 37 होते हुए जाएं। किसान चौक, पर्थला सिग्नेचर ब्रिज से एलिवेटेड रोड होकर जाने वाले लोग सेक्टर-71 अंडरपास होकर सीधे सेक्टर-37 से गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

# निर्माणाधीन भवन के 20वीं मंजिल की छत पर लगी आग

**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक निर्माणाधीन कंस्ट्रक्शन साइट के 20वें फ्लोर पर भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियों को रवाना किया गया। गाजियाबाद नजदीक होने से वहां से भी दो गाड़ियों को बुलाया गया। इन गाड़ियां को इसलिए बुलाया गया क्योंकि आग काफी ऊंचाई पर लगी थी। लेकिन एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इसमें पाइप को हाइड्रोलिक की मदद से ऊपर ले जाया गया। इसके बाद पानी की बौछार की गई।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-62 के ए-37 में भवन मास्टर्स इंफ्रा का प्रोजेक्ट का है। ये प्रोजेक्ट अंडर कंस्ट्रक्शन है। इसके 20वें फ्लोर पर काम चल रहा था। यहां बेलडिंग के दौरान शॉट सर्किट हुआ और आग लग गई। वहां चार मजदूर मौजूद थे। उन्होंने ही आग की सूचना फोन से दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गई। इसके बाद आग बुझाने का काम किया गया। करीब एक घंटे की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया जा सका। कंस्ट्रक्शन मटेरियल और मशीन जलकर राख हो गई।

चारों मजदूर पहले ही नीचे आ गए थे। ऐसे में जनहानि नहीं हुई। 20वें फ्लोर पर आग लगी होने से गाजियाबाद से भी दमकल की गाड़ी मंगाई थी। लेकिन आग पर समय रहते ही काबू पा लिया गया। इस आग की लपटे कई किलोमीटर दूर से भी देखी जा सकती थी। बता दे गर्मी बढ़ने के साथ आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी है। इसलिए सावधानी और एहतियात बहुत जरूरी है।



- दमकल कर्मियों ने 1 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू
- वेल्डिंग के दौरान हुआ था शॉट सर्किट

## सार संक्षेप

### पत्नी से झगड़ा के बाद पति ने लगाई फांसी

**नोएडा।** सेक्टर-63 में एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि व्यक्ति का उसकी पत्नी के साथ विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि छिजारसी कॉलोनी में रहने वाले 37 वर्षीय वेद प्रकाश ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से बुलंदशहर जिले के डिबाई के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि मृतक की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक ने कोई सुसाइड नोट नहीं लिखा है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक के उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस वजह से उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदि था।

### अश्लील मैसेज से परेशान स्वास्थ्य कर्मी महिला ने पुलिस से की शिकायत

**दनकौर।** दनकौर कस्बा निवासी एक महिला स्वास्थ्य कर्मी व्हाट्सएप पर अज्ञात आरोपी द्वारा भेजे जा रहे अश्लील मैसेज से काफी परेशान है। जिसने इस संबंध में शनिवार को कोतवाली की साइबर सेल में पहुंचकर मामले की शिकायत की है। पीड़ित स्वास्थ्य कर्मी ने दनकौर पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह ग्रेटर नोएडा में स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात है। पीड़ित का कहना है पिछले काफी दिनों से उसके फोन पर अज्ञात आरोपी द्वारा व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजे जा रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि कई बार उसने आरोपी का नंबर ब्लॉक कर दिया है। उसके बावजूद भी दूसरे नंबर से उसको मैसेज किए जा रहे हैं। जिससे वह पिछले काफी दिनों से काफी परेशान है। पीड़ित ने इस संबंध में शनिवार को अपने परिवार के लोगों को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद परिवार के लोगों के साथ पहुंचकर पीड़ित ने कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के नंबर के आधार पर उसकी जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### दिव्यांग लोगों को लूटने वाला लुटेरा गिफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक 3 पुलिस ने एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी दिव्यांग लोगों को निशाना बनाकर लूटपाट करता है। आरोपी अक्सर नेत्रहीन लोगों को लिफ्ट देकर लूटता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे घटना में प्रयुक्त ऑटो, लूटा गया फोन आदि सामान बरामद किया गया है। पुलिस को दी शिकायत राजकुमार गिरी (नेत्रहीन व्यक्ति) ने थाना इकोटेक-3 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह और उसका दोस्त दिलीप पासवान उनकी पत्नी रेणुका (दोनों नेत्रहीन) हैं। 23 अप्रैल को वह दिल्ली की सामाजिक संस्था साईं सेवा ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध करायी गई खाद्य सामग्री लेने गए थे। वे दिल्ली से सम्मान के साथ मेट्रो ट्रेन से बॉटनिकल गार्डन पहुंचे। वहां से मेट्रो स्टाफ ने उन्हें ऑटो रिक्शा में बैठाया।

# पूर्व प्रधान के भतीजे ने एसीपी कार्यालय के बाहर खाया जहर, हड़कंप

## खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप

**गाजियाबाद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) लोनी कार्यालय के सामने शनिवार युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित का आरोपी है कि पुलिस पर खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। पुलिस में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एसीपी लोनी के कार्यालय के सामने शनिवार को एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या को प्रयास किया। युवक की तबियत बिगड़ गई। पुलिस ने तत्काल ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़ित प्रदीप बंसल के चाचा व पूर्व प्रधान रविंद्र बंसल ने खनन माफियाओं व उनके सहयोगियों पर परिवार का उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने शुक्रवार को इंटरनेट के माध्यम से शनिवार सुबह 11 बजे एसीपी कार्यालय में आत्मदाह करने का एलान किया था। रविंद्र बंसल का आरोप है कि पुलिस ने सुबह ही उन्हें थाने में बैठा लिया। उन्हें वाट्सएप समूहों से पता चला कि उनके भतीजे प्रदीप बंसल ने एसीपी कार्यालय के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। उधर एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुराने मुकदमों को लेकर दबाव बनाने के लिए युवक ने ऐसा किया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है।



# बीएसएफ के सेवानिवृत जवान ने बेटी के दोस्त को गोलियों से भूना

**गाजियाबाद,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बीएसएफ के एक रिटायर जवान ने एक छात्र की सनसनी के तरीके से गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक छात्र रिटायर जवान के बेटे का दोस्त था। पुलिस का कहना है कि इसी के चलते छात्र की हत्या की गई है। छात्र के सर में तीन गोलियां मार हत्या करने के बाद रिटायर जवान ने खुद ही पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रिटायर जवान को हिरासत में ले लिया है। साथ ही छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि मूलरूप से बलिया निवासी बीएसएफ का रिटायर जवान राजेश कुमार सिंह क्रॉसिंग रिपब्लिक में पैरामाउंट स्थित सिंफनी सोसायटी में रहता है। शनिवार की तड़के करीब 5:00 बजे उसने विपुल शर्मा (25 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी। विपुल के सर में तीन गोलियां लगी है। हत्या करने के बाद राजेश कुमार सिंह ने घटना की सूचना खुद ही पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही राजेश कुमार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ में राजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि विपुल शर्मा उसकी बेटी का दोस्त था। जो उसे पसंद नहीं था। इसी को लेकर आज सुबह विवाद हो गया था। जिसके बाद उसने विपुल हत्या कर दी। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।



खुद ही दी पुलिस को सूचना, पुलिस ने लिया हिरासत में

# एनसीआर में कम लांचिंग के बाद भी तेजी से बिक रही अनसोल्ड इन्वेंट्री

**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। एनरॉक की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार एनसीआर के मार्किट में सबसे तेजी से अनसोल्ड इन्वेंट्री (बिना बिके हुए फ्लैट) की बिक्री हुई है। 2024 के प्रथम तिमाही में लगभग 27 प्रतिशत अनसोल्ड इन्वेंट्री कम हुई है जो अन्य रियलिटी डेस्टिनेशन में सबसे ज्यादा है। इस कारण एनसीआर की अनसोल्ड इन्वेंट्री अभी अन्य शहरों की सबसे तुलना में सबसे कम रह गई है।

एनसीआर में नोएडा और ग्रेटर नोएडा आज भी घर खरीदारों की पहली पसंद है। जहां इंवेटरी की कोई कमी नहीं है। समय के साथ बदले माहौल में अधूरे प्रोजेक्ट में नई आशा की किरण दिखाई है। जिससे सालों से अधूरे और बंद पड़े प्रोजेक्ट अब दोबारा बनने लगे है। नए प्रोजेक्ट के बदले जल्दी पजेशन का दावा कर रहे है। केडब्ल्यू ग्रुप के निदेशक, पंकज कुमार जैन के अनुसार रियल एस्टेट मार्किट के बदलते ट्रेंड सभी के लिए अच्छा संकेत है। अभी प्रमोटर्स अपना पूरा ध्यान अपने प्रोजेक्ट के शेष हिस्सों को जल्द से जल्द पूरा करने में लगा रहे है। क्योंकि इन प्रोजेक्ट्स में पहले से पजेशन दिया जा चुका है और काम किसी भी ने प्रोजेक्ट की तुलना में कम है। इसका प्रभाव दूसरी तरफ भी पड़ा है। जहां इसी तिमाही में नए प्रोजेक्ट लांच में कमी दर्ज की गई है। एनरॉक से जारी आंकड़ों में एक और रोचक तथ्य है जिसके अनुसार नई इन्वेंट्री में 47 प्रतिशत तक की कमी आयी है। 2024 के पहले तिमाही में केवल 7270 यूनिट्स मार्किट में आये है जबकि इसी दौरान 2023 में 12,450 यूनिट्स लांच हुए थे। क्रेडाई पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश गुप्ता का मानना है कि यह एक अच्छे और परिपक्व हो रहे रियल एस्टेट मार्किट की पहचान हैं। जहां घर खरीदार अगले 6 से 12 माह या रेडी टू मूव वाले प्रोजेक्ट को विकल्प के रूप में चुन रहे है। नए प्रोजेक्ट आते रहेंगे क्योंकि मार्केट में डिमांड लगातार बनी हुई है। लेकिन अनसोल्ड इन्वेंट्री का कम होना निश्चित ही पूरे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए अच्छी खबर जैसा है।

# मेट्रो के दोनों रूटों पर चुनाव बाद आएगी तेजी

## आचार संहिता हटते ही एनएमआरसी सरकार से करेगी बातचीत

**नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-51 से ग्रेनो वेस्ट और सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो चलनी है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने इन मेट्रो लाइन की डीपीआर को मंजूरी के लिए यूपी सरकार के पास भेज रखा है। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसमें तेजी आएगी।

नोएडा से ग्रेनो के सफर को और आरामदायक बनाने के लिए आने वाले समय में दो लाइन पर मेट्रो चलनी प्रस्तावित हैं। सेक्टर-51 से ग्रेनो वेस्ट रूट को वर्ष 2019 में यूपी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई थी। कुछ वजह से केंद्र सरकार से इसको अनुमति नहीं मिली। इसके बाद फिर से डीएमआरसी ने एनएमआरसी के साथ मिलकर नया रूट तैयार किया। इसके बाद इसकी डीपीआर तैयार की। करीब दो महीने पहले





बैठक में डीपीआर को मंजूरी देकर यूपी सरकार के पास भेज दिया है।

यूपी से मंजूरी होने के बाद इसको केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। इसी तरह सेक्टर-142 से सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो भी एनएमआरसी ने पिछले साल मंजूरी दे दी थी और यूपी सरकार के पास भेजा। एनएमआरसी के अधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगी हुई है। चार जून के बाद यूपी सरकार से समन्वय कर इसको मंजूरी दिलाने की प्रक्रिया की जाएगी, ताकि लोगों को जल्द से जल्द इन रूट पर मेट्रो का फायदा मिल सके।

प्राथमिकता के आधार पर सेक्टर-51 से ग्रेनो वेस्ट रूट पर मेट्रो चलाने की तैयारी है। एक्वा लाइन के अंतर्गत अभी नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक मेट्रो चल रही है। इस लाइन पर 21 स्टेशन हैं।

अब एक्वा लाइन का विस्तार किया जाएगा। इस रूट को आगे बढ़ाते हुए ही सेक्टर-51 से ग्रेनो वेस्ट और सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन तक मेट्रो चलाई जानी है। इन दोनों रूट पर मेट्रो चलने से एक्वा लाइन नोएडा के चारों ओर चलने लगेगी। ऐसे में नोएडा से ग्रेटर नोएडा और दिल्ली आने-जाने में लोगों को कम वक्त लगा करेगा।

# प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधि के साथ की स्क्रूटनी

**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदान के बाद फूल मंडी नोएडा फेस-2 में शनिवार को सामान्य प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह व जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रत्याशी/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा नोएडा, दादरी, जेवर, सिकंदराबाद, खुर्जा के मतदान प्रतिशत को लेकर बूथों की स्क्रूटनी की गई। सर्वप्रथम सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी से सामान्य प्रेक्षक को अवगत कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उपरांत सामान्य प्रेक्षक द्वारा कम एवं ज्यादा वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों की जानकारी प्राप्त की एवं राजनीतिक दलों के प्रत्याशी/प्रतिनिधियों से वार्ता की।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के बारे में तकनीकी बिंदुओं के बारे में सामान्य प्रेक्षक को विस्तार से अवगत कराया गया। सामान्य प्रेक्षक ने विधानसभा नोएडा, दादरी, जेवर, सिकंदराबाद एवं खुर्जा के निर्वाचन से संबंधित अभिलेखों तथा पीठासीन अधिकारियों के डायरी और वोटर रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जांच के बाद सामान्य प्रेक्षक ने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में मतदान स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से निष्पादित किया गया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जेवर अभय सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, सहायक रिटर्निंग अधिकारी वेद प्रकाश पांडेय, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, अनुज नेहरा, संबंधित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, एआरओ, संबंधित अधिकारी सिकंदराबाद, खुर्जा एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**फूल मंडी में प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांगरूम व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**







# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"हमें फिर से सोचने की जरूरत है कि हम कैसे रहते हैं, काम करते हैं और प्रदर्शन करते हैं। विश्व आईपी दिवस यह पता लगाने का एक अवसर है कि बौद्धिक संपदा (आईपी) कैसे उन नवीन और रचनात्मक समाधानों को प्रोत्साहित करती है और बढ़ा सकती है।"

डॉ. भुवनेश कुमार, विश्वविद्यालय डीन रिसर्च

## चुनाव के बाद जीत-हार को लेकर मतदाताओं में बहस का बाजार रहा गर्म

- कम मतदाता प्रतिशत से प्रत्याशियों की बढ़ रही बैचेनी
- हर प्रत्याशी कर रहा जीत का दावा

**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध लोकसभा चुनाव में 15 प्रत्याशियों के किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो गई है। अब इसका फैसला 04 जून को होगा फैसला किसके सिर पर बंधेगा जीत का सेहरा। जीत को लेकर प्रत्याशियों और मतदाताओं के अपने-अपने दांवे है। पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव की अपेक्षा गौतमबुद्धनगर जिले पांच विधानसभा सीटों पर वोट प्रतिशत पर असर पड़ा। इतना जरूर है कि पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार के चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह कम दिखाई दिया।

दरअसल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जिले के पांच विधानसभा सीटों पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया। इस बार का माहौल काफी बदला हुआ था। नोएडा विधानसभा सीट पर इस बार भी भाजपा का प्रदर्शन अच्छा माना जा रहा है। वहीं राजनीतिक पीड़िता का मानना है कि खुर्जा, सिकंद्राबाद विधानसभा सीट पर भाजपा का पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। इसका पहला कारण भाजपा को लेकर राजपूत समाज की नाराजगी रही। सिकंद्राबाद और खुर्जा विधानसभा सीट पर राजपूत समाज का अच्छा खासा वोट बैंक है। राजपूत समाज ने इस बार भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ मतदान में अपनी नाराजगी का इतजार किया। इन दोनों सीटों पर बसपा राजेंद्र सोलंकी का बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है। भाजपा को इन दोनों विधानसभा सीटों पर अगर नुकसान होता तो उसकी भरपाई नोएडा और दादरी विधानसभा सीट पर कितना होगा, इसका फैसला चार जून को हो पाएगा। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी करीब दो लाख वोट से बढ़त बनाकर जीत हासिल किया।

अगर नोएडा विधानसभा की बात की जाए तो शहरी वोटर ने एक तरफा भाजपा प्रत्याशी पर विश्वास जताया है। यहां यह भी देखना लाजमी है कि नोएडा विधानसभा सीट के तहत ग्रामीण क्षेत्र में भी आता है, जहां पर कई गांवों में राजपूत का भी अच्छा खासा वोट है।

राजपूत समाज में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ खड़ा नजर आया है। इस पर राजपूत के गांवों में भाजपा के खिलाफ नाराजगी देखी गई। अब देखना यह है कि नोएडा विधानसभा में 782200 मतदाता है, जिसमें 364116 वोट पड़े हैं। इनमें से भाजपा को कितना वोर्ट मिलेगा चुनाव परिणाम आने के बाद पता चलेगा।

## स्क्रैप माफिया रवि काना व उसकी सेक्रेट्री गिरफ्तार



- दोनों बैंकाग में थे छिपे, पुलिस ने जारी किया था रेड कॉर्नर नोटिस
- इंटरपोल व अन्य एजेंसियां के माध्यम से स्क्रैप माफिया के ठिकाने का चला पता

**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रावेंद्र सिंह उर्फरवि काना और उसकी सेक्रेट्री काजल झा को नॉलेज पार्क थाने की पुलिस ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। दोनों थाना बीटा दो से गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे थे और दोनों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस ने इन दोनों न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। दरअसल, गौतमबुध नगर में सरिया और स्क्रैप माफिया रविकाना उसकी पत्नी व सेक्रेट्री सहित गिरोह के 16 लोगों के खिलाफ थाना बीटा दो में 2 जनवरी 2024 को गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। जिसकी जांच थाना नॉलिज पार्क पुलिस को दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने इस गिरोह के कई सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन इस दौरान गिरोह का सरगना रवि काना उसकी पत्नी मधु और सेक्रेट्री काजल झा भारत से विदेश भाग गए थे। बीते दिनों नॉलेज पार्क पुलिस ने रवि काना की पत्नी मधु को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन गिरोह का सरगना रवि काना और उसकी सेक्रेट्री काजल झा बैंकॉक में रह रहे थे। जिसके लिए पुलिस ने दोनों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्क्रैप माफिया रवि काना और इसकी सेक्रेट्री काजल झा बैंकॉक में छिपे हुए थे। जिनका लुक आउट सर्कुलर ग्रेटर नोएडा पुलिस के द्वारा जारी किया गया। रेड कॉर्नर नोटिस के लिए सीबीआई, इंटरपोल व अन्य एजेंसियां से संपर्क किया गया। ग्रेटर नोएडा पुलिस के द्वारा दोनों की गिरफ्तारी के लिए किया जा रहे प्रयासों के चलते थाईलैंड पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों को 26 अप्रैल को दिल्ली इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर डिपोर्ट किया गया वहां से नॉलेज पार्क पुलिस व स्वाट टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस ग्रुप पर शिकंजा कसते हुए इस गिरोह की ढाई सौ करोड़ की संपत्ति को कुर्क भी कर चुकी है।

### स्क्रैप माफिया रवि काना सहित 16 पर गैंगस्टर एक्ट में दर्ज है मामला

सरिया और स्क्रैप माफिया पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना बीटा दो में रवि काना, उसकी पत्नी मधु, सेक्रेट्री काजल झा, राजकुमार नागर, तरुण छोकर, अमन, विशाल, अवध उर्फ बिहारी उर्फ अमर सिंह, महकी नागर उर्फ महकार, अनिल, विक्की, अफसर अली, राशिद अली, आजाद नागर, पहलाद, विकास नागर सहित 16 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया गया था। जिसकी जांच थाना नॉलेज पार्क के द्वारा की जा रही है।

## विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर राष्ट्र निर्माण सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय ने बहु-विषयक शोधकर्ताओं समूह के साथ एक पैनल चर्चा में नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में बौद्धिक संपदा अधिकारों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानने के लिए विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय डीन रिसर्च डॉ. भुवनेश कुमार ने एक गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए इस वर्ष के विश्व बौद्धिक संपदा दिवस की थीम रचनात्मकता के साथ हमारे सामान्य भविष्य का निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें फिर से सोचने की जरूरत है कि हम कैसे रहते हैं, काम करते हैं और प्रदर्शन करते हैं। विश्व आईपी दिवस यह पता लगाने का एक अवसर है कि बौद्धिक संपदा (आईपी) कैसे उन नवीन और रचनात्मक समाधानों को प्रोत्साहित करती है और बढ़ा सकती है। जो हमारे राष्ट्र के निर्माण के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस दिन युवा शोधकर्ताओं को आईपीआर के महत्व पर जोर दिया। प्रकाशित और प्रदत्त पेटेंट के व्यवसायीकरण के लिए एक मॉडल और रोडमैप बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। इसलिए विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण पेटेंट दाखिल करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। व्यापक प्रचार के लिए युक्ति पोर्टल पर नवाचारों को अपलोड करने और शारदा विश्वविद्यालय पेटेंट के व्यवसायिक अनुप्रयोगों के लिए उद्योगों को आकर्षित करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान प्रोफेसर बीसी त्रिपाठी, प्रो. अमित सहगल, प्रो. पीके सिंह, प्रो. राहुल सक्सेना, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. मोहित साहनी, प्रो. एनबी सिंह, प्रो. खुर्शीद आलम ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

विश्वविद्यालय के पास 575 से अधिक प्रकाशित और 125 स्वीकृत पेटेंट, 225 डिजाइन पंजीकरण और 75 कॉपीराइट अधिकार हैं। आईपीआर पोर्टफोलियो की देखभाल के लिए विश्वविद्यालय ने आईपीआर सेल की स्थापना की है।

## अनियंत्रित होकर कॉलेज की बस पलटी, दर्जन भर विद्यार्थी हुए चोटिल





- प्राथमिक उपचार के बाद सभी विद्यार्थियों को भेजा गया छात्रावास

**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को गलगोटिया कॉलेज के विद्यार्थियों को छात्रावास में ले जा रही बस अनियंत्रित डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें कॉलेज के 50 छात्र-छात्राएं सवार थे। बस पलटने के साथ ही चीख-पुकार बचाने लगी। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को बाहर निकाला। इस हादसे में साथ लगभग 10 छात्र-छात्राएं घायल हो गए। जिनको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका उपचार हो रहा है। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। दरअसल, शनिवार को बीटा दो थाना क्षेत्र के अंतर्गत मित्रा गोल चक्कर के पास गलगोटिया कॉलेज के छात्र-छात्राओं से भरी बस अचानक से पलट गई। बस पलटने के बाद छात्र-छात्राओं की चीख पुकार समझने लगी। जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनंद-फनन में घायल विद्यार्थियों को बस से निकाल कर निजी स्कूलों में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी बीटा तो ने जानकारी देते हुए बताया कि मित्रा गोल चक्कर के पास शनिवार दोपहर में कॉलेज के छात्र-छात्राओं से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिनमें से सात छात्र और तीन छात्र मामूली रूप से चोट लगने से घायल हो गई। जिनका निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद होस्टल भेज दिया गया है। सूचना के बाद पुलिस व कॉलेज प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। हालांकि हादसा किस कारण से हुआ यह भी जानकारी नहीं है लेकिन बताया जा रहा है कि गोल चक्कर पर बस अनियंत्रित हो गई थी जिसके चलते बस पलट गई। बस पलटने के बाद सभी छात्र-छात्राओं को दूसरी बस के द्वारा छात्रावास भेज दिया गया है।

## असंतुलित होकर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से एक घायल



**दनकौर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर शनिवार को ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चालक घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीरों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक घायल की हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के मुताबिक, दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक भट्ठे से ट्रैक्टर-ट्राली में ईंट भरकर एक चालक ग्रेटर नोएडा को जा रहा था। शनिवार की दोपहर जब ट्रैक्टर-ट्राली जगनपुर गांव के पास यमुना एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर पहुंची। उसी दौरान सामने से गलत दिशा में आ रहे किसी वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर के चालक का संतुलन बिगड़ गया। जिसके चलते ट्रैक्टर-ट्राली डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। इस घटना में ट्रैक्टर का चालक घायल हो गया। गनीमत रही की घटना के वक्त ट्रैक्टर ज्यादा नहीं पलटा। जबकि ट्राली पलट गई। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस का कहना कि इस संबंध में अभी पीड़ित पक्ष की तरफसे कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले में जांचकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## इंटर रेयान प्रतियोगिता में ग्रेनो के प्रतिभागी रहे पहले स्थान पर




**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। रेयान इंटरनेशनल स्कूल ग्रेटर नोएडा में इंटर रायन स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रायन इंटरनेशन स्कूल के विभिन्न शाखाओं जिसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेनो वेस्ट, गाजियाबाद आदि के प्रतिभागी विभिन्न आयुवर्ग के विद्यार्थियों ने स्केटिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रेयान इंटरनेशनल ग्रेटर नोएडा प्रथम स्थान के साथ विजयी घोषित किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी 17, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 5 तथा तीसरा स्थान पाने वाले 5 विद्यार्थी शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर उत्साहित किया। रेयान ग्रेटर नोएडा के युवराज भाटी, लक्ष्य शर्मा, अयान खान, निमिष मिश्रा, शौर्य बंशल, वंश अहलावत, नमिश एंडले, हर्षित ठाकुर, आयुष पटेल, मो. साहिल, फरहान खान तथा कार्ति गौड आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योगों को बढ़ावा देने और चुनौतियों पर सम्मेलन आयोजित



**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। फार्मेसी विभाग, स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज, गलगोटिया विश्वविद्यालय में 'भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योगों को बढ़ावा देने और सतत पर्यावरण विकास में चुनौतियां' पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (सीएसटी), उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में दवा उद्योग, शिक्षाविदों और अनुसंधान संगठनों के विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन में 41 विश्वविद्यालयों/संस्थानों से कुल 275 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पूरे देश से 165 शोध सार प्रस्तुत किए गए। ये सार आईएसबीएन, भारत सरकार में प्रकाशित किए जाएंगे। सम्मेलन में इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन (दिल्ली राज्य शाखा) के अध्यक्ष डॉ. कल्हण बजाज, पैथोलॉजी विभाग के क्लिनिकल साइंटिस्ट और एसोसिएट प्रोफेसर और गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, ग्रेटर नोएडा में अनुसंधान और विकास के प्रमुख डॉ. विवेक गुप्ता और आईपीए-दिल्ली राज्य शाखा के मानद सचिव और दत्त मेडी-प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में क्लिनिकल ऑपरेशंस के वरिष्ठ महाप्रबंधक डॉ. नीरज कुमार उपस्थित थे। सम्मेलन के दौरान, हमारे गलगोटिया विश्वविद्यालय और भारतीय फार्मास्युटिकल एसोसिएशन के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन दवा उद्योग और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सहयोग, नवाचार और पारस्परिक समर्थन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिससे उद्योग में वृद्धि और विकास को बढ़ावा मिलता है। मोदी-मुंडी फार्मा के महाप्रबंधक और आरएंडडी प्रमुख डॉ. राजेश अग्रवाल और डॉ. गौरी मिश्रा ने आयोजित सम्मेलन में फार्मास्युटिकल उद्योग में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्थायी फार्मास्यूटिकल्स विकास पर एक व्यावहारिक बातचीत की।

डॉ. गौरी मिश्रा ने फार्मास्युटिकल अनुसंधान और विकास के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में प्रगति और चुनौतियों पर चर्चा करते हुए जैविक विषय पर अपनी बहुत ही महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी।

## स्टेयर्स यूथ नेशनल गेम्स के लिए जिले से 36 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर जिले के 36 खिलाड़ियों का चयन स्टेयर्स यूथ नेशनल गेम्स 2024 के लिए हुआ है। जिला स्टेयर्स रोलर स्केटिंग संघ अध्यक्ष आकाश रावल ने बताया कि 27 से 30 अप्रैल तक दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में स्टेयर्स यूथ नेशनल गेम्स 2024 का आयोजन किया जा रहा है। स्टेयर्स यूथ नेशनल गेम्स 2024 का आयोजन स्टेयर्स फाउंडेशन (नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाईजेशन) की तरफ से किया जा रहा है। वर्ष 2023 में 24 और 25 दिसम्बर को गाजियाबाद के सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल में उत्तर प्रदेश स्टेयर्स रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। इस राज्य प्रतियोगिता में जिले के 36 खिलाड़ियों ने 300 व 500 मीटर रेस में अच्छा प्रदर्शन करके पहले, दूसरे और तीसरे स्थान की जीत हासिल की और जीतने वाले खिलाडियों का चयन उत्तर प्रदेश स्टेयर्स रोलर स्केटिंग टीम में हुआ। जिले के 36 खिलाड़ी 28 अप्रैल को स्टेयर्स उत्तर प्रदेश रोलर स्केटिंग टीम की तरफ से गुरुग्राम के सेक्टर 103 स्थित जगराज सिंह साहनी स्केटिंग बैंक ट्रैक पर स्केटिंग की क्वाड़ और इनलाइन स्केट वर्ग में अंडर 6 से लेकर 19 साल से ऊपर तक के बालक व बालिका अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## इस्कॉन ने निकाली पहली वैष्णवी पदयात्रा, भक्तों में दिखा उत्साह



- यात्रा का शुभारम्भ प्रज्ञा पाठक शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा ने किया

**ग्रेटर नोएडा,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। इस्कॉन ग्रेटर नोएडा ने परम लोकनाथ स्वामी महाराज की 75वीं व्यासपूजा के उपलक्ष्य में इस्कॉन ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष अतुल कृष्ण दास के दिशा निर्देशानुसार पूर्णानन्दी राधा देवी दासी के नेतृत्व में शनिवार को ग्रेटर नोएडा शहर में पहली वैष्णवी पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रज्ञा पाठक शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महिला मोर्चा ने किया। इस पदयात्रा की शुरूआत सैक्टर बीटा-2 में स्थित जगन्नाथ मंदिर से हरिनाम संकीर्तन, पुस्तक व प्रसाद वितरण करते हुए ओमैक्स प्लाजा के सामने से निकल सैक्टर डेल्टा में प्रवेश की।






तत्पश्चात डेल्टा 2 मार्केट क्षेत्र के सामने से निकल एस्टर पब्लिक स्कूल को क्रॉस करते हुए एटीएस गोलचक्कर से आगे बढ़ते हुए सेक्टर जीटा-एक में स्थित इस्कॉन सैन्टर पर समाप्त हुई। जहां पर सभी पदयात्रियों के लिए प्रसादम की व्यवस्था की गई थी। इस पद यात्रा का उद्देश्य भगवान कृष्ण के नाम, उनकी शिक्षाओं को जनमानस तक पहुंचा अपनी प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित करना है। इस्कॉन संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद व लोकनाथ स्वामी महाराज की प्रसन्नता के लिए वर्ष 2019 में महाराष्ट्र के अमरावती में पहली वैष्णवी पद यात्रा का शुभारम्भ हुआ था। इसी क्रम में इस्कान ग्रेटर नोएडा द्वारा पहली वैष्णवी (महिला) पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पूरी पदयात्रा में माताओं द्वारा ही मृदंग, करताल इत्यादि बजा कीर्तन, प्रसादम व पुस्तक वितरण इत्यादि किया गया।

PUBLICE NOTICE

FlatNo.10051, Floor5, Tower-10, Nobility, Greater Noida(West) was booked in the name of Mrs.Sunita mishra, w/oLate. H.A sharma and Mr.Manu Sharma, S/o Late. H.A Sharma. Mrs Sunita mishra expired on04.01.2021. Regarding mentioned property, the name of Mr Manu Sharma who is also co-allottee of this property is being noted as Primary allottee in M/s Homekraft Infra Pvt Ltd records in respect of captionedunit.If anybody has any objection to this, he or she may approach M/s Homekraft Infra Pvt. Ltd. within 21 days of publication of this notice at address; ATS Tower, Plot No; 16, 2nd Floor, Sector-135, Noida- 201305, Ph; 91-120-7111500

गुजराती कहानी

# मटियामेट

■ प्रभुदास पटेल

अनुवादक : डॉ. सोमाभाई पटेल

दूर से धुँधली और गूंगी दिखाई देती पहाड़ी अब चहचहाने लगी थी। रंग-बिरंगे पक्षियों का झुंड उड़ता और सुरक्षित स्थान पर जाकर फिर से चहचहाने लगता। हवा के झोके से झूमते पेड़ मानो पंख लहरा रहे हों ऐसा लगता था। आगे मौन पटवारी मोहनलाल और पीछे पीछे मैं । उन्होंने कहा : 'इस जंगल में जंगली जानवरों से नहीं, बल्कि सांप या अजगर से डर लगता है। इसलिए हाथ में डंडा लिया है ।'

कॉलेज में जब से लोकसाहित्य पढ़ने का अवसर मिला तब से अज्ञात जातियों के जीवन की, रहन-सहन एवं पर्व-त्यौहारों के बारे में जानने की जिज्ञासा बढी थी। आज मोहनलाल के कारण उसे प्रत्यक्ष देखने और अनुभव करने का सुखद अवसर मिला था। हम थोड़ा चढ़ाव चढ़े होंगे, वहीं मोहनलाल ने पूछा: 'साहब, वनवासी विस्तार में पहली मुलाक़ात होगी !'

'हाँ, हाँ,' कहते हुए मैंने जोड़ा : 'अच्छा हुआ जो आपसे परिचय हुआ। नहीं तो मेरा यहाँ आना नामुमकिन होता!'

'ऐसा नहीं है साहब, अज्ञात और वनवासी लोगों के बारे में जानने की जिज्ञासा तो आपको पहले से ही थी। मैं नहीं तो कोई दूसरा...' ऐसा नहीं, यार, आपको भी कहाँ ख़बर थी कि मुझे वनवासियों के बारे में जानने का विशेष रस है? उच्च वर्ग के कर्मचारियों के प्रति सामान्य वर्ग के कर्मचारी किस प्रकार अंतर बनाए रखते हैं यह मैं अच्छी तरह जानता हूँ। लेकिन हमारे बीच अच्छा ट्यूनिंग या दोस्ती जैसा कुछ है।

पहाड़ी की चोटी पर पहुंचते ही प्रकृति का एक सुंदर नज़ारा देखा! दूर तक दिखाई देने वाली पहाड़ियों की हारमाला । बीच में मिट्टी के घर धारण किये हुए नृत्य की मुद्रा में दिखती अनगिनत तलहटियाँ! 'कितना भाग्यशाली है वह जो यहाँ रहता है ! 'बिलकुल प्राकृतिक... बिलकुल स्वर्ग!' मन ही मन बुदबुदाते हुए मैं उस सुंदर नज़ारे को देखकर कहीं खो गया था। वहीं एक बड़ी पहाड़ी पर लहराती ध्वजा की ओर इशारा करते हुए पटवारी ने कहा, 'साहब, हमें जिस जगह पहुँचना है, वह ध्वजा वाली पहाड़ी है।

और पहाड़ी से नीचे उतरते वक्त मैंने वहां के वासियों की नवरात्री-साधना, उत्सव-समारोहों में होने वाले विधि-विधान और नृत्य की रोचक कथाएँ सुनीं। सारी बातों में कब रास्ता गुजर गया पता ही नहीं चला ! जैसे ही हम पहाड़ी से उतरे; ध्वजा की ओर से बज रहा ढोल स्पष्ट सुनाई दिया ।

'यह ढोल क्यों पीटा जाता है?' मैंने पूछ लिया ।

मोहनलाल के मतानुसार, ढोल नवरात्रि की समाप्ति के अवसर पर बजाया जा रहा था । नवरात्रि समाप्ति के अवसर पर पूरा पंथक उमड़ेगा । अनुष्ठानिक रूप से माताज़ी; भूत, प्रेत, डायन और जादू-टोने से पीड़ित लोगों की पीड़ा को दूर करेगी । इस पूरे आयोजन का आनंद लेने के लिए हृदय बावला हो रहा था । और ध्वजा वाली पहाड़ी के नजदीक पहुंचकर देखा तो बड़ी भीड़ उमड़ी थी। कोई नारियल-अगरबत्ती के साथ, कोई लोटा में घी लेकर तो कोई थाली के साथ, कोई नंगे पाँव माताज़ी के दरबार में आया था । कोई तो बार-बार ध्वजा की ओर देखकर मत्था टेक रहा था । 'आस्था का कोई विकल्प नहीं है।' आगे मोहनलाल और पीछे मैं ! भावुकतापूर्ण अवस्था में ही हम दोनों माताज़ी के स्थानक तक पहुँच गये।

अर्धचन्द्राकार में चार अस्पष्ट मूर्तियाँ व्यवस्थित हैं । सामने माताज़ी का चौपड़ । वहां माताज़ी का मुख्य भुआ (भक्त) प्रणाम की मुद्रा में लीन हो गया । पीछे दसेक भक्त भी उसका अनुकरण कर रहे थे । मूर्तियों के पीछे दो बुजुर्ग मिट्टी के गड्ढों से जवारा के लिए मिट्टी के बर्तन निकाल कर उन्हें व्यवस्थित कर रहे थे । थोड़ा दूर दसेक बालिकाएँ मानो जवारा सिर पर उठाने का इंतजार कर रही थी । हम दोनों को देखकर 'हे राम राम साहेब' पधारें ! पधारें !' कहते हुए गाँव के मुखी और कुछ लोग मेरी ओर दौड़ पड़े । उनके भाव और स्वागत से मेरा दिल खुश हो गया । मैंने भी प्रणाम की मुद्रा में हाथ जोड़े और सभी ने राम राम कहकर हाथ मिलाया । जैसा कि पहले हम मान चुके थे, पटवारी ने मेरा परिचय उनके मित्र के रूप में दिया । कुछ ही मिनटों में माताजी का डेरा लोगों से भर गया और हमने नीचे ही आसन ग्रहण कर लिया । अब भुए ने पात्र में अगरबत्ती जलाई और सभी मूर्तियों को धूप किया । फिर वह ध्यान की मुद्रा में बैठ कर मूर्तियों को ताकता रहा । सभी को थोड़ी देर के लिए आश्चर्य हुआ । और वह 'अहे, अहे, सभाजनों' पुकार कर और फिर 'अहे आजी कालिका... आजी अम्बा...' बोलते हुए धुनने लगा । मानो करंट लगा हो वैसे अन्य भक्त भी अपनी अपनी जगह खड़े हो गए और चिल्लाने लगे । फ़ौरन मुखिया ने 'घणी खम्मा माँ... घणी खम्मा' कहकर भुए में जोश भर दिया । उसने तीन-चार बार लोहे की जंजीर अपने पीठ पर मारी । भुए के बाद तीन-चार साधकों ने भी अनुकरण किया । यह देखकर मन में हुआ: 'अवश्य कोई सत होगा, नहीं तो जंजीरों की मार !' जंजीर डाल दी और सभी साधकों को एक अर्धवृत्ताकार में व्यवस्थित किया गया और वे धुनने लगे । और पीछे मोरपिंछ का जाडू घुमाते हुए भुआ ऐसे चक्कर लगा रहा था मानो गोपालक गाय चराने निकला हो! पंद्रह मिनट तक मनन करने के बाद भुआ माताज़ी की मूर्ति के सामने मत्था टेकते हुए बैठ गया। सिर और पूरे शरीर को ज़ोर से धुनाते हुए एकदम सीधा बैठ गया। साधकों ने भी उसका अनुकरण किया। माहौल गंभीर और शांत हो गया। सभी साधकों ने हाथ जोड़कर, सिर झुकाकर और अपने विचार प्रकट किये । एकाध मिनट के बाद सब चुपचाप वहीं बैठ गये । फिर भुआ ने मुखी के सामने नजर मिलाई और चौतरफ़ देख लिया । मूर्तियों को फिर से धूप करते हुए प्रमुख मानी जाती मूर्ति के सामने वह बैठ गया। मानो नज़र बाँध रहा हो ! मुखी ने पुकारा: 'चलें भई ! सभी दुखीजन, चलें । माताज़ी के दरबार में बैठ जाएँ।'

माताज़ी के दरबार में कुछ लोग बैठ गये । उनमें से कुछ लोगों को हल्की-सी कंपकंपी का । अनुभव हुआ । कोई चिल्लाते हुए माहौल को गुंजित कर रहा था । और बाक़ी लोग माताज़ी का प्रताप मानकर माँ को बार-बार प्रणाम करते थे।

> अर्धचन्द्राकार में चार अस्पष्ट मूर्तियाँ व्यवस्थित हैं 7 सामने माताज़ी का चौपड़। वहां माताज़ी का मुख्य भुआ (भक्त) प्रणाम की मुद्रा में लीन हो गया। पीछे दसेक भक्त भी उसका अनुकरण कर रहे थे। मूर्तियों के पीछे दो बुजुर्ग मिट्टी के गड्ढों से जवारा के लिए मिट्टी के बर्तन निकाल कर उन्हें व्यवस्थित कर रहे थे। थोड़ा दूर दसेक बालिकाएँ मानो जवारा सिर पर उठाने का इंतजार कर रही थी। हम दोनों को देखकर 'हे राम राम साहेब' पधारें ! पधारें !' कहते हुए गाँव के मुखी और कुछ लोग मेरी ओर दौड़ पड़े। उनके भाव और स्वागत से मेरा दिल खुश हो गया। मैंने भी प्रणाम की मुद्रा में हाथ जोड़े और सभी ने राम राम कहकर हाथ मिलाया।

एक-एक करके दुखीजन भुए के पास अपना स्थान बना लेते हैं। बगल में बैठे हुए अनुभवी साधक ने पूछा :

'कौन-सा दु:ख आ पड़ा कि माताज़ी के पास आना हुआ ?'

यदि कोई भूत-पिशाच से पीड़ित है तो वह धुनने लगता है, या उत्तर ही नहीं देता है । सामान्य तकलीफ़ वाला बोलने लगता है । भुआ अपने सामने रखे हुए अनाज के ढेर में से अनाज उठाकर दूर फेंकता है । उसमें से वेण (दो-दो की जोड़ी) बनाकर संगीत की भाषा में कहता है । और सहायक साधक 'हाँ' कहते हुए 'माताज़ी की जय' पुकार रहा है । जादू-टोना, भूत-प्रेत के विभिन्न कारणों के उपचार में भुआ पीड़ित व्यक्ति के शरीर पर तेजी से जलती मशाल फेरता । काला धागा मंतर कर बांधता । अनाज के दाने मुट्ठी में लेकर उस पर फूंक मारते हुए पीड़ित को खिलाता । फिर उसकी पीठ पर एक हल्की जंजीर फटकारता । पीड़ित व्यक्ति संतुष्टि और ख़ुशी की भावना के साथ उठ खडा होता ।

मेरा मन उछलकूद करने लगा।

'यह सच में भुए का ढोंग है या सच ?'

'नहीं, नहीं, यदि कोई ढोंग होता तो पीड़ित लोग स्वस्थ और खुश होते ?'

'हाँ, यह सच है लेकिन...'

'उसमें ग़लत क्या है? जहाँ आस्था है, वहां सब कुछ..!' और अंत में एक दुखी महिला की बारी थी जो लगातार फुसफुसाती और चिल्लाती रहती थी । उसे एक साधक ने आगे आने के लिए कहा । लेकिन वह आगे आएँ तब न ! दो साधकों ने खड़े होकर उसकी बांह पकड़ा तो वह आगे बढ़ने की बजाय चीखती हुई नीचे गिर जाती।

'माई के पास जाने में क्यों नानी मरती है ? कहते हुए एक साधक ने लात मार दी और चिल्लाती हुई वह भुए के सामने ढेर हो गई । अब माताज़ी के रूप में भुआ पुलिस और जज की दोहरी भूमिका निभा रहा था । उसने औरत की चोटी पकड़ा तो चिल्लाहट के साथ वह बैठ गई और बिना पूछे ही बोलने लगी :

'मुझे छोड़ दें माँ, मैं चली जाती हूँ ।'

'इस प्रकार सरलता से तू नहीं जाने वाली है ।' कहते हुए भुए ने गर्जना की ।

'नहीं, नहीं, खाता खुलवाकर ऐसे कैसे जा सकती है ?' इस औरत को फिर से परेशान करने का षडयंत्र रचना चाहती है ?'

औरत की बाजुओं पर मार के निशाँ उभरने लगे । बिखरे हुए बाल और फटी हुई आँखें देखकर मैं तो हैरान रह गया। मेरे मन में दया जगी। उसे खड़ी करने की कोशिश कर रहा था कि मोहनलाल ने मुझे ऐसा न करने से रोकना चाहा । और मैं वापस बैठ गया।

अब मामले की डोर साधक ने पकड़ी । बड़ी सख्ती से पूछा :'तू कौन है ? और कहाँ से आयी है ?'

'मैं पहाड़ी पर रमने वाली... जंगल में भटकने वाली जोगणी माँ आयी हूँ।'

भुआ दहाड़ कर धुनने लगा और महिला को पीटना शुरू कर दिया। 'मैं पूरे मलक में घुमने वाली और काले सिर वाले मनुजों का दु:ख दूर करने वाली; मेरे सामने ही झूठ ?' माताज़ी के दहाड़ते ही दुखीयारी ने बोलना शुरू किया।

'झूठ नहीं बोलूँगी रे माई, मैं काले सिर वाला मनुज । इस बचुड़ी की जरा-सी भूल में मैं उसमें पैठी, माई।'

'इस बालक को दु:ख किस बात का है ? उसका क्या गुनाह है ? बोल, बोल !'

'मैंने एक दिन थोड़ा सा दूध (छाछ) माँगा। इसने छाछ होते हुए भी मुझे धकेल दिया था। मैं दरवाजे से बाहर निकली कि इसने मेरी खिल्ली उड़ाई।'

दरमियान, सभी लोग आश्चर्य के साथ एक-दूसरे का मुँह देख रहे थे ।

'तू कौन है, यह बोल... और प्रकट हो !' कहते हुए भुए ने उसके बाल खींचना शुरू किया ।

'नहीं, कहती हूँ रे... माई मारने बैठी हो ?' कहते हुए औरत रोते हुए धुनने लगी : 'मुझे छोड़ दें माई... मुझे जाना है... जल गई... ओय माँ जल गई रे !' कहते हुए ज़ोर से रोने लगी । 'माई के दरबार में से कोई बिना पहचान दिए गया है क्या ? फिर तू ऐसे ही कैसे जा सकती है ?' कहते हुए भुए ने चुटकी ली और अपना इरादा स्पष्ट किया ।

'आग में मिर्च का धूप कीजिए !'

'ऐसा न कीजिए, माई !'

'ऐसा है ?' हा... हा... हा... करते हुए माँ (भुए) ने कहा :'लें मिर्ची धूप ! माफ़... और नाम नहीं देगी तो भी माफ़.... लेकिन, तुझे कोई निशानी तो देनी होगी ।'

'देती हूँ, निशानी देती हूँ ।'

पूर्व में हरा नीम ही मेरा ठिकाना है ।

उसके सामने वाले खेत में पानी की डंकी (हैण्डपंप) ही मेरी निशानी है ।'

'बस, इतना ही ? आगे कुछ अधिक बता दे ।'

'अपने दो दो बेटे । उनको मैंने ही मुई ने...' कहते हुए ज़ोर से रोने लगी ।

भुआ दहाड़ा :'सगे बेटे को ? ससुरी सापिन !'

इसी बीच एक युवक अपने आप में कुछ बुदबुदा रहा था । दो-तीन युवकों ने उसे समझा-बुझाकर बैठा दिया कि वह हट जाएँ। पर वह हड़बड़ी में मुट्ठियाँ भींचता हुआ उत्तर की ओर भागने लगा। दूसरों ने उसका पीछा किया। दूसरी तरफ़, भुए ने दुखियारी के सभी अनुष्ठानों को अचानक पूरा कर देने का आदेश किया।

इस प्रकार अनुष्ठान समाप्त हो गया । बाद में, आगे ढोली, पीछे जवारा धारण करने वाली बालिकाएँ और उनके पीछे भुए तथा साधकों के बीच रमते माताज़ी और अंत में भक्त; सभी लोग नदी की ओर जा रहे थे । हम भी सीधे घर जाने के लिए नदी की ओर पहाड़ी पर चढ़ने लगे । उत्तर की ओर से ढोल-नगाड़ों की आवाज को भी निगल जाने वाली तबाही और चीख-पुकार सुनाई दी । मैं तो सोचता ही रह गया और आकाश को चीरती हुई जानलेवा चीख आकाश में गूंज उठी । सुंदर पहाड़ियों के साथ ही मेरी आँखों में भी अँधेरा छाने लगा । एक झलक उस युवक और उसके साथियों की मिली । तो दूसरी, मानो घर का कोना ढूंढती और बचने हेतु भागने की कोशिश करती औरत की मिली । मैं सोचने लगा कि 'किसी कलयुगी बल ने इस जंगल और आदिवासियों की सहज भोली भावनाओं, आस्थाओं को मटियामेट करना चाहा है।'

समीक्षा

# जोया देसाई कॉटेज

■ डॉ. रमाकांत शर्मा

'जोया देसाई कॉटेज' जाने-माने कथाकार पंकज सुबीर का हाल में प्रकाशित नया कहानी संग्रह है। इस संग्रह की शुरूआत 'भूमिका', 'प्राक्कथन' या 'अपनी बात' जैसी औपचारिकता से नहीं हुई है। उन्होंने सीधे अपनी कहानियों के माध्यम से पाठकों तक पहुंचना बेहतर समझा है।

उनका कहानी कहने का अपना अंदाज है। कहानियों के शीर्षक भी उनके इस अंदाज को बयां करते हैं। संग्रह की पहली कहानी 'स्थगित समय गुफा के वे फलाने आदमी' कोरोना काल की उस विभीषिका को सामने लाती है, जो शायद ही कहीं और उजागर हुई हो। संक्रमित हो जाने के डर से लाशों का अंतिम संस्कार करने का साहस परिवार के लोग भी नहीं कर पाते तो अन्य लोगों से कैसी अपेक्षा। इस काम को अंजाम देने के लिए चार लोग स्वैच्छिक रूप से रात-दिन जुटे रहते हैं। रात गए सेल फोन पर मदद के लिए आए उस महिला के कॉल को वे नजरअंदाज नहीं कर पाते जिसके पिता की मौत हो गई है, लाश पड़ी है और घर में उसके और उसकी मां के अलावा और कोई नहीं है।

मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. संभव के पास जब मरीज राकेश कुमार को लाया गया तो उसके मुंह से 'ढ़ोंड़ चले जै हैं काहू के संग' के अलावा और कुछ निकलता ही नहीं था। वह अपने आसपास की सारी दुनिया से कट चुका था और उक्त शब्दों के अलावा कोई दूसरी बात नहीं करता था। इस केस की जड़ में जाने के बाद उन्हें इन शब्दों का अर्थ मालूम पड़ता है, 'किसी के साथ अपने गांव ढ़ौंड़ चले जाएंगे।' इस मानसिक स्थिति के लिए जिम्मेदार बातों की पड़ताल करने पर सोशल मीडिया की जो भूमिका सामने आती है, वह वितृष्णा जगाने वाली है। सोशल मीडिया के हर ग्रुप में या तो गर्व के या फिर घृणा के भावों से भरी पोस्टों की भरमार होती है। ये पोस्ट सदस्यों के अपने विचारों या विचारधारा के अनुसार बहस क्या, बाकायदा युद्ध का रूप ले लेती हैं, विशेषकर तब जब गर्व या घृणा के लिए धर्म को विषय बनाया गया होता है। सच, आज सोशल-मीडिया पर यही सबकुछ तो हो रहा है। ऐसी बहसें दोस्तों को दुश्मन तक बनाए दे रही हैं। ये किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की मानसिक स्थिति को कहां तक पहुंचा सकती हैं, इसका जबरदस्त विश्लेषण इस कहानी में हुआ है।

'डायरी में नीलकुसुम' अबोध प्रेम के उस आयाम की कहानी है जिसमें रंग-रूप, जाति-पांति सब अर्थहीन हो जाते हैं, रह जाता है बस निश्च्छल प्रेम। इसके उपजने का प्रत्यक्षत: कोई कारण नहीं होता। पर, अकारण प्रेम उपजता भी नहीं। 'कई बार यह सहानुभूति की कोख से जन्म लेता है, क्योंकि यह असल में करुणा के विगलन से उत्पन्न होता है। कई बार अपने घर के वातावरण से घबरा कर या किसी बात से नाराज होकर हम बाहर प्रेम तलाशने लगते हैं। ऐसा प्रेम असल में एक प्रतिरोध ही होता है।' शुभ्रा की डायरी में बंद उसका प्रेम हरिया असल में वह आकाश कुसुम था, जिसे प्राप्त करना लगभग नामुमकिन था।



इस संग्रह की दो कहानियां 'खजुराहो' और 'जोया देसाई कॉटेज' ऐसी भाव-भूमि पर खड़ी हैं जिस पर चर्चा करना सामान्यत: वर्जित है। विवाह के बाद स्त्रियों को अपना सारा जीवन एक पुरुष के इर्द-गिर्द समेट लेना होता है चाहे उसे वह चरम सुख मिले या ना मिले जिसकी आकांक्षा हर मन, हर शरीर को होती है। बहुगामी पुरुष जहां अपने शारीरिक सुख के लिए इधर-उधर भटक सकता है, पर स्त्री को यह स्वतंत्रता नहीं होती। 'हर बार, एक अधूरापन छूट जाता है, ऐसा लगता है जैसे अब यही अधूरापन नियति बन चुका है।

ये दोनों कहानियां सामाजिक परंपराओं और वर्जनाओं की सारी सीमाओं को तोड़ती दिखती हैं। इन कहानियों में निहित सच्चाइयां अपनी जगह हैं, शायद मन ही मन पाठक उन्हें सराहें भी, पर उन्हें स्वीकार करना और जिंदगी की इस बड़ी और वास्तविक समस्या का यह तात्कालिक समाधान कितना और कितनों के गले उतरता है, यह देखने की बात है।

'जाल फेंक रे मछेरे' कहानी इस शाश्वत सत्य पर आधारित है कि दूसरों को अपने जाल में फंसाने की प्रक्रिया में यह बिसरा दिया जाता है कि जाल फेंकने वाला खुद भी जाल में फंस सकता है। सकीना ने अपने बेटे ताहिर का रिश्ता उस घर में करने की जिद ठान रखी है जहां से उसे दहेज में वह सारी संपत्ति मिलने की उम्मीद है जो अंतत: उस विधवा की इकलौती लड़की और उसके होने वाले पति के नाम ही होनी है। इसके लिए वह हर तरह से जाल बिछाती है, पर उसे नहीं मालूम कि वह खुद ही कैसे इस जाल में फंसती चली जा रही है।

जी नहीं, 'जूली और कालू की प्रेम कथा में गोबर' कहानी दो इंसानों के बीच की प्रेम कहानी नहीं है। यह नए आए कलेक्टर साहब की कुतिया जूली और छोटी-मोटी किसानी और मजदूरी करके पेट पालने वाले होरी और उसके जवान होते बेटे गोबर के पालतू कुत्ते कालू की प्रेम कथा है। इस कहानी में वह सबकुछ है जो किसी प्रेम कहानी वाली बालीवुड फिल्म में होता है। यह कहानी शक्ति, अधिकार और सत्ता के मद में चूर कलेक्टर और शक्ति के सबसे अंतिम बिंदु पर खड़े उस कमजोर किसान की कहानी है जहां शक्ति एकदम शून्य हो जाती है। बढ़ते मशीनीकरण और कंप्यूटरीकरण की वजह से हाथ का काम करने वाले कारीगरों और मजदूरों की कम होती जरूरत और उसके कारण उनके बेकार और बेरोजगार होने की समस्या को 'रामसरूप अकेला नहीं जाएगा' कहानी में गंभीरता से उठाया गया है। किन्नर बनने और किन्नर का जीवन जीने की द्रवित कर देने वाली कहानी है 'नोटा जान'। किन्नरों की दुनिया रहस्यों और अंधेरों से भरी होती हैं। खुद के परिवार वाले भी उनसे दूरी बनाए रखते हैं। बिंदिया का यह कहना किसी भी संवेदनशील मन को पिघला सकता है कि 'अपनी ही जिंदगी से भाग कर जाऊंगी कहां साहब? लौट कर तो कहीं नहीं जा सकती। सबके लिए अब मैं नोटा का बटन हो गई हूं, किसी काम की नहीं'।

संग्रह की दो कहानियां 'उजियारी काकी हंस रही है' और 'हराम का अंडा' समाज में घरेलू स्त्रियों की बदहाल जिंदगी पर मर्मांतक टिप्पणी की तरह है। उजियारी काकी के लिए हंसना मना है, उसका काम है अपनी तमाम इच्छाओं को दफन करके सिर्फ पति की सेवा करना। उसकी सबसे बड़ी गलती है बहुत सुंदर होना। शंकित और हीन भावना से ग्रस्त पति की तंजपूर्ण बातें सुनने और उसे नीचा दिखाने के लिए लाई गई सौत का दंश झेलने वाली उजियारी काकी की खोई हुई हंसी सिर्फ और सिर्फ मौत ही वापस लौटा सकती थी। 'हराम का अंडा' कहानी में नूरी का हाल भी इससे बहुत अलग नहीं है। वह अपने पति को औलाद तभी दे सकती है जब उसका पूरा इलाज हो। पर उसके पति को उसका खर्चीला इलाज कराने से बेहतर लगता है कम खर्चीला दूसरा निकाह कर लेना। पंकज सुबीर की मंजी हुई भाषा और जबरदस्त शिल्प-विन्यास कहानी का एक-एक शब्द पढ़ने के लिए मजबूर कर देते हैं। इस संग्रह की सभी कहानियां उनकी इस विशेषता को शिद्दत से रेखांकित करती हैं। पढ़ कर देखिए, हर कहानी आपसे कुछ ना कुछ ऐसा कहती हुई मिलेगी जो आपको सोचने - विचारने पर मजबूर कर दे।

लेखक : पंकज सुबीर
प्रकाशक : शिवना प्रकाशन, सीहोर (म.प्र.)

## ग़ज़ल

■ दानिश नक़वी

माहौल मुनासिब हो तो
ऊपर नहीं जाते
हम ताज़ा घुटन छोड़ के
छत पर नहीं जाते

देखो मुझे अब मेरी जगह
से न हिलाना
फिर तुम मुझे तरतीब से
रख कर नहीं जाते

बदनाम हैं सदियों से ही
काँटों की वजह से
आदत से मगर आज भी
कीकर नहीं जाते

जिस दिन से शिकारी ने
अदा की कोई मन्नत
दरबार पे उस दिन से
कबूतर नहीं जाते

सो तुम मुझे हैरत-ज़दा
आँखों से न देखो
कुछ लोग सँभल जाते हैं
सब मर नहीं जाते

लघुकथा

# तितलियों का झुंड

■ बसंत राघव

मैं अपने भीतर उमड़ती घुमड़ती भावनाओं को शब्द देने के लिए आंगन में आतुर बैठा हुआ था कि उसी समय चटक रंग वाली तितलियों का एक झुंड मेरे आंगन में लगे पौधों पर आकर बैठ गया। बिलकुल आहिस्ते से। बेहिचक और निर्भय। मेरे सोचने की दिशा ही बदल गई और मेरा सारा ध्यान, उन तितलियों पर केन्द्रित हो गया। उनका उड़ते हुए आना और यूं बैठना, मुझे बहुत अच्छा लग रहा था। मुझे लगा उनके लिए जीवन कितना आह्लाद कारी, आनंदमय और रसमय है। जिसका आस्वादन हर प्राणि की आकांक्षा होती है।



लेकिन हम इस अलौकिक आस्वाद से आज क्यों वंचित हो गए हैं ! हम क्यों इस रसानुभूति का जश्न नहीं मना पाते ? आखिर हम क्यों इतने अवसाद और नैराश्य से हमेशा घिरे रहते हैं ?पारिवारिक रूप से हम आज इतने विघटित कैसे हो गए हैं? अब तो एकल परिवार में भी रहना दुश्वार हो गया है। भला कौन हमारे सामाजिक होने पर विश्वास करेगा ? हमारे %वसुधेव कुटुम्बकम% की बातों पर भला कौन एतबार करेगा। तभी तो हमारे अन्तस में - आत्म वंचना का बोध , हमारे तत्त्वज्ञान के बोझ तले दबकर दम तोड़ रहा है।

आह!

सुन्दर, मृदुल और रंगीन तितलियों का झुंड मेरे लगाए पौधों पर अब भी शान्त बैठा हुआ है। प्रतीक्षित, कि कब मेरे बोझिल भावों को ढोने वाले शब्द झरेंगे, और फिर नवांकुरित होकर रस- मकरन्द से लवरेज फूल बनकर खिलेंगे.....।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**सिडनी,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के माउंट ब्यूटी में शनिवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के उत्तर पूर्व में स्थित माउंट ब्यूटी एक छोटा सा शहर है जो अल्पाइन नेशनल पार्क से घिरा हुआ है, जिसमें झीलें, जंगल और बर्फ के मैदान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विमान स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट और यात्री दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पहचान की औपचारिक पुष्टि होनी बाकी है। विक्टोरिया पुलिस के अनुसार, वे विमान के एकमात्र यात्री थे। सीएफए ने संकेत दिया कि दुर्घटनाग्रस्त विमान एक 'संचालित ग्लाइडर' था।

# 'राफा पर हमले से पहले इजराइल ने बंधक समझौते को 'आखिरी मौका' दिया'

■ याह्य अल-सिनवार को इजराइल में हुए नरसंहार का मास्टरमाइंड माना जाता है



**तेल अवीव,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायल गाजा युद्ध में युद्धविराम और बंधक समझौते को हासिल करने के लेटेस्ट प्रयासों को राफा शहर पर योजनाबद्ध हमले से पहले आखिरी मौके के रूप में देखता है।

एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी के अनुसार शुक्रवार को तेल अवीव में मिस्र और इजरायली प्रतिनिधियों के बीच बातचीत 'बहुत अच्छी' और केंद्रित थी। जाहिर तौर पर मिस्रवासी किसी समझौते पर पहुंचने के लिए फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास पर दबाव बनाने के लिए तैयार थे।

टाइम्स ऑफ इजराइल ने शुक्रवार देर शाम रिपोर्टों के हवाले से कहा कि बातचीत के सभी क्षेत्रों में प्रगति हुई है। इजराइली अधिकारी के हवाले से कहा गया कि इजराइल, राफा में योजनाबद्ध सैन्य हमले को रोकने के लिए हमास को विशेष रूप से गाजा पट्टी में उसके नेता याह्या अल-सिनवार को बंधक समझौते में देरी करने की अनुमति नहीं देगा।

याह्या अल-सिनवार को 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में हुए नरसंहार का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें लगभग 1,200 इजरायली सैनिक और नागरिक मारे गए थे। जबकि 200 से ज्यादा लोगों को गाजा में अपहरण कर लिया गया था। इजराइली सेना का मानना है कि अल-सिनवार राफा के नीचे सुरंगों में छिपा हुआ है।

टाइम्स ऑफ इजराइल ने अज्ञात (अनाम) इजरायली सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा कि राफा जाने से पहले यह आखिरी मौका है। यह या तो भविष्य का समझौता है या राफा का। इजराइल मिस्र की सीमा से लगे दक्षिणी गाजा के शहर में बची हुई हमास बटालियनों को भी नष्ट करना चाहता है। इजराइली मीडिया के मुताबिक, मिस्र राफा पर हमले को रोकने के लिए एक समझौते पर पहुंचना चाहता है। मिस्र को चिंता है कि बड़ी संख्या में फ़िलिस्तीनी सीमा पार कर सकते हैं।

### इजराइली युद्धविराम प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा हमास

■ हमास स्थायी युद्धविराम की मांग कर रहा है, जिसे खारिज करता है इजराइल

**गाजा।** हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि वह गाजा में संभावित युद्धविराम के संबंध में इजराइल के प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। गाजा में हमास की राजनीतिक शाखा के उप प्रमुख खलील अल-हया ने टेलीग्राम पर किए एक पोस्ट में कहा कि हमास इजराइल के प्रस्ताव का अध्ययन कर जवाब देगा। उन्होंने कहा कि इजराइल भी उस प्रस्ताव का जवाब दे रहा है, जो हमास ने 13 अप्रैल को मिस्र और कतर के मध्यस्थों के जरिए प्रस्तुत किया था।

# चीन और अमेरिका में पांच मुद्दों पर बनी सहमति



**बीजिंग,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 26 अप्रैल को राजधानी पेइचिंग में बातचीत की। दोनों नेताओं ने विचारों के आदान-प्रदान पर पांच सूत्रीय समानताएं बनाईं।

पहला, दोनों पक्षों ने अपने-अपने राष्ट्राध्यक्षों के मार्गदर्शन में स्थिर और प्रगतिशील चीन-अमेरिका संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को शिखर सम्मेलन के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में बातचीत और सहयोग में हुई सकारात्मक प्रगति की सराहना की और शिखर सम्मेलन के दौरान हुए महत्वपूर्ण समझौतों के कार्यान्वयन में तेजी लाने की प्रतिबद्धता जताई।

दूसरा, दोनों पक्षों ने शासन के विभिन्न स्तरों पर उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और जुड़ाव बनाए रखने के महत्व पर सहमति जताई। तीसरा, दोनों पक्षों ने चीन-अमेरिका कृत्रिम बुद्धिमत्ता अंतर-सरकारी वार्तालाप की पहली बैठक की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के मूलभूत सिद्धांतों से संबंधित चल रही चर्चाओं में शामिल होने और चीन और अमेरिका के बीच उभरते एशिया-प्रशांत गतिशीलता और समुद्री मामलों पर विचार-विमर्श करने का वादा किया।

चौथा, दोनों पक्ष एक-दूसरे के देशों के छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं और सांस्कृतिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान को व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अंत में, उन्होंने चिंता के महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संचार की खुली लाइनें बनाए रखने के अपने इरादे की पुष्टि की।

## सुडोकू 6538

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 8 | | | 5 | |
| 6 | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | | | 2 | | 6 | |
| | | | | 2 | 3 | | | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | | | 6 | 5 | | | | |
| | 6 | | 8 | | | 2 | | 7 |
| 3 | | | 7 | | | 6 | | 5 |
| | 4 | | | 6 | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 28 अप्रैल, 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज के दिन आप थकान, आलस्य और चिंता का अनुभव करेंगे। आज आपमें ताज़गी और स्फूर्ति नहीं रहेगी। बात-बात में आपको गुस्सा आएगा। नौकरीपेशा लोग आज किसी बात को लेकर चिंतित रहेंगे।

वृषभ - आज आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत ना करें। खान-पान में विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य बिगड़ने की आशंका बनी रहेगी। संभव हो तो प्रवास टालें।

मिथुन - आज के दिन आप मनोरंजन तथा आनंद-प्रमोद में व्यस्त रहेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन गुजार सकेंगे। सामाजिक रूप से सम्मान और प्रसिद्धि भी प्राप्त कर सकेंगे। दांपत्यजीवन में सुख मिलेगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। परिजनों के साथ समय सुख से गुजरेगा। आवश्यक काम पर धन खर्च होगा। आर्थिक लाभ के लिए दिन अच्छा है।

सिंह - आज आपका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज अपनी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसानी से पूरा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात आनंददायी होगी।

कन्या - आज समय अनुकूल नहीं है। कई बातों को लेकर आप को चिंता रहेगी, जिससे आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ अनबन हो सकती है।

तुला - आज का दिन भाग्यवृद्धि का रहने वाला है। भाई-बहनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। किसी धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। नए काम की शुरुआत के लिए दिन शुभ है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी है। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखें। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे। विचारों पर नकारात्मकता छाई रहेगी, जिसे दूर करने का प्रयास करें।

धनु - आप शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य का ध्यान रखें। आज आप निर्धारित काम कर सकेंगे। आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। प्रवास की विशेषकर धार्मिक यात्रा की संभावनाएं हैं।

मकर - आज के दिन आपको सावधानीपूर्वक रहना होगा। आज व्यावसायिक कामों में किसी का हस्तक्षेप बढ़ेगा। खर्च सामान्य से अधिक रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों में व्यस्तता रहेगी और खर्च भी हो सकता है।

कुंभ - नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा है। नौकरी तथा व्यापार में लाभ होने की संभावना है। मित्रों से लाभ मिल सकता है। भाग्य आप पर मेहरबान रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी ख्याति बढ़ेगी।

मीन - आपका दिन अत्यंत शुभ फलदायी है। आज आपके सभी कामों सफलता मिलेगी। अधिकारियों की कृपादृष्टि के कारण प्रसन्नता भरा दिन रहेगा। व्यापारियों को व्यापार में वृद्धि तथा सफलता मिलेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इराक में गैस क्षेत्र पर ड्रोन हमले में चार की मौत

**बगदाद,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में एक गैस क्षेत्र पर ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई। क्षेत्रीय और संघीय अधिकारियों ने हमले की निंदा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार (केआरजी) के प्रवक्ता पेशवा हवारमानी ने कहा कि हमले में गैस क्षेत्र में काम कर रहे चार यमनी नागरिकों की मौत हो गई। बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने इस हमले की निंदा की और इसे



आतंकवादी कृत्य बताया। लक्षित खोर मोर गैस क्षेत्र सुलेमानी प्रांत में स्थित है। यह संयुक्त अरब अमीरात स्थित ऊर्जा कंपनी दाना गैस द्वारा संचालित है। प्रवक्ता ने इराकी संघीय सरकार से हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने का आग्रह किया है। क्षेत्र के बिजली अधिकारियों ने एक अलग बयान में बिजली संयंत्रों के लिए गैस आपूर्ति पर हमले के प्रभाव को उजागर किया। उनका कहना है कि हमले की वजह से बिजली उत्पादन में लगभग 2,500 मेगावाट की कमी आई। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशन कमांड (जेओसी) ने हमले की पुष्टि की है। वहीं प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने जेओसी को हमले की जांच के लिए एक समिति गठन करने का निर्देश दिया है।

# हौथी समूह ने ली ब्रिटिश तेल टैंकर व अमेरिकी ड्रोन पर हमले की जिम्मेदारी



जब तक फिलिस्तीनी के खिलाफ इजरायली घेराबंदी व हमला बंद नहीं होता, तब तक हम सैन्य अभियान जारी रखेंगे : याह्य सरिया

**सना,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन के हौथी समूह ने शनिवार को लाल सागर में मिसाइल से एक ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाने और उत्तरी यमन में एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराने के जिम्मेदारी ली है।


समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हौथी सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को हमारे नौसैनिक बलों ने लाल सागर में एक ब्रिटिश तेल जहाज एंड्रोमेडा स्टार को कई मिसाइलों से निशाना बनाया और उस पर सीधा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को हमारे नौसैनिक बल सादा गवर्नरेट (उत्तरी यमन) के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एमक्यू9 विमान को मार गिराने में सफल रहे।

प्रवक्ता ने कहा कि हम पुष्टि करते हैं कि जब तक गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायली घेराबंदी और हमला बंद नहीं होता, तब तक हम सैन्य अभियान चलाना जारी रखेंगे।

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार को मिसाइल हमले के बाद यमन के पास एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। इसने जहाज की पहचान नहीं की और न ही अधिक जानकारी दी।

हौथी समूह बीते वर्ष नवंबर से इजरायल के साथ संघर्ष में लगे फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर में इजरायली बंदरगाहों की ओर जाने वाले जहाजों को निशाना बना रहा है।

## वर्ग पहेली 6538



**बायें से दायें:-**

१. कम पढ़ा-लिखा, कट्टर अक्षर पूजक, मुल्ला का मौलवी
३. पहाड़ के नीचे की भूमि
५. पति (उर्दू)
६. विवाह विच्छेद (उर्दू)
७. वैद्यों को मिलने वाली एक उपाधि
९. दिखलाना
१०. गुत्थी, फंसाव या किसी समस्याका दूर हो जाना
१२. कमल
१३. जिसके पास कोई हथियार न हो, निशस्त्र
१४. नशे में अंट-शंट बकना, पथ भ्रष्ट होनाॉ
१६. झुका हुआ
१८. जिसमेंमन न लगे, अरुचिकर (उर्दू)
२०. सरस्नती, दुर्गा
२१. किसी भाषा के अक्षरों की क्रमबद्ध सूची
२३. भारत में स्थित एक विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारत

**ऊपर से नीचे:-**

१. हथेली
२. वीणी (उर्दू)
३. आवेश में आना,, क्रुद्ध होना
४. कातिल
५. क्रय करना, मोल लेना (उर्दू)
८. पेचीदगी, कठिनता, घुमावदार होना
१०. संधि, मेल, समझौता
११. पेड़ के पत्तों का टूटकर गिरना, या बालों का गिरना, बरसना
१२. उठना, उठाना, बढ़ती, उन्नति
१३. ममतारहित, निष्ठुर
१४. ताकतवर
१५. वर देना वाला
१७. अनुवाद (उर्दू)
१८. पत्नी (उर्दू)
१९. नया, नवीन
२२. मुंह से निकलने वाला लसदार तरल पदार्थ

### वर्ग पहेली-6537



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# भारत-ईरान ने रक्षा सहयोग की योजनाओं पर की चर्चा



ईरान व भारत के पास पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में शांति एवं सुरक्षा स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं : अश्तियानी

तेहरान, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत और ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में नाजुक स्थिति के मद्देनजर पारस्परिक घनिष्ठ रक्षा सहयोग की योजनाओं पर चर्चा की।

एक रिपोर्ट में कहा कि रक्षा सहयोग पर चर्चा ईरानी रक्षा मंत्री ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा अश्तियानी ने कजाकिस्तान में भारतीय रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने के साथ बैठक के दौरान की। बैठक के दौरान ईरान के रक्षा मंत्री ने कहा कि रणनीतिक क्षेत्रों में ईरान और भारत के पास पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं।

### रूसी मिसाइल हमलों के बीच यूक्रेन में धमाके

**कीव।** रूसी मिसाइल हमलों के बीच शुक्रवार देर रात कई यूक्रेनी क्षेत्रों में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। यूक्रेन की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, विशेष रूप से विस्फोटों ने यूक्रेन के मध्य विनित्सिया क्षेत्र और पश्चिमी इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है।

मेयर इहोर तेरखोव के हवाले से बताया कि यूक्रेन के पूर्वी शहर खार्किव में भी कई विस्फोट हुए। यूक्रेनी वायु सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि रूस ने हवाई हमले के दौरान यूक्रेन पर क्रूज मिसाइलें और एयरोबॉलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

## यूरोपीय देशों के विश्वविद्यालयों में भी इजरायल-फिलीस्तीन संघर्ष को लेकर प्रदर्शन तेज



■ कोलंबिया विश्वविद्यालय में सामूहिक गिरफ्तारी को लेकर बेहद नाराजगी दिखी

**पेरिस,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायल और गाजा के बीच जारी संघर्ष के खिलाफ यूरोपीय देश के विश्वविद्यालयों में भी विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है।

इस मुद्दे पर पेरिस के विशिष्ट विश्वविद्यालय साइंसेज पो पर शुक्रवार को विद्यार्थियों ने धरना दिया और आवाजाही को रोक दिया। यहां इजरायल समर्थक प्रदर्शनकारी और फिलिस्तीन समर्थक विद्यार्थियों के आमने-सामने आने से तनाव और अधिक बढ़ गया।

फ़िलिस्तीनी समर्थक छात्रों ने काले और सफ़ेद केफ़ियेह हेड स्कार्फ पहना, जो गाजा के साथ एकजुटता का प्रतीक बन गया है जबकि इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारी कुछ इज़राइली और कुछ फ्रांसीसी झंडे लपेटे हुए थे। इस बीच, फिलीस्तीनी समर्थक विद्यार्थियों ने गाजा में इजरायल की कार्रवाई की निंदा करने की मांग की। इस दौरान, विद्यार्थियों में पिछले सप्ताह कोलंबिया में सामूहिक गिरफ्तारी को लेकर बेहद नाराजगी दिखी।

## आज का इतिहास

1740- मराठा शासक पेशवा बाजीराव प्रथम का निधन।
1829- यूरोपीय देश नीदरलैंड की संसद ने नये प्रेस कानून पारित किये।
1847- जार्ज बी. वेशन अमेरिका के न्यूयॉर्क न्यायालय में जाने वाले पहले अश्वेत नागरिक बने।
1910- इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम वाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया।
1914- अमेरिका में वेस्ट वर्जीनिया के एस्सेल्स इलाके में एक कोयला खदान हादसे में 181 लोगों की मौत।
1932- इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा।
1935- रूस की राजधानी मॉस्को में भूमिगत मेट्रो ट्रेन की शुरुआत।
1937- इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन का जन्म। एक शासक के तौर पर उनका जीवन जितना राजसी और भव्य रहा, उनके जीवन का अंतिम समय और उनकी मौत उतनी ही दुखद और त्रासद रही।
1943- नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से जापान की अपनी यात्रा के दौरान मेडागास्कर के निकट एक जर्मन पनडुब्बी से जापानी पनडुब्बी में सवार हुए।
1945- इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी, उनकी प्रेमिका क्लारा पेटाची और उसके सहयोगियों की हत्या।
1964- जापान आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में शामिल हुआ।
1986- सोवियत संघ ने हादसे के दो दिन बाद स्वीकारा कि 25 अप्रैल को यूक्रेन के चेरनोबिल में परमाणु रिसाव हुआ।
1995- दक्षिण कोरिया में मेट्रो में गैस विस्फोट होने से 103 लोगों की मौत।
1996- आस्ट्रेलिया के बंदूकधारी मार्टिन ब्रायंट ने तस्मानिया के पोर्ट आर्थर इलाके में गोलियां बरसाकर 35 लोगों की जान ले ली।

**तैयारी** भारतीय-रूसी कंपनियों को मिलेगा चीन निर्मित हवाई अड्डे का प्रबंधन

# 20 करोड़ 90 लाख डॉलर से बनाया गया था हवाई अड्डा

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। श्रीलंका ने हंबनटोटा बंदरगाह के पास स्थित अपने चीन निर्मित मटाला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन एक भारतीय और एक रूसी कंपनी को 30 साल की लीज पर सौंपने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मंत्रियों की कैबिनेट द्वारा नियुक्त वार्ता समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन 30 वर्षों की अवधि के लिए भारत की मेसर्स शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की रिजेन प्रबंधन कंपनी अथवा इसकी संबद्ध कंपनी को सौंपने की अनुमति दे दी है।**

■ श्रीलंका ने कर्ज चुकाने में असमर्थ होने पर चीन को सौंप दिया था हंबनटोटा बंदरगाह



यह हवाई अड्डा वर्ष 2013 में 20 करोड़ 90 लाख डॉलर की लागत से बनाया गया था और इसके लिए अधिकांश राशि चीन से ऋण के रूप में आए थे। बारह हजार वर्ग मीटर टर्मिनल भवन, 12 चेक-इन काउंटर, दो गेट और एक सबसे बड़े वाणिज्यिक जेटों को संभालने के लिए पर्याप्त लंबा रनवे, और प्रति वर्ष दस लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता होने के बावजूद शायद ही यहां कोई यात्री या यातायात आता है।

यह हवाई अड्डा पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के कार्यकाल के दौरान बनाया गया था और यह उनके गृह नगर में स्थित है। श्रीलंका के मंत्रियों की कैबिनेट का निर्णय नौ जनवरी, 2023 को आयोजित एक कैबिनेट बैठक के बाद लिया गया, जिसके दौरान मटाला हवाई अड्डे की सुविधाओं का उपयोग करने के लिए इच्छुक पार्टियों से 'रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित' (ईओआई) करने पर सहमति हुई थी।

तदनुसार ईओआई को बुलाया गया था और पांच कंपनियों ने हवाईअड्डे के प्रबंधन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे।

## डीपीआरके ने की अमेरिका के मानवाधिकार रिपोर्ट की निंदा

**सोल।** डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) ने शनिवार को अमेरिका की एक मानवाधिकार रिपोर्ट को देश के खिलाफ 'घातक अपवाद' करार दिया और इसकी कड़ी निंदा की।

आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) ने डीपीआरके विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा हाल ही में जारी मानवाधिकार प्रथाओं पर 2023 रिपोर्टों की आलोचना की और अमेरिका को डीपीआरके की संप्रभुता और आंतरिक मामलों में गैरकानूनी हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी।

## दुनिया को जानें

### कोविड-19 में एंटीबायोटिक के अंधाधुंध उपयोग से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का स्तर बढ़ा : डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दुनिया भर में कोविड-19 महामारी के दौरान एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध उपयोग ने एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का स्तर तेजी से बढ़ा है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में पाया गया कि लगभग 75 प्रतिशत रोगियों का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं से किया गया, भले ही वे असर करती हों या नहीं, हालांकि अस्पताल में भर्ती कोविड के केवल 8 प्रतिशत रोगियों को बैक्टीरियल इन्फेक्शन से लड़ने के लिए एंटीबायोटिक दवाओं की आवश्यकता थी।

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है और यह लगभग 1.27 मिलियन मौतों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार था। 2019 में इससे दुनिया भर में 4.95 मिलियन मौतें हुईं। रिपोर्ट में कहा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान एंटीबायोटिक का उपयोग बढ़ गया। 2020 और 2022 के बीच पूर्वी भूमध्यसागरीय और अफ्रीकी क्षेत्रों में इसमें 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# प्रादेशिकी

## प्रदेश में अब तक हुई वनाग्नि की 544 घटना : उनियाल

**देहरादून।** वन मंत्री सुबोध उनियाल ने पत्रकार वार्ता में प्रदेश में बढ़ रही वन अग्नि की घटनाओं पर जानकारी देते। वन अग्नि की प्रदेश में कुल 544 घटना अभी तक हुई है। प्रदेश में कुल 656 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है वनाग्नि की घटना में अब तक एक वन कर्मी घायल व एक की मौत हुई है। वनाग्नि की घटनाओं से बचने के लिए तुरंत रिलीफ टीम का गठन किया गया है। केंपा के अंतर्गत 10 करोड़ रुपए का वनाग्नि के लिए प्रावधान है। वन पंचायती अधिनियम में बड़े फैसले लिए गए हैं जिस में 2 लाख लोगों को एको टूरिज्म से जोड़ने का कार्य किया गया है। फॉरेस्ट फायर मैनेजमेंट कमेटी में अब ग्राम विकास अधिकारी को भी जोड़ा गया है वही वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए सेना की मदद ली जा रही है।

# सबको सम्मान-सबको अधिकार, राज्य सरकार का विकास मंत्र : मुख्यमंत्री

## धनबल को जनबल से हराने का समय आ गया

**शिमला,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लगभग डेढ़ वर्ष के छोटे से कार्यकाल में वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश हित के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सबको सम्मान, सबको अधिकार के मंत्र के साथ राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास हो, युवाओं को रोजगार मिले, बच्चों का बेहतर भविष्य बने, महिलाएं आत्मनिर्भर बनें तथा किसान व मजदूर आर्थिक रूप से सशक्त बनें, इसके लिए राज्य सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हमने लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन कर बेटियों को बेटे के बराबर दर्जा प्रदान किया है। आम आदमी की राजस्व से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने के लिए नियमों में बदलाव किया और राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन अदालतों के माध्यम से लंबित लाखों राजस्व मामलों का निपटारा किया गया है और लोगों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र डेढ़ साल में ही राज्य सरकार ने 10 में से 5 प्रमुख चुनावी गारंटियों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने वर्तमान राज्य सरकार को पांच साल के लिए चुना है और हम अपने सभी वायदों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही वर्तमान राज्य सरकार की ताकत है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर वोट की ताकत का निरादर किया है।



**जनता ने वर्तमान राज्य सरकार को पांच साल के लिए चुना है और हम अपने सभी वायदों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं : ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री**

### कांग्रेस सरकार चार जून के बाद और मजबूत होगी : नेगी

हिमाचल प्रदेश के बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि वह मातृ श्राप से बचने के लिये अब झूठ बोल रही है कि उन्होंने महिला सम्मान निधि का विरोध नही किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपने नेताओं के साथ चुनाव अधिकारी के पास गए और उन्हें लिखित तौर पर इस प्रक्रिया को रोकने का दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलने में माहिर है।

श्री नेगी ने शनिवार को यहां एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए देने की योजना को फरवरी 2024 को काजा में प्रथम चरण में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पीति की महिलाओं को इसे जारी किया था। उन्होंने कहा कि शेष हिमाचल में पात्र महिलाओं से इसके फॉर्म भरने की प्रक्रिया को भाजपा ने रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव आयोग से इस बारे अपनी स्थिति स्पष्ट की तो चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति सरकार को दी है। इसलिए प्रदेश की सभी पात्र महिलाएं अपने फार्म कल्याण अधिकारी के पास जमा करवा सकती है।

श्री नेगी ने कहा कि भाजपा मुद्दों पर कोई बात नही करती। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भाजपा लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कभी कोई भी लोगों पर अनाधिकृत टेक्स नही थोपा। उन्होंने कहा कि 1985 में विरासत टेक्स को निरस्त किया गया था क्योंकि इस टेक्स से आमदनी कम और खर्चा अधिक था। उन्होंने कहा कि 2016 में केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने धना सेठों को लाभ देने के लिये वेल्थ टेक्स,संपति कर निरस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा टेक्स के नाम पर भी लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

# श्रीनगर में टनल ब्लास्टिंग से 150 घरों में आई दरारें

**श्रीनगर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है। इसके विपरीत रेलवे की सुरंग निर्माण में की जा रही ब्लास्टिंग के कारण लोगों के घरों में दरारें पड़ने लगी हैं। जिसके चलते लोगों को अब दूसरे के घरों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बात कोट ब्लॉक के कांडी रामपुर मरगुड गांवों की है। यहां के ग्रामीणों का आरोप है कि इन गांवों में रहने वाले 150 परिवारों के घरों में दरारें आ गयी हैं। जलस्रोत रेलवे द्वारा छोड़ी गई गाद से पट गए हैं। इससे चलने वाली दुर्गंध के कारण लोगो का सांस लेना तक दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है जल स्त्रोत पूरी तरह सूख गए हैं। इसके अलावा रेलवे के कार्य में लगे हुए भारी भरकम वाहनों के कारण सड़कों का भी बुरा हाल हो गया है। आये दिन सड़क पर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इन परेशानियों को देखते हुए गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर रेलवे की साइट पर काम रोक दिया। वाहनों की आवाजाही भी बाधित कर दी। गुस्साए ग्रामीणों ने मांगे ना माने जाने तक रेलवे के कार्यों को बन्द करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने रेलवे के कार्यों को रोके जाने के कारण मौके पर कोतवाली श्रीनगर से पुलिस फ्रोस ,रेलवे विकास निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन ग्रामीणों ने किसी की भी नहीं सुनी। ग्रामीण रेलवे साइट को जाने वाली सड़क पर ही धरने पर बेठे गये हैं।

■ ग्रामीणों की बढ़ी टेंशन, रेलवे का काम रूकवाया

# विपक्ष की भूमिका में है कांग्रेस सरकार : डॉ राजीव बिंदल

## एक पत्थर भी विकास का नहीं रख पाए मुख्यमंत्री सुक्खू




■ रामपुर हत्याकांड पर जवाब दे होम मिनिस्क्वटर

**शिमला,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी को कोसते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू भूल गए हैं कि इस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है न कि भाजपा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने प्रैस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार की बौखलाहट और उसकी परेशानी नजर आ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता जगह-जगह जनसभाओं में बीजेपी को सुबह और शाम गाली देने में ही पुरा समय व्यतीत करते है। भाजपा ने अरोप लगाया है कि आज तक एक भी विकास का कार्य किए बगैर 16 माह में 20 हजार करोड रूपये का कर्जा ले लिया हैं, एक भी व्यक्ति को इन डेढ़ साल में रोजगार नहीं दिया गया, एक भी नया कार्य शुरू नहीं हुआ, कोई स्वास्थ्य संस्थान नहीं खोला, कोई शिक्षा संस्थान नहीं खोला। आज कांग्रेस के पास जनता के सामने बोलने के लिए कुछ नहीं हैं जिस कारण भाजपा को कोसकर सहानुभूति बटोरना चाहते है। उन्होंने कहा कि ऐसी हास्यास्पद स्थ्ति प्रदेश में पहली बार बनी हैं कि रूलिंग पार्टी विपक्ष से विकास की उम्मीद लगाए बैठा हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश के कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ गई हैं। डेढ़ साल के कार्यकाल में चम्बा से ऊना तक प्रदेश का ऐसा कोना नहीं है जहां महिलाओं के साथ अपराध, दिन-दिहाड़े लूट-खसूट की घटनाएं, गैंगवॉर थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शिमला में बालिका के साथ कुकर्म, प्रदेश के अन्य हिस्सों में महिलाओं के साथ उत्पीड़न और उस पर भी मुख्यमंत्री के हिंसक बयान प्रदेश की कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य कर रहें हैं। अपराधियों को खुली छूट मिल रही हैं, सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी आए दिनों मारपीट के शिकार हो रहें हैं। हम मुख्यमंत्री से पूछना चाहते हैं कि चंबा में दलित युवक की नृशंस हत्या, अपने क्षेत्र में महिला का उत्पीड़न, शिमला में 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म परन्तु आजतक एक भी जगह न तो मुख्यमंत्री संवेदना प्रकट करने गए न ही पीड़ित लोगों को न्याय दिलवा पाए।

**सरकार ने आज तक एक भी विकास का कार्य किए बगैर 16 माह में 20 हजार करोड रूपये का कर्जा ले लिया हैं, एक भी व्यक्ति को इन डेढ़ साल में रोजगार नहीं दिया गया : डॉ राजीव बिंदल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

**सार संक्षेप**

### कार व ट्रक की टक्कर से दो की मौत

**देहरादून।** हरिद्वार-देहरादून हाईवे पर एक बार फिर तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। यहां तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। इस सड़क हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। घटना 25 अप्रैल देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक हादसा हरिद्वार-देहरादून हाईवे पर मांजरी ग्रांट के पास हुआ। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार हरिद्वार-देहरादून हाईवे पर जा रही थी, तभी मांजरी ग्रांट इलाके में बाइक सवार दो लोग अचानक तेज रफ्तार कार के सामने आए। कहा जा रहा है कि जिस जगह पर ये हादसा हुआ है, वहां पर मोड था और मोड पर ड्राइवर ने कार की स्पीड कम नहीं की, जिससे ये हादसा हो गया। सीसीटीवी वीडियो में साफ दिख रहा है कि हादसा इतना जबरदस्त था कि कार की टक्कर लगने के बाद बाइक और एक व्यक्ति काफी दूर तक घसीटता हुआ गया। वहीं बाइक सवार पर बैठा दूसरा व्यक्ति सीधे कार के बोटन पर जा गिरा। कार और बाइक की टक्कर का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि कार के बोनट के भी परखच्चे उड़ गए थे।

### सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र नहीं घर-परिवार माना है : सैलजा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा है कि उन्होंने सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है और कई दशकों से उन्होंने यहां की जनता की सेवा की है। सुश्री सैलजा ने शनिवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि लोग आज भी उनके पिता दिवंगत दलबीर सिंह और उनके काम को याद करते हैं, एक बार फिर उन्हें जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सिरसा की जनता ने उनके पिता को चार बार सांसद चुना, उन्हें काम करने का मौका दिया। उनके बाद सिरसा के लोगों ने उन्हें भी मौका दिया, प्यार दिया, समर्थन दिया, यह मौका सिरसा और अंबाला से दो-दो बार मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने सिरसा को कभी राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है। सिरसा लोकसभा से प्रत्याशी सुश्री सैलजा 28 अप्रैल को डबवाली, रानियां और ऐलनाबाद का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेगी। रविवार पूर्वाह्न 10.00 बजे गांधी चौक मंडी डबवाली में कार्यकर्ता बैठक होगी, जहां पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया जायेगा। दोपहर बाद एक बजे रानियां के गाबा रिजॉर्ट में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी।

### सुडोकू 6538 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 3 |

# जोश में जरूरत से ज्यादा बोलने में होश खो रहे हैं कांग्रेस नेता : जयराम ठाकुर



**रामपुर में जनता की मांग पर दर्जनों संस्थान खोले लेकिन सुक्खू सरकार ने बंद कर दिए। पीडब्ल्यूडी का मंत्री होने के कारण वह ख़ुद उस कैबिनेट में मौजूद रहे, जिसमें संस्थानों को बंद करने का फ़ैसला हुआ : जयराम ठाकुर**

**शिमला,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता सिर्फ़ ज़ोर से बोल रहे हैं और ज़्यादा जोश में होश खो रहे हैं। अभी चुनाव तो दूर पर्चा भी दाखिल नहीं हुआ लेकिन कुछ लोग ख़ुद को एमपी मान बैठे हैं। जो लोग लंबे समय तक पॉवर में रहे इस समय भी सत्ता में हैं वह दूसरों से सवाल पूछ रहे हैं कि आपने क्या किया? जबकि उन्हें ख़ुद बताना चाहिए कि उन्होंने क्या-क्या किया है। जयराम ठाकुर ने विक्रमादित्य सिंह को आँड़े हाथों लेते हुए कहा कि रामपुर में जनता की माँग पर दर्जनों संस्थान खोले लेकिन सुक्खू सरकार ने बंद कर दिये। पीडब्ल्यूडी का मंत्री होने के कारण वह ख़ुद उस कैबिनेट में मौजूद रहे, जिसमें संस्थानों को बंद करने का फ़ैसला हुआ। अपनी कलम से उन्होंने रामपुर के पीडब्ल्यूडी के डिवीज़न कार्यालय बंद करने की फाइल पर दस्तख़त किए। उन्हें आवाज़ उठानी चाहिए थी। मुख्यमंत्री के इस जनविरोधी फ़ैसले के विरोध करना चाहिए था। लोगों की ज़रूरतों के लिए जो संस्थान खोले गये थे उन्हें विरोध की राजनीति के चलते बंद कर दिया और हमेशा सही का समर्थन और ग़लत का विरोध करने वाले मंत्री चुपचाप बैठे रहे। क्या वह रामपुर के अस्पतालों, स्कूलों और कॉलेजों को बंद करने को सही मान रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अब देश ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है, चार सौ से ज़्यादा सीटों से भाजपा सरकार बनाएगी। रामपुर के झाकड़ी में पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बातें कहीं। इस मौक़े पर उनके साथ मंडी की लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत, रामपुर से विधान सभा के प्रत्याशी रहे कौल नेगी समेत अन्य नेता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पड़ोसी की आईडी पर लिया गया सिम इस्तेमाल कर रही थी अंकिता भंडारी

**कोटद्वार,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में शुक्रवार को अपर जिला सत्र न्यायालय कोटद्वार में सुनवाई हुई। अंकिता भंडारी किस संचार कंपनी का सिम इस्तेमाल कर रही थी और वो किसके नाम पर था, इसको लेकर कोर्ट में जिरह हुई। दूरसंचार कंपनी के नोडल अधिकारी विशाल शर्मा के एक माह में दूसरी बार कोर्ट में बयान दर्ज कराए है। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील अनुज पुंडरी ने नोडल अधिकारी विशाल शर्मा से कई सवाल पूछे। इस दौरान पता चला कि अंकिता भंडारी जिस सिम का प्रयोग कर रही थी, वो नीरु रावत के नाम पर था। नीरु रावत ने कोर्ट को बताया कि अंकिता की मां सोनी देवी उसकी पड़ोसी है। नीरु रावत ने कोर्ट में जो बयान दिए उसके मुताबिक सोनी देवी का आधार बायोमेट्रिक न कारण उन्होंने सिम नहीं मिल पा रहा था,



■ अगली सुनवाई तीन मई को होगी

इसीलिए उन्होंने नीरु रावत के नाम पर सिम कार्ड लिया था। सोनी देवी उनकी पड़ोसी है। कोर्ट ने दोनों के बयान दर्ज कर लिए है। अब इस मामले की अगली सुनवाई तीन मई को होगी। डीजीसी प्रदीप भट्ट ने बताया कि तीन मई को ही अंकिता भंडारी हत्याकांड में अन्य दो गवाहों के बयान दर्ज किए जाएगे। बता दें कि यमकेश्वर विकासखंड के श्रीकोट गांव की रहने वाली 22 साल की अंकित भंडारी राजस्व क्षेत्र के गंगा भोगपुर में स्थिन वनंत्रा रिजॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करती थी, जो 18 सितंबर 2022 को अचानक लापता हो गई थी, जिसकी लाश करीब पांच दिन बाद 24 सितंबर को ऋषिकेश के पास चीला नहर में मिली थी। आरोप है कि रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, अंकिता से कुछ गलत काम करना चाहता था, जिसके लिए अंकिता से साफ इंकार कर दिया था। इसीलिए वो नौकरी भी छोड़ने जा रही थी, जिस वजह से पुलकित और अंकिता के बीच बहस भी हुई थी। पुलकित को डर था कि अंकिता नौकरी छोड़ने के बाद उसका भंडाफोड़ देगी, इसी डर से पुलकित आर्य ने रिजॉर्ट के दो कर्मचारियों अंकिता गुप्ता और सौरभ भास्कर के साथ मिलकर अंकिता की हत्या करा दी। तीन आरोपी इस वक्त जेल में बंद है। मामले का ट्रायल अपर जिला सत्र न्यायालय कोटद्वार में चल रहा है।

## मातृ श्राप से बचने के लिए अब झूठ बोल रही भाजपा : नेगी

**शिमला,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह मातृ श्राप से बचने के लिये अब झूठ बोल रही है कि उन्होंने महिला सम्मान निधि का विरोध नही किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपने नेताओं के साथ चुनाव अधिकारी के पास गए और उन्हें लिखित तौर पर इस प्रक्रिया को रोकने का दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलने में माहिर है। जगत सिंह नेगी ने आज यहां एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए देने की योजना को फरवरी 2024 को काजा में प्रथम चरण में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पीति की महिलाओं को इसे जारी किया था। उन्होंने कहा कि शेष हिमाचल में पात्र महिलाओं से इसके फॉर्म भरने की प्रक्रिया को भाजपा ने रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव आयोग से इस बारे अपनी स्थिति स्पष्ट की तो चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति सरकार को दी है। इसलिए प्रदेश की सभी पात्र महिलाएं अपने फार्म कल्याण अधिकारी के पास जमा करवा सकती है। नेगी ने कहा कि भाजपा मुद्दों पर कोई बात नही करती। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भाजपा लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है।

## प्रदेश में धनबल की नही जनबल की जीत होगी : संजय अवस्थी

**शिमला,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि इस बार प्रदेश में धनबल की नहीं जनबल की जीत होगी। उन्होंने कहा है प्रदेश में जनमत कांग्रेस के साथ है और भाजपा का कोई भी षड्यंत्र अब सफल होने वाला नही। संजय अवस्थी ने आज यहां कहा कि कांग्रेस प्रदेश में पूरी तरह एकजुट है और भाजपा इसमें अब कोई सेंधमारी नही कर सकती। भाजपा प्रदेश में पूरी तरह बैकफुट पर आ गई है और उसके पास कोई भी मुद्दा नही है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार को एक षड्यंत्र के तहत भाजपा ने जिस प्रकार अस्थिर करने की कोशिश की है उसे अब इन चुनावों में करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा। अवस्थी ने कहा है कि भाजपा ने प्रदेश में छह उप चुनाव थोप कर लोगों की भावनाओं का अनादर किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। प्रदेश की चारों लोकसभा व छह विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहरायेगी। उन्होंने भाजपा पर कांग्रेस के घोषणा पत्र पर ऊलजलूल बयानबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश के विकास में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान है इसे देश प्रदेश के लोग भलीभांति जानते है। भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में अपना कोई भी वादा पूरा नही किया। न किसी के खाते में 15 लाख आये और न ही हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार ही मिला। देश मे बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और विगड़ती अर्थव्यवस्था भाजपा की नीतियों व निर्णयों का ही परिणाम है जो आज देश को भुगतना पड़ रहा है। अवस्थी ने कहा है कि 4 जून को चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आएंगे और प्रदेश में ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार और भी मजबूती से उभरेगी।

# चारधाम यात्रा मार्ग पर जीएमवीएन लगा रहा ईवी चार्जिंग स्टेशन: महाराज

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि परिवहन विभाग, भारत सरकार ने पूंजी निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता योजना के अन्तर्गत चारधाम यात्रा मार्ग पर गढवाल मण्डल विकास निगम ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रहा हैं। महाराज ने शनिवार को सुभाष रोड़ स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर चारधाम यात्रा तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार से स्वीकृत तथा उत्तराखण्ड परिवहन निगम से प्राप्त धनराशि के माध्यम से ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए गढवाल मण्डल विकास निगम को



■ यात्रा के दौरान किसी भी तीर्थयात्री को नहीं होगी परेशानी

कार्यदायी संस्था बनाया गया है। गढ़वाल मण्ड विकास निगम के लगाये जाने वाले ईवी चार्जिंग स्टेशन ब्रांड के चार्जर लगाए जायेंगे। यह यूनिवर्सल चार्जर होंगे जो कि सभी गाडियों को चार्ज करेंगे। एक चार्जर 60 किलोवाट का होगा जिसमें 30-30 किलोवाट की 2 गन होंगी। इसके अतिरिक्त एक 7.4 किलोवाट का स्लो चार्जर भी होगा। गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग पर निगम के 24 (चौबीस) पर्यटन आवास गृहों एवं परिवहन निगम के 04 (चार) बस स्टेशनों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार के उपक्रम टिहरी हाइड्रो डेवलपमेन्ट कार्पोरेशन ने भी चारधाम यात्रा मार्ग पर गढ़वाल मण्डल विकास निगम के 14 (चौदह) पर्यटक आवास गृहों में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री महाराज ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत एक स्टेट लेवल कन्ट्रोल रूम की स्थापना देहरादून स्थित उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद मुख्यालय में की गई है जो कि पूरे यात्राकाल के दौरान संचालित रहेगा।

# प्रदेश के कई स्थानों पर हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

## उत्तराखंड में मौसम का बदला मिजाज वन विभाग की चिंता की लकीरें हुई कम




■ राजधानी में कई जगहों पर ओले भी गिरे
■ बारिश से शांत होगी जंगलों की आग

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड में शनिवार को मौसम ने करवट बदली तो प्रदेश के वन विभाग ने भी राहत की सांस ली। राजधानी देहरादून सहित कई स्थानों पर बारिश के साथ ओले गिरे जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी भी देखने को मिली। जिसके कारण प्रदेश के जंगलों में लग रही आग की घटनाओं में कमी आने की संभावना है। हालांकि कई जगह छिटपुट बारिश ही देखने को मिली, लेकिन आसमान में बदल छाए रहने के चलते तापमान में गिरावट महसूस की गई। कई स्थानों पर झमाझम बारिश भी देखने को मिली। उत्तराखंड में इन दिनों वनों की आग न केवल वन विभाग के लिए बल्कि आम लोगों के लिए भी मुसीबत बन रही है।

### चमोली के दूरस्थ गांव द्रोणागिरी में भारी बर्फबारी, बर्फीली हवाओं से उड़ी घरों की छतें



**चमोली।** देशभर में इन दिनों गर्मी का प्रकोप है। कई राज्यों में हीट वेव से हालात खराब हो रहे हैं। बढ़ा हुआ तापमान लोगों की परेशानी के साथ साथ मुसीबतें भी बढ़ा रहा है। इसके उलट उत्तराखंड के सीमात जिले चमोली में बर्फबारी हो रही है। सीमांत जनपद चमोली की नीती घाटी के दूरस्थ गांव द्रोणागिरी में भारी बर्फबारी व बर्फीली तूफान की सूचना है। बताया जा रहा है कि इससे कई ग्रामीणों के घरों को भी भारी नुकसान हुआ है। चमोली के उच्च हिमालय क्षेत्रों में तीन चार दिनों से लगातार बर्फबारी व तेज हवाएं चल रही हैं। जिससे विकास खंड जोशीमठ के सबसे दूरस्थ गांव द्रोणागिरी में कई मकानों के छते बर्फीली हवा से उड़ गई हैं। जिससे गांव के कई घरों को नुकसान पहुंचा है।

### 29 अप्रैल को फिर बरस सकते हैं बादल

**देहरादून।** उत्तराखंड के गढ़वाल रीजन में आज हल्की बारिश के साथ ही थंडरस्टॉर्म एक्टिविटी का मौसम बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक 29 अप्रैल को एक बार फिर प्रदेश का मौसम बदलने जा रहा है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार आज लोअर कुमाऊं रीजन में बारिश की कोई खास एक्टिविटी देखने को नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया मौसम बदलने से बीते 24 घंटे में मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान 37 से लेकर 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने कहा शनिवार हुई बारिश की एक्टिविटी की वजह से तापमान कम होने के आसार हैं। इसी तरह मौसम बदलने से प्रदेश के पर्वतीय जिलों में तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान हैं।

# प्रादेशिकी

## फेल होने पर छात्र ने की आत्महत्या

**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित के ब्लॉक में 15 वर्ष के एक छात्र ने कक्षा 8 में फेल होने पर सुसाइड कर लिया। छात्र का शव मकान के एक कमरे में मौजूद पंखे पर बंधे कपड़े से लटका हुआ था। सुबह देर तक छात्र कमरे से नहीं निकला जिसके बाद छात्र के परिवार वाले उसे उठाने के लिए कमरे में पहुंचे परिवार वालों ने कमरे का गेट खोल कर देखा तो उनके होश उड़ गए। जिसके बाद मृतक छात्रा के परिवार वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को पंखे से उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित के ब्लॉक का रहने वाला नादिल (15) पुत्र नोफिल 8वीं क्लास में पढ़ता था। पुलिस के अनुसार नादिल 8वीं क्लास में फेल हो गया था।

### लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस डिपार्टमेंट में व्याख्यान आयोजित

## इंटरनेट के युग में वर्चुअल ग्रंथालय कारगर साबित होगा: डॉ. सुधीर त्यागी

**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग प्रो. डॉ. यू.सी. शर्मा ने 'लाइब्रेरी सर्विस फॉर वर्चुअल कालेज एण्ड यूनिवर्सिटी' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ

- इंटरनेट पर निर्मित लाइब्रेरी के बारे में विस्तार से बताया
- इंटरनेट के माध्यम से हो सकेगा पुस्तकालयों का उपयोग




कला एवं सामाजिक विज्ञान के डीन डॉ. सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता डॉ. यूसी शर्मा एवं सभी शिक्षकों के साथ मिलकर किया। डॉ. सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता डॉ. यू.सी. शर्मा का संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ. यू.सी. शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में वर्चुअल पुस्तकालयों द्वारा डिजिटल सूचना सेवा का मुख्य फोकस सही समय पर सही जानकारी सही स्थान पर सही प्रारूप में सही उपयोगकर्ताओं तक पहुँचाना हैं। आधुनिक पुस्तकालयों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न संचार चैनलों के माध्यम से सूचना सेवाओं को डिजिटल प्रारूप में एकत्रित संगठित व संप्रेक्षित करना है ताकि उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार उत्कृष्ट सेवायें सुलभ करायी जा सकें व उन्हें दक्षतापूर्ण व्यक्तिगत व अनुदर्शी सेवायें सुलभ करायी जा सके। उन्होंने बताया कि वर्चुअल ग्रंथालय विभिन्न प्रकाशकों व स्त्रोतों से प्राप्त पूर्ण पाठ-ई-पुस्तको पूर्ण पत्रिकाओं, डाटाबेस का संग्रहण है जिसे पुस्तकालयों के उपयोगकर्ता किसी भी समय इन्टरनेट के द्वारा अपने कम्प्यूटर, लैपटॉप व अन्य पोर्टेबल उपकरणों द्वारा उपयोग कर सकतें है। वर्चुअल पुस्तकालय बिना दीवारों का पुस्तकालय हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी ने बताया कि वर्चुअल लाइब्रेरी इन्टरनेट पर निर्मित एक लाइब्रेरी है जो कि भौतिक रूप में मौजूद नही है।

उपयोगकर्ता इसके द्वारा दूरस्थ रूप से अपनी वाछिंत सूचना तक पहुंच सकते है जिससे उनके लिए भौतिक पुस्तकालय में उपस्थित हुए बिना अनुसंधान करना, अध्ययन करना व सीखना सुविधाजनक हो जाता हैं। एक वर्चुअल लाइब्रेरी विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सामग्री जैसे, पाठयक्रम, शिक्षण सामग्री, पुस्तके, पत्रिकायें व समाचार पत्र इत्यादि पारम्परिक रूप से पुस्तकालय और अन्य स्त्रोतों द्वारा दी जाने वाली सेवाओ तक ऑनलाइन या सीडी रॉम आधारित पहुंच प्रदान करती है। अंत में डॉ. सपना शर्मा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षकगण डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. जावेद खान, डॉ. सपना शर्मा उपस्थित रहें सभी विद्यार्थियों ने प्रदत्त जानकारियों को जानने में विशेष रूचि दिखाई।

## शोभित विश्वविद्यालय में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का आयोजन



**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। एसएलसीएस, शोभित विश्वविद्यालय अनुसंधान और आईपीआर सेल ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सहयोग से विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का आयोजन किया। सत्र की शुरुआत निदेशक एसएलसीएस के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद माननीय कुलपति ने आईपीआर की उपयोगिता के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मुख्य भाषण दो प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा प्रदान किया गया। जिसमें पेटेंट डिजाइन ट्रेडमार्क महानियंत्रक के सहायक नियंत्रक श्री अरुणेंद्र सिंह और सेतु मिश्रा, उपाध्यक्ष, बिजनेस रणनीति और संचालन, एन्नोबल आईपी, नोएडा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में जो भी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एवं इकोनामिक डेवलपमेंट हो रहा है उसमें बौद्धिक संपदा का विशेष महत्व है। क्योंकि देश में जितना भी इनोवेशन होगा देश उतना ही आगे जाएगा। समारोह में कुलपति प्रोफेसर जयानंद, रजिस्ट्रार डॉ.गणेश भारद्वाज और एसएलसीएस के निदेशक प्रमोद गोयल अन्य डीन और विभिन्न स्कूलों के निदेशकों के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट (डॉ.)कुलदीप कुमार और आईपीआर सेल के कॉर्डिनेटर डॉ. मोहम्मद आमिर ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सुश्री निहारिका पिलानिया द्वारा किया गया।

### सार संक्षेप

#### लाखों की नकदी सहित बैग मालिक को सौंपा

**मवाना।** सेवानिवृत्त शिक्षक तीन दिन पहले मवाना पीएनबी बैंक से पैसे निकाल कर अपने गांव सीना लौट रहे थे कि उनका नकदी व कीमती कागजातों समेत बैग रास्ते में कहीं गिर गया। इस घटना की जानकारी उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस ने नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और बैग की तलाश कर सेवानिवृत्त शिक्षक को सौंप दिया। सेवानिवृत्त शिक्षक ने शनिवार को थाने में आकर टीम का सम्मान किया। मवाना थाना क्षेत्र के गांव सीना निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जयचंद ने पुलिस को बताया कि 24 अप्रैल को मवाना स्थित पंजाब नेशनल बैंक से आवश्यक कार्यों के लिए एक लाख रुपये निकालकर वापस गांव लौट रहा था। मिल के समीप स्थित पीर के समीप उसका रुपये से भरा बैंग रास्ते में गिर गया। बैंग गिरने के जानकारी सेवानिवृत्त शिक्षक ने अपने बेटे पवन को दी। मौके पर पहुचकर पवन ने घटना की जानकारी थाना पुलिस के साथ कंट्रोल रूम 112 को दी।

#### ट्रांसफार्मर कॉयल चोरी का वांछित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मवाना।** थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर की कॉयल चोरी के मामले के वांछित को गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सुभाष सिह 21 अप्रैल को वांछित अभियुक्त जाकिर पुत्र अज्जू निवासी विजयनगर कस्बा व थाना मोदीनगर गाजियाबाद मेरठ मूल निवासी सरायघासी थाना खुर्जा नगर जिला बुलन्दशहर को मुखबिर की सूचना पर सर्विलांस टीम की मदद से लोहियानगर मण्डी समिति मेरठ से मॉल सहित गिरफ्तार किया। जाकिर पर थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 07/2024 धारा 379,411 में वांछित था। जिसे संबंधित न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

#### गृह कलह के चलते युवक ने लगाई फांसी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के थाना उत्तर के मोहल्ला ममता नगर में शनिवार को एक युवक ने गृह कलह के चलते फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि ममता नगर निवासी 40 वर्षीय मुरारी लाल पुत्र चुरामन गृह कलह से परेशान था। उसने शनिवार की प्रातः मौका लगते ही फांसी लगा ली, जिसकी जानकारी परिजनों को काफी देर बाद तब हुई जब मुरारी लाल कहीं दिखाई नहीं दिया। जब उसको ढूंढ़ा गया तो वह कमरे में फांसी पर झूल रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

#### पिकअप की टक्कर से चार साल की बालिका की मौत

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के औंछा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक पिकअप की टक्कर से चार साल की बालिका की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नगला दया के कुलदीप की पुत्री तानवी सड़क किनारे दुकान से टॉफी लेने जा रही थी,तभी एक अनियंत्रित पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। तानवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची थाना औंछा पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लिया है।

## धनंजय सिंह की सजा पर रोक से किया इनकार, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

**प्रयागराज,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। जौनपुर के पूर्व सांसद और बाहुबली नेता धनंजय सिंह को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ा झटका देते हुए स्पेशल कोर्ट की सात साल की सजा के फैसले को बरकरार रखा है। उच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद उनके चुनाव लड़ने की संभावनाएं भी समाप्त हो गयी हैं।



अभियोजन सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने धनंजय को जमानत देते हुए निचली अदालत द्वारा उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद ने निचली अदालत द्वारा अपनी सजा को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 25 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। गौरतलब है कि 6 मार्च को जौनपुर की एक विशेष अदालत ने धनंजय सिंह और उनके सहयोगियों को लगभग चार साल पुराने अपहरण और रंगदारी के मामले में सात साल के कठोर कारावास के साथ 50,000 रुपएके जुर्माने की सजा सुनाई थी। 10 मई 2020 को जौनपुर में नमामि गंगे योजना में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत अभिनव सिंघल ने लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम सिंह के खिलाफ अपहरण, रंगदारी, आपराधिक साजिश रचने आदि के साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कराया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी की एमपी-एमएलए अदालत ने धनंजय और संतोष विक्रम सिंह को दोषी करार दिया था। फैसला सुनाते हुए अदालत ने धनंजय और विक्रम को अपहरण के लिए 07 साल कठोर कारावास के साथ 50,000 रुपए जुर्माना, 05 साल कठोर कारावास तथा 25,000 रुपए जुर्माना, 01 साल कठोर कारावास और 10,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जानबूझकर अपमान के लिए 02 साल कठोर कारावास एवं 15,000 रुपए जुर्माना एवं आपराधिक साजिश के लिए 07 साल कठोर कारावास तथा 50,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इससे पहले शनिवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धनंजय को जौनपुर जेल से बरेली जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने उन्हें बरेली जेल में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी थी जिसके बाद आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया।

### मेरे सिंदूर और मंगल सूत्र पर खतरा मंडरा रहा है : श्रीकला धनंजय सिंह



**जौनपुर।** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बरेली जेल भेजने पर उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जौनपुर लोकसभा से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी श्रीकला सिंह ने शनिवार को कहा कि यह धर्म युद्ध है, एक बहू के सिन्दूर को बचाने का समय है। मेरे सिंदूर और मंगलसूत्र पर खतरा मंडरा रहा है। पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी श्रीकला सिंह आज जौनपुर में एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होंने अभय सिंह का नाम लिए बगैर कहा कि मेरे पति के ऊपर जिन लोगों ने जानलेवा हमला किया था, वो लोग भी बदले घटनाक्रम में आज सत्ता के पाले में हैं और यह सब देखकर मुझे डर है कि ये लोग मेरे पति की हत्या का प्रयास कर सकते हैं, या उनको किसी और फर्जी मुकदमो में फंसाने का कुचक्र कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पति का गुनाह सिर्फ इतना है कि वो निर्भीक हैं, आपकी (जनता ) लड़ाई में उन्होंने कभी समझौते नहीं किए।

## कांग्रेस की नीति एससी, एसटी, ओबीसी का हक मारना : भूपेंद्र चौधरी

**बरेली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति में एससी, एसटी व ओबीसी का हक मारने की मंशा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और गठबंधन के एजेंडे में पिछड़ा वर्ग,अनुसूचित जाति और जनजाति का हक छीनकर एक वर्ग विशेष को देना है। ये मजहबी आरक्षण देकर गरीबों, पिछड़ों और अनुसूचित जाति और जनजातियों के हक की लूट करने की मंशा रखते हैं। कर्नाटक में इंडी गठबंधन ने इसकी शुरुआत भी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को यहां क्षेत्रीय मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता को इनके मंसूबों को समझना होगा और इनका बोरिया बिस्तर समेट कर इनको घर लौटा देना है। कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने दिसंबर 2006 में नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल को संबोधित करते हुए कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नवीन योजनाएं बनानी होंगी, जिसमें अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने के लिए सशक्त बनाया जाए और संसाधनों पर उनका पहला दावा होना चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि 2009 में भी तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुंबई में एक प्रेस वार्ता के दौरान इसी बयान को फिर दोहराया था। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की नीतियां भी इसी एजेंडे को लागू करने की रही हैं। श्री चौधरी ने कहा कि सपा के समर्थन वाली यूपीए सरकार ने सच्चर कमिटी की रिपोर्ट के माध्यम से यह दावा करने का प्रयास किया था कि देश में मुस्लिमों की स्थिति दलितों से भी दयनीय है, इससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम आरक्षण के लिए एक लंबे समय से पृष्ठभूमि तैयार कर रही थी।

## टैक्सी चालक के साथ मिलकर बहन ने की भाई की हत्या

**मवाना,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। बहसुमा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को हत्या की वारदात सामने आई है। जिन्होंने रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करके अपनों की जिंदगी छीन ली। गांव भडौरा में रूपए के लेन देने को लेकर बहन ने भाई के टैक्सी डाइवर के साथ मिलकर भाई की ही हत्या कर दी। शनिवार को मृतक के भाई ने थाने पर बहन सुरेखा और टैक्सी ड्राइवर अमरीश के खिलाफ थाने पर तहरीर दी। थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव भंडौरा निवासी मोनू शुक्रवार सुबह कार चालक के साथ मवाना पक्का तालाब के समीप अपनी बहन के घर गया था। दोपहर बाद मृतक मोनू की बहन सुलेखा व कार चालक अमरीश शव लेकर गांव पहुंचे तो ग्रामीणों और परिजनों में हडकप मच गया। ग्रामीणों ने मोनू की हत्या की आशंका जता थाना बहसूमा थाना पुसिल को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। परिजनों के अनुसार मोनू को शराब का आदी बताया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को मोनू की 35 वर्ष बहन सुलेख और कार चालक शुक्रवार दोपहर बाद मोनू के शव को लेकर भडौरा गांव स्थित मोनू के घर पहुचे और परिजनों के साथ ग्रामीणों को मोनू की मौत की जानकारी दी। थाना प्रभारी सुभाष सिंह का कहना है कि शव को पीएम के बाद परिजनों को सौप दिया। मृतक के भाई ने बहन और टैक्सी चालक के खिलाफ तहरीर दी है मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी।

### 12 लाख के लेन देन का लगाया आरोप

मृतक मोनू के भाई सोहनवीर ने शनिवार को मवाना थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि मोनू ने अपनी जमीन बेचकर अपनी बहन सुरेख और टैक्सी चालक को रूपए उधार दिए थे। जिसके वापसी के लिए मोनू काफी दिनों से दोनों पर दबाव दे रहा था।

## सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र संसद का हुआ चुनाव

**मवाना,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अंतर्गत संचालित सरस्वती शिशुध्विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को वंदना स्थल पर प्रधानमंत्री व अध्यक्ष पद के लिए छात्र संसद व शिशु भारती के चुनाव आयोजित किया गया, जिसमें भैया दुष्यंत, तेजस, हिमांशु, आर्यन, कुशाग्र, नवनीत एवं बहन खुशी पद के लिए दावेदार रहे। इस कार्यक्रम की शुरुआत मतदान की महत्वता को समझाते हुए की गई। फिर सभी बालकों ने मतदान किया। मतदान के लिए विद्यालय से ही चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए, जिसमें ममता, गार्गी, नीरज व मोहन रहे कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने मतदान के महत्ता को बताया।

## मतदान के अगले दिन ही मुंबई के लिए रवाना हुए अरूण गोविल

**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शुक्रवार को मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट का चुनाव सम्पन्न हो गया। क्षेत्र की जनता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और 58.7 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान पूरा होने के बाद प्रत्याशियों ने अपने अपने गणित लगाने शुरू कर दिए। उधर भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल मतदान होते ही मुंबई लौट गए। मेरठ के कैंट क्षेत्र के सर्कुलर रोड में जिस सहरावत हाउस में अरुण गोविल लोकसभा चुनाव के दौरान रुके थे। अरुण गोविल पत्नी श्रीलेखा के साथ सुबह करीब 6 बजे मुंबई के लिए रवाना हो गए। अरूण गोविल ने जरूरी काम का हवाला देते हुए मुंबई जाने की बात कही। बता दें कि मेरठ में लोकल नेताओं में बाहरी प्रत्याशी होने के चलते निराशा थी। अरूण गोविल के वीआईपी व्यवहार से क्षेत्र की जनता व भाजपाईयों में काफी नाराजगी भी थी। इसी के चलते भाजपाइयों में अन्दरूनी कलह देखी जा रही थी कि पार्टी को किसी स्थानीय नेता को टिकट देना चाहिए था। पार्टी कार्यकर्ता सालों से संगठन की सेवा में लगे थे, लेकिन बाहरी प्रत्याशी लाकर पार्टी ने उनके साथ अन्याय किया। जनता भी बार-बार शिकायत कर रही थी कि मुंबई से आए अरुण गोविल अगर चुनाव जीत गए तो वो जनता के बीच रहेंगे भी या नहीं। अब जिस तरह मतदान खत्म होते ही अरुण गोविल वापस लौटे है उससे जनता में काफी नाराजगी है। बताया जा रहा है कि भाजपा उन्हें देश में अलग-अलग सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए भेजेगी। वेसे तो आराम के लिए सभी प्रत्याशी अपने अपने आवास पर पहुंचते हैं, लेकिन अगर अरूण गोविल को अगर मुंबई ही जाना था तो कम से कम क्षेत्र की जनता व बीजेपी के जिम्मेदार लोगों से मिलकर या धन्यवाद कहकर भी जा सकते थे। ये वही सीट है जिसके प्रचार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री तक प्रचार में लगे थे। यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो मेरठ में 5 बार जनसभा कर चुके थे। ऐसे में मुंबई के कलाकार को मेरठ की जनता से किनारा करना चर्चा का विषय बना हुआ है।



फॉर्म हाउस पर सुबह से ही पसरा सन्नाटा

## दुकान में लगी आग, धमाके से छत गिरी

**मेरठ,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। शनिवार को एक दुकान में अचानक आग लग गई। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की ऊंची-

- मलबा गिरने से युवक घायल
- फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर पाया काबू



ऊंची लपटों को देखकर आसपास के लोग आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान दुकान में तेज धमाका होने के कारण दुकान की छत गिर गई और छत के मलबे में दबने से दुकान पर बैठा युवक घायल हो गया। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों ने घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह समाप्त हो गई। घटना भावनपुर थाना क्षेत्र स्थित गांव किनानगर की है। यहां

> आग से उसकी दुकान में लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया है। दमकल विभाग के अधिकारी कारणों की जांच कर रहे हैं : राहुल, दुकान मालिक

राहुल की गढ़ रोड पर मोनू जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। राहुल मेरठ के कंकरखेड़ा स्थित एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने चला गया था। दुकान पर राहुल का छोटा भाई रोहित था। तभी अचानक दुकान आग लग गई, आग लाइन के बाद रोहित दुकान से निकलने का प्रयास कर ही रहा था कि तभी दुकान में एक जोरदार धमाका हुआ और दुकान की छत भर-भरकर गिर गई। छत के मलबे की चपेट में आने से रोहित घायल हो गया। तेज धमाके की आवाज और ऊंची-ऊंची लपटों को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन तब तक आग ने अपना उग्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर दो दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. लेकिन तब तक दुकान तहस-नहस हो चुकी थी। आसपास के लोगों ने घायल रोहित को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां उसका उपचार चल रहा है।

## मुफ्त राशन नहीं, युवाओं को चाहिए रोजगार : आकाश आनंद

कौशांबी, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) संयोजक आकाश आनंद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार के बजाय मुफ्त का राशन देकर सरकार हर साल उन्हे करीब ढाई लाख रुपए का चूना लगा रही है। कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में चायल तहसील के मूरतगंज कस्बे में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये आनंद ने कहा कि भाजपा सरकार साल मे आपको 12 हज़ार रुपए का राशन मुफ्त बाट कर ढाई लाख रुपए साल का चूना लगा रही है। जनता पर लगाए गए टैक्स के रुपए से राशन दिया जाता है। महिलाओ की तरफ इशारा कर उन्होने कहा कि यदि आपके परिवार के बेटे को सरकार नौकरी दे दे तो उसको महीने मे 20 हज़ार रुपए मिलेगे, जो साल मे ढाई लाख रुपये होते है। इस तरह से भाजपा के लोग आम आदमी को शिक्षा सुरक्षा और रोजगार के नाम पर ठग रही है। उन्होने कहा कि इस सरकार मे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते है। वास्तव में सरकार युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती। केंद्र मे 50 लाख से अधिक पद खाली है। लेकिन भाजपा की नीयत साफ नहीं है। इसलिए नौकरी नहीं मिल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि इस चुनाव मे बसपा कार्यकर्ताओं को दुश्मनों से होशियार रहना है।




तीसरे चरण की पांच सीट पर चुनाव

# इंडिया गठबंधन के नवोदित प्रत्याशी राजग के सांसदों को देंगे चुनौती

**पटना,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में पांच सीट झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे। बिहार लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में होने जा रहा है। इनमें से चार सीट झंझारपुर, सुपौल, अररिया और मधेपुरा पर इंडिया गठबंधन के बैनर तले पहली बार लोकसभा के रण में उतरे प्रत्याशी, राजग के वर्तमान सांसदों को चुनौती देंगे। झंझारपुर संसदीय

■ तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में होगा मतदान



सीट पर इंडिया गठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार सुमन महासेठ पहली बार लोकसभा के रण में उतरे हैं। महासेठ इस सीट पर वर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। सुमन कुमार उर्फ सुमन कुमार महासेठ इससे पूर्व वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मधुबनी विधानसभा सीट से वीआईपी के प्रत्याशी रह चुके हैं, तब, उन्हें राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार समीर कुमार महासेठ ने हराया था।

**सुपौल संसदीय सीट से चंद्रहास चौपाल आजमा रहे किस्मत**

सुपौल संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी, सिंहेश्वर विधानसभा के विधायक चंद्रहास चौपाल पहली बार लोकसभा में अपनी किस्मत आजमाने के लिए तैयार है। चौपाल की चुनावी टक्कर इस सीट पर जदयू के वर्तमान सांसद दिलकेश्वर कामत से है। अररिया से पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री तस्लीमुद्दीन के पुत्र और जोकीहाट के विधायक शाहनवाज आलम इंडिया गठबंधन में शामिल राजद के बैनर तले पहली बार लोकसभा के चुनावी मैदान में उतरे हैं। आलम का मुकाबला इस सीट पर भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह से होगा।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अररिया संसदीय सीट से प्रदीप कुमार सिंह ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। इस सीट पर सिंह की टक्कर राजद प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री तस्लीमुद्दीन से हुई। तस्लीमुद्दीन ने सिंह को चुनावी मैदान में मात दी। तस्लीमुद्दीन के निधन के बाद अररिया लोकसभा सीट पर वर्ष 2018 में उप चुनाव हुआ। उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप सिंह का मुकाबला तस्लीमुद्दीन के बड़े पुत्र राजद प्रत्याशी सरफराज आलम से हुआ। भाजपा के सिंह को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने राजद प्रत्याशी सरफराज आलम को पराजित कर बाजी अपने नाम कर ली। इस बार के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सिंह की चुनावी टक्कर स्वर्गीय तस्लीमुद्दीन के दूसरे पुत्र राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम से होने जा रही है। मधेपुरा संसदीय सीट से भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति रहे पूर्व सांसद डॉ. रमेन्द्र कुमार यादव रवि के पुत्र और संविधान सभा के सदस्य कमलेश्वरी प्रसाद यादव के पौत्र कुमार चंद्रदीप मधेपुरा सीट से पहली बार राजद के टिकट पर चुनावी रण में उतरे हैं। चंद्रदीप की चुनावी टक्कर जदयू सांसद दिनेशचंद्र यादव से है।

ढुल्लू महतो पर अनुपमा सिंह ने साधा निशाना कहा

# वह ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं

**धनबाद,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी व बीजेपी उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर जमकर निशाना साधा है। अनुपमा ने कहा कि संसद जाने का ख्वाब देख रहे ढुल्लू महतो किसी आम व्यक्ति के घर के ड्राइंग रूम में बैठने लायक भी नहीं हैं। वह तो कभी ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को देखना भी नहीं पसंद करेंगी। मेरा चुनाव लड़ने का निर्णय सिर्फ ढुल्लू महतो जैसे चरित्र को रोकने के लिए है। ढुल्लू महतो अनुपमा सिंह के लिए कोई भी चुनौती नहीं है।

अनुपमा ने भाजपा को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि इतने सालों से धनबाद में भाजपा ने सत्ता की मलाई चखी, लेकिन अफसोस आज तक जनता के हित में कोई भी काम नहीं किया।

उन्होंने कहा कि धनबाद के लोगों की बेबसी का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि न ही यहां सुचारू सड़क की



व्यवस्था है और ना ही मूलभूत चिकित्सकीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई अच्छा अस्पताल है। जनता के हित से जुड़े कई मुद्दे आज भी ठंडे बस्ते में पड़े हैं।

अनुपमा का दावा है कि उन्हें धनबाद के लोगों का अपार प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्हें विश्वास है कि इस चुनाव में वो जीत का पताका फहराकर रहेंगी।

उन्होंने कहा कि पिछले 70 वर्षों में कांग्रेस ने जो काम किया, उसे भाजपा ने चंद वर्षों में बर्बाद कर दिया है। जनता का जीना मुहाल हो चुका है।

## भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य से उज्जवल निकम को बनाया उम्मीदवार



■ पूनम महाजन का काटा टिकट

नई दिल्ली, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा ने महाराष्ट्र के मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से आतंकवादियों और अपराधियों के खिलाफ केस लड़ने वाले मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को पार्टी का लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने इस सीट से वर्तमान सांसद पूनम महाजन का टिकट काट कर उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। पूनम महाजन पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय प्रमोद महाजन की बेटी हैं। भाजपा ने शनिवार को लोकसभा उम्मीदवार की अपनी 15वीं सूची जारी की है, जिसमें पार्टी ने एकमात्र उज्ज्वल निकम की ही उम्मीदवारी का ऐलान किया है।

आपको बता दें कि उज्जवल निकम विशेष लोक अभियोजक के तौर पर मुंबई में 1993 में हुए बम धमाके और 2008 में हुए 26/11 के आतंकी हमले के दोषियों सहित कई अन्य हाई प्रोफाइल मामले में अपराधियों और आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमा लड़ कर सजा दिलवा चुके हैं।

भाजपा ने इसके अलावा ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है, जिसमें पार्टी ने 8 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं।

पार्टी ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए तेलकोई से फकीर मोहन नायक, चंपुआ से मुरली मनोहर शर्मा, बासुदेवपुर से बनिकल्याण मोहंती, हिंडोल से सीमारानी नायक और खुर्दा से प्रशांत कुमार जगदेव सहित 8 उम्मीदवारों के नाम चौथी लिस्ट में शनिवार को घोषित किए हैं।

## कांग्रेस में महीने भर भी नहीं टिक पाए पांच बार के भाजपा सांसद रामटहल चौधरी

**रांची,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। रांची लोकसभा सीट से पांच बार सांसद रहे पूर्व भाजपा नेता रामटहल चौधरी बीते 28 मार्च को कांग्रेस में शामिल हुए थे, लेकिन वहां एक महीने भी नहीं टिक पाए। उन्होंने शनिवार को पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। चौधरी ने कहा कि वे कांग्रेस में झंडा ढोने नहीं आए थे। उन्हें आश्वस्त किया गया था कि रांची सीट पर पार्टी उन्हें उम्मीदवार बनाएगी। लेकिन पार्टी ने वादाखिलाफी कर उसे उम्मीदवार बना दिया, जो जमानत तक नहीं बचा सकती। उन्होंने कहा कि मैं मान सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं कर सकता।



टिकट न मिलने पर छोड़ी पार्टी

बता दें कि कांग्रेस ने यहां पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय को प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद से ही चौधरी नाराज चल रहे थे।

रामटहल चौधरी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली थी। तब कांग्रेस के मीडिया कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पार्टी के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर आलमगीर आलम और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी मौजूद थे।

उस वक्त प्रेस कांफ्रेंस में चौधरी ने कहा था कि वह कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं।

इसके पहले, रामटहल चौधरी ने वर्ष 2019 में भाजपा का टिकट न मिलने के बाद पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें इस चुनाव में मात्र 29 हजार 597 मत हासिल हुए थे और उनकी जमानत जब्त हो गई थी।

क्या आप कांग्रेस छोड़ने के बाद चुनाव लड़ेंगे, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि वह कार्यकर्ताओं से सलाह लेने के बाद ही इस बारे में कोई फैसला लेंगे।

## डेढ़ दर्जन दिग्गज गए हासिये पर, एनडीए-'इंडिया' ने 16 नए चेहरों को उतारा

**रांची,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। कहीं उम्र का तकाजा रहा, तो कहीं सियासी समीकरणों की उलटफेर, झारखंड में 2019 के चुनावी मुकाबले के कई बड़े योद्धाओं को इस बार दंगल शुरू होने के पहले ही दर्शकदीर्घा में बैठना पड़ा। एनडीए और 'इंडिया' ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर 16 नए उम्मीदवारों पर दांव खेला है। राज्य की उपराजधानी दुमका की लोकसभा सीट पर 47 साल में दूसरी बार है, झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन मैदान से बाहर हैं। वह 1977 से इस सीट पर लगातार लड़ते रहे और कुल आठ बार यहां से संसद पहुंचे। एक बार 1996 में उन्होंने यहां अपनी पत्नी रूपी सोरेन किस्कू को उतारा था, क्योंकि वह उस वक्त राज्यसभा के सदस्य थे। अब उनकी उम्र 80 साल है और सेहत भी ठीक नहीं है। ऐसे में उन्हें चुनाव मैदान से दूर होना पड़ा है। रांची से तीन बार सांसद रहे 75 वर्षीय सुबोधकांत सहाय 1984 से लगातार इस सीट पर लड़ते रहे हैं। इस बार भी



उन्होंने अखाड़े में उतरने के लिए जमकर तोल ठोंकी, लेकिन उनकी उम्र का हवाला देकर कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया। हालांकि पार्टी ने उनकी बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाकर उनका मान रख लिया है।

धनबाद सीट से 2009, 2014 और 2019 में लगातार तीन बार जीत दर्ज करने वाले भाजपा के सांसद पी.एन. सिंह भी उम्र के तकाजे की वजह से इस बार टिकट से वंचित रहे। लोहरदगा से लगातार तीन बार सांसद चुने गए सुदर्शन भगत, हजारीबाग से लगातार दो बार जीत दर्ज करने वाले जयंत सिन्हा और चतरा से दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह को पार्टी ने एंटी इन्कंबेंसी फैक्टर की वजह से टिकट नहीं दिया। भाजपा ने दुमका सीट पर सुनील सोरेन को उम्मीदवार घोषित कर दिया था, लेकिन बदली हुई सियासी परिस्थितियों में उनका टिकट वापस लेकर उनकी जगह सीता सोरेन को उतारा गया। हजारीबाग सीट से 2019 के चुनाव में लड़ने वाले कांग्रेस के गोपाल साहू, चतरा सीट से इसी पार्टी के मनोज यादव, राजद के सुभाष यादव, कोडरमा सीट से भाकपा माले के राजकुमार यादव जैसे दिग्गज भी अलग-अलग सियासी परिस्थितियों की वजह से इस बार चुनाव मैदान में नहीं हैं।

## शिमला संसदीय क्षेत्र से दयाल प्यारी टिकट से वंचित

**शिमला,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट के दावेदारों में दयाल प्यारी फ्रंट रनर थी। महिला होने के नाते भी दयाल प्यारी की स्थिति मजबूत थी। पर, अंतिम समय पर कांग्रेस ने कसौली के युवा विधायक विनोद सुल्तानपुरी को टिकट थमा दिया। इसी बीच ये खबर आई कि गंगू राम मुसाफिर की कांग्रेस में वापसी हो गई है। लेकिन अगले दिन ही पार्टी ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए इससे इंकार कर दिया। दरअसल, राजनीतिक घटनाक्रम सिरमौर के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा है। दयाल प्यारी को टिकट से इंकार की बड़ी वजह यही मानी जा रही है कि उनकी पृष्ठभूमि भारतीय जनता पार्टी से है। यदि राज्यसभा के चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद सरकार पर सियासी संकट पैदा नहीं हुआ होता तो भी दयाल प्यारी को टिकट दिया जा सकता था। कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में मुसाफिर का टिकट काट कर दयाल प्यारी को मैदान में उतारा था। वह 28.25

■ मुसाफिर पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में खुलकर कर रहे प्रचार

प्रतिशत वोट लेने में सफल हो गई थी, लेकिन मुसाफिर की झोली में 21.46 प्रतिशत वोट डलने से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा की रीना कश्यप ने 34.52 प्रतिशत वोट हासिल कर जीत दर्ज कर ली।

बहरहाल, दयाल प्यारी को टिकट के इंकार की वजह भाजपा की पृष्ठभूमि ही माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पच्छाद के सराहां में स्टेज पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की मौजूदगी में धक्का-मुक्की के बाद दयाल प्यारी ने अपनी ही पार्टी के नेता के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया था। उधर, मुसाफिर के घर वापसी के सफर में रोड़े की भी एक बड़ी वजह है। दरअसल, जब कांग्रेस ने मुसाफिर का टिकट काट कर दयाल प्यारी को दिया था, उस समय मुसाफिर के समर्थकों ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी। हो सकता है, शुक्ला के जहन में ये टीस भी बरकरार हो। शुक्ला ने ही दयाल प्यारी की एंट्री कांग्रेस में करवाई थी। ये अलग बात है कि मुसाफिर पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में खुलकर प्रचार कर रहे हैं, यहां तक की एक-दो मंच तो मुसाफिर व दयाल प्यारी ने एक साथ साझा भी किए हैं।

## उत्तर-पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट की बदल रही आबो-हवा

नई दिल्ली 27 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट के अंतर्गत 10 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में नरेला, बादली, रिठाला, बवाना, मुंडका, किराड़ी, सुलतानपुर माजरा, नांगलोई जाट, मंगोलपुरी और रोहिणी हैं। इन 10 विधानसभा क्षेत्रों में 9 विधानसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हैं। उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. उदित राज हैं। जोकि कांग्रेस और 'आप' के कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल मैनेजमेंट के तहत लगातार प्रेरित कर रहे हैं। उनके प्रयास से ही उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में आबो-हवा बदल रही है। हर जगह उनको भारी जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने नरेला के खेड़ा कलां गांव के अंबेडकर भवन जुलाहान चौपाल पर 'आप' और कांग्रेस की संयुक्त सभा को संबोधित कर प्रेरित किया और उन्हें बूथ लेवल मैनेजमेंट के गुर भी सीखाए। इस दौरान पूर्व विधायक नरेला जसवंत सिंह राणा, 'आप' के वरिष्ठ नेता रमेश खेड़ा और राकेश खेड़ा, बलदेव सिंह राणा, रोहिणी जिलाध्यक्ष विशाल मान और जोरा प्रधान मौजूद रहे। इन कार्यक्रमों के बीच डॉ. उदित राज सामाजिक कार्यकर्ता अजय मान को श्रद्धांजलि देने नरेला विधानसभा के नया बांस गांव पहुंचे और उनके पिता हरिपाल से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इसके अलावा वह स्वतंत्र नगर बवाना में संजय अत्री के कार्यालय पर पहुंचे, जहां उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। नरेला में लाला नंदीमल अग्रवाल धर्मशाला में संयुक्त सभा को उन्होंने संबोधित किया। इस दौरान ओपी रंगा, बलबीर सिंह, कमल खत्री, दिनेश भारद्वाज और दीपक खत्री उपस्थित रहे।



## तेलंगाना में अभिनेता बाबू मोहन व मंदा जगन्नाथ का नामांकन खारिज





हैदराबाद, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। तेलंगाना में पूर्व मंत्री और अभिनेता पी. बाबू मोहन और पूर्व सांसद मंदा जगन्नाथ का नाम उन 267 उम्मीदवारों की फेहरिस्त में है, जिनका नामांकन लोकसभा चुनाव के लिए खारिज कर दिया गया है। चुनाव अधिकारियों ने 17 लोकसभा सीटों के 626 उम्मीदवारों का नामांकन खारिज किया है।

893 उम्मीदवारों द्वारा कुल 1,488 नामांकन दाखिल किए गए, जिनमें से कई ने एक से अधिक नामांकन सेट दाखिल किए।

चुनाव आयोग के मुताबिक 1,060 नामांकन वैध पाए गए। बाबू मोहन ने वारंगल निर्वाचन क्षेत्र से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया था। हालांकि उन्होंने अपने नामांकन के साथ 10 मतदाताओं के नाम जमा किये थे, लेकिन उन्होंने अपने हस्ताक्षर नहीं किए थे।

दिलचस्प बात यह है कि बाबू मोहन 24 मार्च को के.ए. पॉल की प्रजा शांति पार्टी में शामिल हो गए।

पॉल ने बाबू मोहन को पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की और उन्हें वारंगल निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार भी घोषित किया।

अपना नामांकन दाखिल करने के बाद, बाबू मोहन ने खुलासा किया कि उन्होंने उसी दिन प्रजा शांति पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

फरवरी में उन्होंने यह कहते हुए बीजेपी से इस्तीफा दे दिया कि उन्हें दरकिनार किया जा रहा है। तेलुगु फिल्मों में कॉमेडी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अनुभवी अभिनेता ने 1990 के दशक में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में शामिल होकर राजनीति में प्रवेश किया। वह पहली बार 1998 के उप-चुनाव में एंडोले से चुने गए और 1999 में सीट बरकरार रखी।

उन्होंने तत्कालीन एकीकृत आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के मंत्रिमंडल में श्रम मंत्री के रूप में कार्य किया।

चुनाव आयोग ने नगरकुरनूल निर्वाचन क्षेत्र से मंदा जगन्नाथ का नामांकन भी खारिज कर दिया। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया था, लेकिन 'बी' फॉर्म जमा करने में असफल रहे।

नामांकन पत्र पर 10 उम्मीदवारों के हस्ताक्षर की शर्त पूरी नहीं होने के कारण उन्हें निर्दलीय चुनाव लड़ने का भी मौका नहीं मिला।

जगन्नाथ नगरकुरनूल से चार बार सांसद चुने गए। वह तीन बार टीडीपी के टिकट पर और एक बार कांग्रेस के टिकट पर चुने गए।

## मतदान जागरूकता अभियान में अमृतसर जिला लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान पर

**अमृतसर,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए की जा रही जागरूकता गतिविधियों में अमृतसर जिले ने लगातार दूसरी बार पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है।

मुख्य चुनाव कार्यालय (सीईओ) द्वारा शनिवार को जारी सूची में पंजाब में लुधियाना जिले को दूसरा और पटियाला को तीसरा स्थान मिला है। इस सूची में जिला होशियारपुर द्वारा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन तथा जिला मालेरकोटला द्वारा ईद के अवसर पर की गई विशेष गतिविधि का विशेष उल्लेख किया गया है। जिला चुनाव अधिकारी-सह-उपायुक्त, अमृतसर घनशाम थोरी ने जानकारी देते हुये कहा कि यह अमृतसर जिले के लिए गर्व की बात है कि वह लगातार दूसरी बार पहले स्थान पर रहा।



■ पंजाब में लुधियाना जिले को दूसरा और पटियाला को तीसरा स्थान मिला

सीईओ, पंजाब ने प्रत्येक जिले के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियों की एक पखवाड़े की रिपोर्ट मुख्य कार्यालय को जमा करना अनिवार्य कर दिया है। सभी जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और सोशल मीडिया इंडेक्स का मूल्यांकन करने के बाद इन जिलों की रैंकिंग की जा रही है। पहले 16 से 31 मार्च तक और अब एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित स्वीप गतिविधियों के लिए अमृतसर जिले को पहला स्थान मिला है।

इस बारे में जानकारी देते हुए 'स्वीप' कोर कमेटी के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त उपायुक्त (शहरी विकास) निकास कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए स्वीप गतिविधियां लगातार संचालित करने के विस्तृत निर्देश दिए हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए, एक जिला स्तरीय मतदाता मतदान योजना तैयार की गयी और उसके अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा, अटारी बॉर्डर, हेरिटेज स्ट्रीट और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में मेगा कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

निकस कुमार ने कहा है कि सोशल मीडिया सूचना आदान-प्रदान का सबसे लोकप्रिय तरीका है और यह चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरे जिले में स्वीप गतिविधियां संचालित कर रहा है, जिसे लगातार जिला निर्वाचन कार्यालय के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जा रहा है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, व्हाट्सएप और यू-ट्यूब की आम जनता, खासकर युवाओं तक अच्छी-खासी पहुंच है। हम वास्तव में इस कार्य को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए पूरी सोशल मीडिया टीम के आभारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में जिला प्रशासन मतदाताओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये साझा करेगा। जंडियाला विधानसभा क्षेत्र में आईईएलटीएस केंद्रों पर स्वीप टीमों द्वारा मतदाता जागरूकता सेमिनारों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। जंडियाला विधानसभा क्षेत्र की नोडल अधिकारी स्वीप इंदु मंगोत्रा ने कहा कि इन सेमिनारों का मुख्य फोकस युवा मतदाताओं को उनके मतदान के अधिकार के बारे में जागरूक करना है।

# [ अर्थ जगत ]



### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 7.34 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.79 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.53 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.33 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 7.73 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 3.55 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.36 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 3.08 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.11 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 17 प्रतिशत बढ़ा




**मुंबई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में 10707.53 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 9122 करोड़ रुपए की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

**वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में 10707.53 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया**

बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया कि मार्च 2024 को समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 19093 करोड़ रुपए रही जो मार्च 2023 में समाप्त तिमाही के 17667 करोड़ रुपए की आय की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि इस तिमाही में उसका सकल एनपीए 2.16 प्रतिशत रहा है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में यह 2.81 प्रतिशत रहा था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए मार्च 2023 की तिमाही के 0.48 प्रतिशत से घटकर 0.42 प्रतिशत पर आ गया।

बैंक के निदेशक मंडल ने मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष के लिए 10 रुपए प्रति शेयर लाभांश देने का प्रस्ताव किया है जो वार्षिक आम बैठक में अनुमोदन पर निर्भर करता है।

## वार्डविजर्ड इनोवेशंस का मुनाफा 3.97 करोड़ पर पहुंचा




*__वड़ोदरा।__ 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में 3.97 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 93.34 लाख रुपए रहा था।*

*कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को सूचित किया कि मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 128.25 करोड़ रुपए रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के यह 50.75 करोड़ रुपए रहा था।*

*कंपनी का मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सकल शुद्ध लाभ 13.43 करोड़ रुपए रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष के 8.85 करोड़ रुपए रहा था। इसी तरह से मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का कुल राजस्व 321.62 करोड़ रुपए रहा है जबकि जबकि मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में यह 239.28 करोड़ रुपए रहा था।*

## पहली तिमाही में बड़े चीनी उद्यमों का मुनाफा 4.3 फीसदी बढ़ा

*__बीजिंग।__ चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा 27 अप्रैल को जारी ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष की पहली तिमाही में बड़े चीनी उद्यमों का मुनाफा पिछले वर्ष की समान अवधि से 4.3 फीसदी अधिक रहा। इस तरह बड़े चीनी उद्यमों का मुनाफा लगातार तीन तिमाहियों में बढ़ा है, जिससे बहाल की प्रवृत्ति जारी है।*



*आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उद्यमों के राजस्व में सुधार जारी है। पहली तिमाही में बड़े चीनी उद्यमों की परिचालन आय में पिछले वर्ष की समान अवधि से 2.3 प्रतिशत की वृद्धि रही। यह वृद्धि दर पिछले वर्ष से 1.2 प्रतिशत अंक तेज रही। इस तरह मौजूदा तिमाही में राजस्व में लगातार तीन तिमाहियों में वृद्धि रही है, जिससे कॉर्पोरेट मुनाफे की निरंतर बहाली के लिए अनुकूल स्थितियां बन रही हैं।*

## छह देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति



**केंद्रीय एजेंसी एनसीईएल ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से कराएगी प्याज का निर्यात**

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार ने बांग्लादेश और पश्चिम एशिया के कुछ देशों सहित छह पड़ोसी देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। गौरतलब है कि वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों कम अनुमान के मद्देनजर पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि पड़ोसी छह देश बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज का निर्यात की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्याज का निर्यात कराएगी। इसके साथ ही सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है। केंद्रीय एजेंसियां एनसीसीएफ और नफेड स्टोर-योग्य प्याज की खरीद शुरू करने के लिए खरीद, भंडारण और किसानों के पंजीकरण का समर्थन करने के लिए एफपीओ/एफपीसी/पीएसी जैसी स्थानीय एजेंसियों को जोड़ रही हैं। मंत्रालय के मुताबिक एनसीईएल द्वारा निर्यात की जाने वाली प्याज मुख्यत: महाराष्ट्र से आती है जो देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है।

# प्रमुख आईटी कंपनियों ने एक साल में 70 हजार कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के आईटी सेवा सेक्टर में धीमी राजस्व वृद्धि के बीच, प्रमुख आईटी कंपनियों ने पिछले वित्त वर्ष में लगभग 70 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), विप्रो और टेक महिंद्रा समेत अन्य कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की। इंफोसिस ने 25,994 कर्मचारियों को निकाला, वहीं टीसीएस ने 13,249 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया। आईटी दिग्गज विप्रो ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 6,180 कर्मचारियों को नौकरी से हटाया। पूरे साल में कंपनी के

■ **इंफोसिस ने 25,994 कर्मचारियों को निकाला**

कर्मचारियों की संख्या में 24,516 की गिरावट आई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में टेक महिंद्रा के कर्मचारियों की कुल संख्या 1,45,455 थी। इसमें चौथी तिमाही में 795 और पूरे साल में 6,945 की कमी आई थी। क्रिसिल रेटिंग्स की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, देश में आईटी सेवा सेक्टर में लगातार दूसरे वर्ष धीमी राजस्व वृद्धि की संभावना है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में पांच-सात प्रतिशत होगी। चूंकि राजस्व वृद्धि धीमी रही, आईटी सेवा कंपनियों ने हायरिंग बंद कर दिया।

# पतंजलि फूड्स खरीद सकती है, पतंजलि आयुर्वेद का गैर-खाद्य उत्पादों का व्यवसाय

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। योग गुरु बाबा रामदेव के नेतृत्व वाले पतंजलि समूह की कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने बताया कि पतंजलि आयुर्वेद लि (पीएएल) के गैर-खाद्य उत्पादों के व्यवसाय के अधिग्रहण का प्रस्ताव मिला है और कंपनी इस पर विचार करने के लिऐ सिद्धांत रूप से सहमत हो गई है।

कंपनी के सूत्रों के अनुसार इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर पतंजलि फूड्स के पोर्टफोलियो में गैर खाद्य उत्पादों की एक लंबी सूची शामिल हो सकती है, जिसमें पर्सनल केयर, डेंटल केयर और होम केयर उत्पादों की एक अच्छी खासी सूची जुड़ने की संभावना है। समूह की एक विज्ञप्ति के मुताबिक पतंजिल फूड्स के निदेशक मंडल




■ **भारत में दैनिक प्रयोग की वस्तुओं के शीर्ष कारोबारियों में है पतंजलि फूड्स लिमिटेड**

(बोर्ड) ने शुक्रवार की बैठक में, पीएएल की ओर से मिले 'प्रारंभिक प्रस्ताव' पर चर्चा की। पीएएल इस समय दंतकांति, केशकांति, गोनाइल इत्यादि ब्रांडों के तहत पर्सनल केयर, हेयरकेयर ,डेंटलकेयर, हाइजीन और होमकेयर उत्पादों का कारोबार करती है। बयान में कहा गया है कि पजंजलि फूड्स के निदेशक मंडल ने किसी भी तरीके से पीएएल के गैर-खाद्य पोर्टफोलियो के साथ तालमेल बढ़ाने के सबसे कुशल तरीके का मूल्यांकन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसके लिए कंपनी के अधिकारियों को प्रस्ताव का समुचित आकलन करने, पेशेवरों को नियुक्त करने, प्रस्ताव के नियमों और शर्तों पर बातचीत करने और इसकी रिपोर्ट ऑडिट समिति और निदेशक मंडल के विचार के लिए प्रस्तुत करने को अधिकृत किया गया है।

पतंजलि फूड्स लिमिटेड ( पूर्व नाम रुचि सोया इंडस्ट्रीज ) भारत में दैनिक प्रयोग की उपभोक्ता वस्तुओं के शीर्ष कारोबारियों में है।

# इस सप्ताह 27 भारतीय स्टार्टअप्स को मिला 22.2 करोड़ डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। इस सप्ताह 27 भारतीय स्टार्टअप्स ने लगभग 22.27 करोड़ डॉलर के निवेश हासिल किए। इनट्रैकर की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इसमें सात विकास-चरण के सौदे और 17 प्रारंभिक-चरण के सौदे शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स ने जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया है। इसके पिछले सप्ताह देश में करीब 37 स्टार्टअप्स ने लगभग 31 करोड़ डॉलर जुटाए थे।

**पिछले सप्ताह देश में करीब 37 स्टार्टअप्स ने लगभग 31 करोड़ डॉलर जुटाए**

विकास-चरण के सौदे हासिल करने वाले सात स्टार्टअप्स ने इस सप्ताह फंडिंग में 15.06 करोड़ डॉलर जुटाए। वित्तीय सेवा फर्म नॉर्दर्न आर्क ने आठ करोड़ डॉलर की सबसे अधिक धनराशि हासिल की। इसके बाद नेटवर्क-एज-ए-सर्विस प्रदाता क्लाउडएक्सटेल, उद्यमों के लिए ट्रकिंग एग्रीगेटर लेट्सट्रांसपोर्ट, वित्तीय उत्पादों के लिए ऑनलाइन मार्केटप्लेस बैंकबाजार, बिजनेस, प्रॉपर्टी और स्कूल फाइनेंसिंग प्रदाता क्लिक्स कैपिटल, एग्री-फिनटेक प्लेटफॉर्म समुन्नति, और को-वर्किंग स्पेस प्रदाता स्मार्टवर्क्स ने क्रमश: 2.4 करोड़ डॉलर, 2.2 करोड़, 96 लाख, 60 लाख, 50 लाख और 40 लाख डॉलर जुटाए।

इसके अलावा, इस सप्ताह 17 स्टार्टअप्स ने पहले चरण के फंडिंग के रूप में कुल 7.208 करोड़ डॉलर की फंडिंग हासिल की। इस सूची में ओमनी-चैनल फैशन




ब्रांड लिस्क्राफ्ट को सबसे ज्यादा निवेश मिला है। इसके बाद स्पेस-टेक स्टार्टअप ध्रुव स्पेस, रियल एस्टेट और इन्फ्रा डीकार्बोनाइजेशन प्लेटफॉर्म एकेसिया, बी2सी क्रेडिट मैनेजमेंट फर्म चेक, और एक ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म प्लेन का स्थान है।

सूची में सोलर ईपीसी समाधान प्रदाता सोलोस सोलर एनर्जी, हेल्थकेयर और इंश्योरटेक फर्म फ्लैशएड; एल्डर केयर स्टार्टअप बबल टी, एक अन्य खाद्य पदार्थ प्लेटफॉर्म बोबा भाई, टिकाऊ कंटेनर लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन कंपनी मैचलॉग जैसे स्टार्टअप्स भी शामिल हैं।

## एआर-वीआर बाजार का नेतृत्व करने की चाह में मेटा को अरबों डॉलर का नुकसान

**नई दिल्ली।** मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने गेमिंग पर बड़ा दांव लगाना जारी रखा है। इस कड़ी में उसे अपने ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल (एआर-वीआर) रियलिटी डिविजन पर लगभग 4 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित कंपनी ने अपने नवीनतम तिमाही परिणामों में एआर/वीआर रियलिटी लैब्स डिवीजन में लगातार घाटा दिखाया है। गेम्स इंडस्ट्री डॉट बिज के अनुसार, कंपनी को अपने एआर/वीआर ड्रीम पर जून 2022 से प्रति माह 1 अरब डॉलर से ज्यादा की दर से नुकसान हो रहा है। कंपनी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे चल रहे प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए हमारे निवेश के चलते ऑपरेटिंग घाटा साल-दर-साल सार्थक रूप से बढ़ेगा। मेटा सीएफओ सुसान ली ने पहली तिमाही की अर्निंग कॉल पर कहा कि साल-दर-साल ऑपरेटिंग घाटे में वृद्धि हो रही है। मेटा की रियलिटी लैब्स ने 440 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज किया, लेकिन कुल मिलाकर 3.85 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। जुकरबर्ग ने कहा कि यहां शुरुआती संकेत काफी पॉजिटिव हैं, लेकिन लीडिंग एआई का निर्माण भी हमारे ऐप्स में जोड़े गए अन्य अनुभवों की तुलना में एक बड़ा उपक्रम होगा और इसमें कई साल लगने की संभावना है।

# एफपीआई की बिकवाली को बेअसर कर रहे घरेलू निवेशक

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। इक्विटी बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारी बिकवाली के असर को घरेलू फंड और खुदरा निवेशक बेअसर कर रहे हैं।

एफपीआई ने अप्रैल में अबतक भारतीय पूंजी बाजार में 6,304 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची। इस दौरान नकदी बाजार में इक्विटी बिक्री 20,525 करोड़ रुपए रही। डेट मार्केट में भी नए सिरे से बिकवाली का चलन है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि अप्रैल में डेट बिक्री 10,640 करोड़ रुपए रही। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बॉन्ड पर ब्याज दर बढ़ने से इक्विटी और डेट दोनों में एफपीआई एक बार फिर बिकवाल हो गए हैं। दस साल के बॉन्ड पर ब्याज अब लगभग 4.7 प्रतिशत है जो विदेशी निवेशकों के लिए बेहद आकर्षक है।




**अप्रैल में अबतक भारतीय पूंजी बाजार में 6,304 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची**

विजयकुमार ने कहा कि नवीनतम आंकड़ों में अमेरिका में गैर-खाद्य खुदरा महंगाई बढ़कर 3.7 प्रतिशत हो गई जबकि विशेषज्ञ 3.4 प्रतिशत की उम्मीद कर रहे थे। इसका मतलब है कि फेड द्वारा दरों में जल्द कटौती की संभावनाएं कम होती जा रही हैं। इससे बॉन्ड पर ब्याज ऊंची बनी रहेगी जिससे इक्विटी और डेट दोनों में एफपीआई बिकवाल रहेंगे।

# चुनिंदा दालों व खाद्य तेलों में घटबढ़

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर आवक सुस्त रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में चुनिंदा खाद्य तेलों और दाल दलहन की कीमतों में घटबढ़ दर्ज की गई जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव देखा गया।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिश्रित रूख रहा। सरसों तेल 367 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 480 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 266 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 293 रुपए प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 294 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। पाम आयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में चुनिंदा दालों में तेजी रही। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए और उड़द दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल उबल गई जबकि अरहर दाल और



मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 10200-10300, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल = 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# मिंत्रा इंडिया ने जारी की ट्रेंड इंडेक्स रिपोर्ट

**बेंगलुरु,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की पसंदीदा फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टेशन डेस्टिनेशन मिंत्रा ने शुक्रवार को 'मिंत्रा ट्रेंड इंडेक्स' का पहला एडिशन लॉन्च किया, जो देश में देखे गए कुछ सबसे आउटस्टैडिंग फैशन ट्रेंड्स के बारे में बताती है।

मिंत्रा ट्रेंड इंडेक्स भारत के फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल के ट्रेंड्स को दिखाता है। रिपोर्ट इस बात पर ध्यान आकर्षित करती है कि कस्टमर मिंत्रा पर किस तरह प्यार बरसा रहे हैं। पिछले 12 महीनों में लगभग 75 मिलियन यूजर्स मिंत्रा फैमिली में शामिल हुए, और उनमें से 65 प्रतिशत गैर-महानगरों से हैं, जिससे साबित होता है कि फैशन फीवर की कोई सीमा नहीं है।

मिंत्रा की चीफ बिजनेस ऑफिसर शेरोन पेस ने कहा कि मिंट्रा ट्रेंड इंडेक्स भारत में फैशन, ब्यूटी, पर्सनल केयर और लाइफस्टाइल सेगमेंट्स में कंज्यूमर ट्रेंड्स को बताता है। रिपोर्ट से साबित होता है कि देश में ट्रेंड्स को अपनाने में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है।




■ **ओवरसाइज्ड टी-शर्ट, को-ऑर्ड सेट की बढ़ी डिमांड**

■ **लगभग 75 मिलियन यूजर्स मिंत्रा फैमिली में हुए शामिल**

शेरोन ने कहा कि जब फैशन की बात आती है, तो देश बड़े पैमाने पर सेल्फ केयर और पर्सनल ग्रूमिंग को अपनाने के साथ-साथ एक्सपेरिमेंटल भी हो गया है। ये ट्रेंड्स भारत की लाइफस्टाइल चॉइस को दर्शाते हैं और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और अनोखी सर्विस के दम पर हमारे लाखों कस्टमर्स को फैशन और ब्यूटी की दुनिया से लेटेस्ट उपलब्ध कराने में हमारी भूमिका को रेखांकित करते हैं।

प्लेटफॉर्म पर मंथली एक्टिव यूजर्स ने 60 मिलियन का आंकड़ा छू लिया, जिसमें 6 मिलियन कस्टमर औसतन हर महीने प्लेटफॉर्म पर 30 बार विजिट करते हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि पुरुषों को व्हाइट, ग्रे, हल्का नीला और ऑलिव जैसे कलर पसंद हैं, जबकि महिलाओं को बेज, पीच और लैवेंडर जैसे पेस्टल कलर्स आकर्षित करते हैं। इस बीच, टाइमलेस क्लासिक्स ब्लैक और ब्लू ने अपना जादू कायम रखा हुआ है।

जनरेशन जेड पुरुषों के लिए टॉप कलर्स चॉइस में चारकोल ब्लैक, ऐश ग्रे, पीच और रस्टी ऑरेंज से लेकर बकाइन तक शामिल हैं, और जनरेशन जेड महिलाओं के लिए पसंदीदा कलर पैलेट में मेटालिक सिल्वर पिंक, रेड, लैवेंडर और न्यूट्रल टोन के कलर शामिल हैं। प्लेटफॉर्म पर प्रीमियम पेशकश लगातार बढ़ रही हैं और रनवे आइकन पर इंडियन वियर की डिमांड दोगुनी हो गई है, जबकि प्रीमियम लगेज कैटेगरी में साल-दर-साल 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## सार संक्षेप

### व्हाट्सएप पर फेवरेट चैट तक आसान होगी पहुंच

**नई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाला व्हाट्सएप कथित तौर पर एंड्रॉयड के लिए एक नए फीचर का परीक्षण कर रहा है जिसमें यूजर को एक विशेष फिल्टर की सुविधा होगी जो चैट टैब से उनके फेवरेट लिस्ट तक तुरंत पहुंच सुनिश्चित करेगा। डब्ल्यूएबीटा इंफो के मुताबिक, यह फीचर ऐप के भविष्य के अपडेट के लिए तैयार किया जा रहा है। इस नए चैट फिल्टर के साथ, यूजर्स को अपने फेवरेट कान्टेक्ट्स और ग्रुप के साथ चैट तक आसानी से पहुंचने और उन्हें प्राथमिकता देने की सुविधा मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार, यह नया टूल यूजर को अपने खास कान्टेक्ट्स और ग्रुप्स को फेवरेट के तौर पर मार्क करने की अनुमति देगा, जिससे जरूरी चैट को प्रायोरिटी देना और उन लोगों तक पहुंचना आसान हो जाएगा जिनके साथ वे अक्सर जुड़ते हैं। इस बीच, व्हाट्सएप कथित तौर पर एक नए फीचर पर काम कर रहा है जो यूजर्स को एंड्रॉयड पर स्टेटस अपडेट पर तुरंत प्रतिक्रिया देने की अनुमति देगा। क्विक रिएक्शन फीचर फॉर स्टेटस अपडेट के साथ यूजर्स स्टेटस अपडेट पर तुरंत प्रतिक्रिया दे सकेंगे।

### बॉट्स का इस्तेमाल कर क्रिएटर्स कमा रहे एक्स पर पैसा

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने शनिवार को धमकी दी कि स्पैम लाइक, रिप्लाई और डायरेक्ट मैसेज (डीएम) के लिए बॉट्स के इस्तेमाल की जांच होने तक कुछ क्रिएटर्स के लिए विज्ञापन राजस्व शेयरिंग रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग विज्ञापन से ज्यादा पैसे कमाने के लिए एक्स प्लेटफार्म पर स्पैमिंग कर रहे हैं। एक पोस्ट में, टेक अरबपति ने कहा कि क्रिएटर पेआउट्स का उद्देश्य एक्स पर हाई-क्वालिटी कंटेंट को प्रोत्साहित करना है। कुछ मामलों में हम इसका ठीक उल्टा देख रहे हैं, जहां लोग विज्ञापन से पैसा कमाने के लिए सिस्टम को स्पैम कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। मस्क ने कहा कि ऐसे क्रिएटर्स के लिए विज्ञापन राजस्व शेयरिंग को रोक दिया जाएगा। एक्स नियमित आधार पर क्रिएटर्स को भुगतान करता है। लेकिन आजकल अपने प्लेटफॉर्म पर स्पैम और पोर्न बॉट्स की बढ़ोतरी से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है। मस्क के मुताबिक, बड़े बॉट ऑपरेशन चलाने वाले लोग कंटेंट क्वालिटी को काफी हद तक कम कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने इस महीने की शुरुआत में बॉट्स हटाने की कवायद शुरू की थी।


### डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया नौ पैसे लुढ़ककर 83.37 रुपए प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.28 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया चार पैसे गिरकर 83.32 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान लिवाली होने से 83.38 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली से समर्थन पाकर यह 83.31 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा।

# खेल जगत

## टी20 में कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं है : करन

**कोलकाता।** टी20 क्रिकेट इतिहास में सर्वश्रेष्ठ रन चेज का रिकार्ड बनाने वाली पंजाब किंग्स के कप्तान कप्तान सैम करन ने कहा कि अविश्वनीय मगर हकीकत में इस जीत को देख कर लगने लगा है कि अब छोटे फार्मेट के क्रिकेट में कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं है। उन्होने कहा के लिये वह पूरी टीम को विशेषकर जॉनी ब्रेयस्टो और शंशांक को इस जीत का श्रेय देना पसंद करेंगे। दोनो ने असाधारण खेल का प्रदर्शन किया और एक विश्वनीय लक्ष्य को बेहद आसान बना दिया। ऐसा लग रहा है कि टी20 क्रिकेट बेसबॉल में तब्दील हो गया है। पंजाब के कप्तान ने कहा कि खराब फार्म से जूझ रहे ब्रेयस्टो के लिये यह मैच उनके आत्मविश्वास को वापस लाने वाला था।



# गुजरात आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष चार में वापसी करना चाहेगी

### कोहली और रजत पाटीदार के तीसरे अर्द्धशतक की बदौलत आरसीबी तीसरे स्थान पर चल रही है

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



आईपीएल 2024

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। यह विडंबना ही है कि विराट कोहली के एक शतक और तीन अर्द्धशतकों सहित अकेले कुल सबसे ज्यादा कुल 430 रन बनाने के बावजूद उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 क्रिकेट में दसवें और आखिरी स्थान पर चल रही है। विराट कोहली और रजत पाटीदार के तीसरे अर्द्धशतक की बदौलत आरसीबी ने तीसरे स्थान पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद को उसके घर में बृहस्पतिवार को 35 रन से हरा लगातार छह और कुल सातवीं

**■ कोहली और राशिद के बीच रविवार को दिलचस्प संघर्ष देखने को मिल सकता है**

हार के सिलसिले को तोड़ नौ मैचों में दूसरी जीत से मौजूदा संस्करण में अपनी चुनौती बस किसी तरह बनाए रखी है। अपने घर में अपने दूसरे मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराने के ठीक एक महीने बाद मिली जीत से विराट कोहली के बल्ले से शानदार और उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह की धारदार गेंदबाजी की बदौलत जीत की राह पर लौटी आरसीबी अब मेजबान पिछली उपविजेता गुजरात टाइटंस पर अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में रविवार को भी हरा आईपीएल में अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के मकसद से उतरेगी। इस मैच में सभी की निगाहें विराट कोहली और भारतीय क्रिकेट में उनके सही वारिस बताए जा रहे गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर रहेंगी। आरसीबी के विराट कोहली और गुजरात टाइटंस और दुनिया के सबसे चतुर अफगानी लेग स्पिनर राशिद खान के बीच रविवार को दिलचस्प संघर्ष देखने को मिल सकता है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए तीन में से दो मुकाबले गुजरात टाइटंस ने जीते हैं और रविवार को आरसीबी के पास जीत के साथ दो-दो की बराबरी का मौका होगा। गुजरात टाइटंस नौ मैचों में चार जीत और दिल्ली कैपिटल्स से दिल्ली में अपने पिछले मैच में चार रन और इससे पहले अपने घर में छह विकेट से हारने सहित नौ मैचों में चार जीत और कुल पांच हार के साथ सातवें स्थान पर है। दरअसल कप्तान हार्दिक पांडया को मुंबई इंडियंस को इस सीजन के लिए ट्रेड' किए जाने और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की एड़ी के ऑपरेशन के कारण इस सीजन के लिए उपलब्ध न होने और केन विलियमसन के टीम से जुड़ने के बावजूद फिटनेस के लिए जूझने के कारण बतौर टीम गुजरात टाइटंस का बतौर टीम संतुलन ऐसा गड़बड़ाया कि वह बराबर जीत -हार, जीत- हार के बीच ही झूलती दिखाई दी है। गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी आरसीबी और भारत के धुरंधर बल्लोबज विराट कोहली की छाया' बताए जाने वाले और खुद को बतौर बल्लेबाज ठीक उनकी तरह ढालने वाले दो अर्द्धशतक जड़ने वाले अपने कप्तान शुभमन गिल (कुल 304 रन), उनके सलामी जोड़ीदार अपने पहले अर्द्धशतक को तरस गए उनके सलामी जोड़ीदार विकेटकीपर रिद्धिमान साहा (कुल 130 रन) और एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले सधा हुआ प्रदर्शन करने वाले सई सुदर्शन (कुल 334 रन) और दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में अर्द्धशतक जड़ रंग में लौटे मौजूदा सीजन में छह मैच खेलने वाले विस्फोटक डेविड मिलर (कुल 138 रन) पर निर्भर करेगी। आरसीबी को यदि अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना अपनी उम्मीदें जिंदा रखनी है तो उसके तेज गेंदबाज बाएं हाथ के यश दयाल (कुल आठ विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल पांच विकेट), ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन (6 मैच, छह विकेट) , रीस टॉप्ले (कुल चार विकेट) के साथ उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा (तीन मैच, तीन विकेट ) और बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह (एक मैच , दो विकेट) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उसके घर में एक गेंदबाजी के रूप में किए दमदार प्रदर्शन को दोहराना होगा। आरसीबी की बल्लेबाज विराट कोहली, रजत पाटीदार (कुल 211 रन), दो-दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान फाफ डू प्लेसी (कुल 264 रन), दिनेश कार्तिक( कुल 252 रन) के साथ और अपनी रंगत पाने को जूझते सात मैचों में एक अर्द्धशतक न जड़ पाने वाले कैमरून ग्रीन (कुल 111 रन) और नौजवान फिनिशर अनुज रावत (5 मैच, 98 रन) और महिपाल लोमरर (6मैच, 80 रन) पर निर्भर है।

# मैकगर्क की आतिशी पारी से दिल्ली ने मुम्बई को हराया

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेज़र-मैकगर्क की 84 रन की तूफानी पारी और शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को आईपीएल मुकाबले में शनिवार को कड़े संघर्ष में 10 रन से हरा दिया। दिल्ली ने टॉस हारने के बाद जोरदार शुरुआत करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन का मजबूत स्कोर बनाया। मुम्बई ने लक्ष्य का ताबड़तोड़ अंदाज में पीछा किया लेकिन नौ विकेट पर 247 रन ही बना सके। दिल्ली अब 10 मैचों में पांचवीं जीत के साथ पांचवें स्थान पर आ गयी है जबकि मुम्बई को नौ मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा और इस हार के बाद वह नौंवें स्थान पर हैं।

दिल्ली की इस जीत के बाद अंतिम चार की उम्मीदें बढ़ गई हैं, हालांकि मुंबई के लिए राह अब और मुश्किल हो गई है। अब यहां से मुंबई को हर मैच हर हाल में जीतना होगा तभी अंतिम चार में पहुंचने की संभावना बन

**■ जेक फ्रेज़र-मैकगर्क की 84 रन की तूफानी पारी**
**■ अंक तालिका में दिल्ली पांचवें स्थान पर पहुंच गई**

सकती है। हालांकि इस मैच को मुंबई काफी करीब ले गई। दिल्ली अब अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है और चेन्नई अब छठे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रोहित शर्मा आठ, ईशान किशन 20 और सूर्यकुमार यादव 26 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 46 रन की तेज पारी खेली लेकिन उनके आउट होने के बाद तिलक वर्मा और टिम डेविड ने मोर्चा संभाला और कुछ बड़े शॉट खेलकर लक्ष्य का पीछा जारी रखा। डेविड 37 रन बनाकर आउट हुए जबकि तिलक पारी के आखिरी ओवर की पहली गेंद पर रन आउट हो गए। तिलक ने मुम्बई के लिए चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाये। मुम्बई आखिर 10 रन पीछे रह गयी। दिल्ली की तरफ से खलील अहमद ने दो और मुकेश कुमार तथा रसिख सलाम ने तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मैकगर्क और



अभिषेक पोरेल ने पॉवरप्ले में तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की और ओपनिंग साझेदारी में 7.3 ओवर में 114 रन ठोक डाले। मैकगर्क की आतिशी बल्लेबाजी का आलम यह था कि उन्होंने मात्र 27 गेंदों पर 84 रन में 11 चौके और छह छक्के उड़ाए। पोरेल ने 27 गेंदों पर 36 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। शाई होप ने मात्र 17 गेंदों पर पांच छक्के उड़ाते हुए 41 रन ठोके और पारी के 14वें ओवर में 180 के टीम के स्कोर पर आउट हुए। कप्तान ऋषभ पंत और ट्रिस्टन स्टब्स ने शॉट्स खेलने का क्रम जारी रखते हुए चौथे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। पंत ने 19 गेंदों पर 29 रन में दो चौके और दो छक्के लगाए। स्टब्स ने तेज गति से खेलते हुए 25 गेंदों पर 48 रन में छह चौके और दो छक्के लगाए। अक्षर पटेल छह गेंदों में एक छक्के के सहारे 11 रन बनाकर नाबाद रहे। स्टब्स ने ल्यूक वुड के पारी के 18वें ओवर में पांच चौके और एक छक्का उड़ाते हुए कुल 26 रन बटोरे। वुड चार ओवर में 68 रन लुटाकर काफी महंगे साबित हुए।

## भारतीय पुरुष कंपाउंड और मिश्रित टीम ने स्वर्ण पदक जीते

**शंघाई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की डायनामिक भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने शनिवार को यहां शंघाई विश्व कप में एस्टोनिया के



शंघाई विश्व कप

रॉबिन और लिसेल जाटमा को 158-157 से हराकर भारत के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले दिन में, प्रथमेश फुगे, प्रियांश और अभिषेक वर्मा की भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने नीदरलैंड को 238-231 से हराकर दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पुरुष कंपाउंड टीम 2011 ट्यूरिन विश्व कप में टीम यूएसए द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड से केवल 1 अंक से चूक गई। इससे पहले, परनीत कौर, अदिति स्वामी और ज्योति सुरेखा वेन्नम की विश्व चैंपियन भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने शिखर मुकाबले में इटली को 236-225 के स्कोर के साथ हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता था।

# हार्दिक पांड्या को ज्यादा तवज्जो देने की जरुरत नहीं : इरफान पठान

**मुबंई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य इरफान पठान का मानना है कि भारतीय टीम को हार्दिक पांड्या को इतना महत्व नहीं देना चाहिए। स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप में पठान ने कहा कि हार्दिक पांड्या के बारे में मैं जो महसूस करता हूं वह यह है कि भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उसे उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है, क्योंकि हमने अभी भी विश्व कप नहीं जीता है और अगर आपको लगता है कि आप एक प्राथमिक ऑलराउंडर हैं, तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रभाव डालना होगा। जहां तक ऑलराउंडर की बात है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतना प्रभाव नहीं डाला है। उन्होने कहा कि हम केवल क्षमता के बारे में सोच रहे हैं। हम आईपीएल प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बीच भ्रमित हो रहे हैं। यह एक बड़ा अंतर है। खिलाड़ी विशेष को प्राथमिकता देना बंद करें, यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया कई वर्षों से यही कर रहा है। वे वास्तव में टीम गेम को प्राथमिकता दे रहे हैं। किसी को सुपरस्टार बनाने की बजाय यह सोचना होगा कि टीम में हर कोई सुपरस्टार है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत पाएंगे। भारतीय टीम में फिनिशर और तेज गेंदबाज के बारे में उन्होने कहा कि जब विश्व कप की बात आती है तो मैं वास्तव में इसी चीज़ से डरा हुआ रहता हूँ। शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी का हमने काफी हद तक समाधान कर लिया है। हमने बीच के ओवरों में भी काफी अच्छा प्रदर्शन



किसी को सुपरस्टार बनाने की बजाय यह सोचना होगा कि टीम में हर कोई सुपरस्टार है : इरफान पठान

किया। अगर हम सोच रहे हैं कि रवींद्र जड़ेजा सातवें नंबर का बल्लेबाज है, तो आपको एक अच्छे फिनिशर की जरूरत है। जहां तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्ट्राइक रेट की बात है तो उनके आंकड़े उतने अच्छे नहीं हैं। इसलिए वहां मेरे लिए और तेज गेंदबाजी के लिए चिंता का विषय है। उन्होने कहा कि बुमराह के अलावा, अगर मैं आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों को देखता हूं, जो पिछली दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला में आईपीएल से पहले खेले थे, तो उनकी संख्या उतनी अच्छी नहीं है, चाहे वह अर्शदीप हो, चाहे वह मोहम्मद सिराज हो।


## पुरुष टी20 विश्व कप टीम के चयन से पहले दिल्ली-मुम्बई मैच के लिए मुख्य चयनकर्ता अगरकर मौजूद रहे

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। सीनियर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर शनिवार दोपहर यहां अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली कैपिटल्स-मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मुकाबले के लिए उपस्थित रहे। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि अगरकर को स्टेडियम के मीडिया सेंटर के कमेंट्री बॉक्स में बैठे देखा गया। दिल्ली-मुंबई मैच के दौरान उनकी उपस्थिति का मतलब है कि टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम को



अंतिम रूप देने के लिए बैठक दिल्ली-मुंबई आईपीएल मैच खत्म होने के बाद हो सकती है। ऐसा कहा गया था कि अगरकर स्पेन में छुट्टियों से लौटने के बाद नई दिल्ली में कप्तान रोहित शर्मा से मुलाकात कर सकते हैं ताकि वेस्टइंडीज और अमेरिका में 1 जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम पर फैसला किया जा सके। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा निर्धारित सभी टीमों के लिए 15 सदस्यीय पुरुष टी20 विश्व कप टीम की घोषणा करने की कट-ऑफ तारीख 1 मई है।

## भारतीय महिला टीम ने कनाडा पर 4-1 से जोरदार जीत के साथ अभियान की शुरुआत की



उबेर कप

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। एशियाई चैंपियन भारत ने शनिवार को चीन के चेंग्दू में ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 की शानदार जीत के साथ अपने उबेर कप अभियान की शुरुआत की। शीर्ष एकल और युगल खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, अश्मिता चालिहा के नेतृत्व में युवा दल पर भारत को विजयी शुरुआत देने की जिम्मेदारी थी और बाएं हाथ की शटलर ने अपना कौशल दिखाया। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी ने अपने से 28 पायदान ऊपर कनाडा की मिशेल ली को 42 मिनट के मुकाबले में 26-24, 24-22 से हरा दिया, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने दोनों गेम में कुल छह गेम प्वाइंट बचाए। इसके बाद प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युगल जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ पर 21-12, 21-10 से जीत के साथ भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद इशरानी बरुआ ने परिणाम को संदेह से परे रखा और वेन यू झांग को केवल 29 मिनट में 21-13, 21-12 से हराकर भारत को अजेय बढ़त दिला दी। कनाडा ने अंततः अपना पहला अंक हासिल किया जब जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई ने दूसरे युगल मुकाबले में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को 21-19, 21-15 से हराया। सफल एशियाई टीम चैंपियनशिप अभियान में भारत की स्टार अनमोल खरब ने एलियाना झांग पर 21-15, 21-11 से जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। पुरुष टीम दिन के अंत में ग्रुप सी में थाईलैंड के खिलाफ अपने थॉमस कप खिताब की रक्षा की शुरुआत करेगी।

# गुकेश शुरू से ही सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनना चाहते थे : विष्णु प्रसन्ना, कोच

**चेन्नई,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। जनवरी 2019 में, दुनिया के दूसरे सबसे युवा और भारत के सबसे कम उम्र के शतरंज ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी. गुकेश ने 12 साल की उम्र में घोषणा की थी कि वह सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनना चाहेंगे और पांच साल बाद, वह अपनी महत्वाकांक्षा से एक कदम दूर है। टोरंटो में हाल ही में आयोजित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट को जीतकर, कई उच्च रेटिंग वाले खिलाड़ियों से आगे, गुकेश चीन के जीएम डिंग लिरेन के मौजूदा चैंपियन के विश्व खिताब के लिए चुनौती होंगे। जीएम विष्णु प्रसन्ना ने आईएएनएस को बताया कि ग्यारह साल के बच्चे के रूप में भी, गुकेश शतरंज कोचिंग कक्षाओं में भाग लेने के दौरान गंभीर रहता था। जबकि अन्य बच्चे शतरंज की समस्याओं का जवाब मांगते थे, गुकेश मुझसे कहते थे कि जब तक वह इसे हल नहीं कर लेते, तब तक इसका खुलासा न करें। प्रसन्ना ने कहा कि कक्षा के बाद,



ग्यारह साल के बच्चे के रूप में भी, गुकेश शतरंज कोचिंग कक्षाओं में भाग लेने के दौरान गंभीर रहता था : विष्णु प्रसन्ना, जीएम

गंभीर गुकेश चंचल हो जाएगा और अन्य बच्चों के साथ मजाक करना शुरू कर देगा। लेकिन कोचिंग सत्र के दौरान, गुकेश बहुत गंभीर और केंद्रित रहेगा। 34 वर्षीय प्रसन्ना ने 2017 में गुकेश को कोचिंग देना शुरू किया, जब उनकी ईएलओ रेटिंग लगभग 2,300 थी। शुरू से ही, गुकेश इस बात पर चर्चा करते थे कि विश्व चैंपियन कैसे बनें। प्रसन्ना ने कहा कि हम विभिन्न चालों के माध्यम से विभिन्न बोर्ड स्थितियों पर चर्चा करते थे। उनके अनुसार, लगभग 11 वर्ष की उम्र में बच्चे शतरंज की चालों और रणनीति से भरे होंगे। प्रसन्ना ने कहा कि लेकिन गुकेश अधिक स्थिति वाला खिलाड़ी था। यह एक फायदा था, वह एक स्थिति को समझने और उसके अनुसार रणनीति बनाने में सक्षम था। जब युवा गुकेश अपने कोच प्रसन्ना से जटिल स्थितियों के बारे में बात करते थे तो वे उनकी बातें ध्यान से सुनते थे।प्रसन्ना अपने युवा शिष्य की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, काम में व्यस्त रहने की परिपक्वता से बहुत प्रभावित थे। शुरुआत में वह दुनिया में सबसे कम उम्र के जीएम न बन पाने के कारण थोड़ा निराश थे और उन्होंने कहा था कि उनकी एक रात की नींद उड़ गई है।

# ओलंपिक चयन ट्रॉयल 1 और 2 हुए ख़त्म, भोपाल में होगी अब निशानेबाजों के बीच प्रतिस्पर्धा

**नई दिल्ली,** 27 अप्रैल (एजेंसियां)। राइफल/पिस्टल में पहला ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 1 और 2 यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में संपन्न हुआ और अंतिम दिन हवाई स्पर्धाओं में चार नए विजेता सामने आए। अर्जुन सिंह चीमा ने दिन का पहला फाइनल (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी2) जीता, उसके बाद ईशा सिंह (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी2), दिव्यांश सिंह पंवार (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी2) और अंत में एलावेनिल वलारिवन ने क्लिफ-हैंगर में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी2 फाइनल में बाज़ी मारी। ओएसटी के लिए क्वालीफाई करने वाले 37 निशानेबाजों में से किसी का भी पेरिस ओलंपिक टिकट अभी तक



ओलंपिक चयन ट्रायल

सुनिश्चित नहीं हुआ है और अगले महीने भोपाल में होने वाले अंतिम दो ट्रायल निश्चित रूप से रोमांचक होंगे, जिनमें सभी को भाग लेना होगा।

### एयर पिस्टल ओएसटी टी2 फाइनल

अर्जुन सिंह चीमा ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी2 फाइनल 244.6 के स्कोर के साथ जीता। रविंदर ने ट्रायल में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और 242.4 के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि वरुण तोमर तीसरे स्थान पर रहे। क्वालिफिकेशन टॉपर सरबजोत सिंह चौथे स्थान पर थे जबकि नवीन सबसे कम रैंक वाले फाइनलिस्ट थे। महिलाओं की एयर पिस्टल में, ईशा सिंह ने शानदार ट्रायल-रन का प्रदर्शन करते हुए ओएसटी टी2 फाइनल को शानदार अंदाज में जीता। पांच-सिंगल शॉट्स की पहली श्रृंखला के बाद, वह दूसरे स्थान पर रहने वाली रिदम सांगवान से एक अंक आगे थी। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, वह मजबूत होती गई और रिदम से 3.1 आगे रहकर 244.9 के अंतिम अंक के साथ समाप्त किया। अंतिम पोडियम अंक हासिल करने के लिए पलक तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि सुरभि राव और मनु भाकर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।

### एयर राइफल ओएसटी टी2 फाइनल

पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फ़ाइनल एक रोमांचक स्पर्धा देखने को मिली जहाँ शुरुआत में किस्मत तेजी से बदल गई और एक चरण में लगभग हर शॉट के साथ बढ़त बदल गई। लेकिन अंत में दिव्यांश ने ही 251.9 के प्रयास के साथ श्री कार्तिक सबरी राज से इसे हासिल किया। टी1 विजेता अर्जुन बबुता तीसरे स्थान पर रहे, जबकि संदीप सिंह और रुद्राक्ष पाटिल क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

हालांकि, दिन का सबसे रोमांचक मैच अंत में हुआ, जहां भारत की पांच सर्वश्रेष्ठ महिला एयर राइफल निशानेबाजों ने 24-शॉट के मैच-अप में एक-दूसरे पर जोरदार हमला किया। हालात इतने करीब थे कि पहली दो पांच-शॉट श्रृंखला के बाद, पांचवें रैंक वाले निशानेबाज और लीडर के बीच 0.4 का अंतर था। यह सिलसिला जारी रहा और 18वें शॉट में, जो इन फ़ाइनल का पहला एलिमिनेशन चरण था, केवल 0.7 ने लीडर को पांचवें रैंक वाले शूटर से अलग कर दिया। इसके बाद ओलंपियन एलावेनिल ने अपने पूरे अनुभव और कुछ शानदार शॉट्स का इस्तेमाल किया। रमिता ने शूट-ऑफ में तिलोत्तमा सेन को हराकर दूसरे स्थान पर आ गईं, एलावेनिल के विजयी स्कोर 251.5 से केवल 0.5 पीछे।

## सार संक्षेप

### पीजीडीएवी कॉलेज ने जाकिर हुसैन कॉलेज को हराया

**नई दिल्ली।** श्रेष्ठ यादव के तूफानी शतक और उसके बाद घातक गेंदबाजी की बदौलत पीजीडीएवी(प्रातः) कॉलेज ने द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में जाकिर हुसैन कॉलेज को 233 रनों से रौंद दिया। जाकिर हुसैन कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीजीडीएवी (प्रातः) कॉलेज ने 2 विकेट पर 272 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पीजीडीएवी कॉलेज की ओर से श्रेष्ठ पी. यादव ने सिर्फ 70 गेंदों में 172 रनों की शतकीय पारी खेली। 273 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाकिर हुसैन कॉलेज की टीम को पीजीडीएवी कॉलेज के गेंदबाजों ने 7.2 ओवर में 39 रन ढ़ेरकर मुकाबला जीत लिया ।

### वेलावन सेंथिलकुमार पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी पर सीधे गेम में जीत के साथ पेरिस में 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट बैच ओपन स्क्वैश के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीय सेंथिलकुमार ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला हांगकांग के एंडीज लिंग से होगा। इस बीच, चौथी वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में 20,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से 29 मिनट में 7-11, 7-11, 8-11 से हार गईं।

### उबेर कप : अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई

**चेंगदू (चीन)।** अश्मिता चालिहा (विश्व रैंक 53) ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली (विश्व रैंक 25) को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया।. प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है और कनाडा और 15 खिताबों के साथ आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन के बाद सिंगापुर से 30 अप्रैल को भिड़ेगी। इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया।